सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 17.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-205 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 16 जनवरी 2025
15 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## इंडियन नैवी की बढ़ी ताकत, प्रधानमंत्री ने तीन बड़े युद्धपोत देश को किया समर्पित

# भारत बन रहा प्रमुख समुद्री शक्ति : मोदी

### नौसेना को मिली तीन मेड इन इंडिया पनडुब्बी




**मुंबई।** भारतीय नौसेना के युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को बुधवार को नौसेना की गोदी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में बल में शामिल किया गया। नौसेना ने तीनों बड़े युद्धपोतों के शामिल होने को एक ऐतिहासिक अवसर करार दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति बन रहा है।

भारत को विश्व में, विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक विश्वसनीय और जिम्मेदार साझेदार के रूप में मान्यता मिल रही है। भारत विस्तारवाद के लिए नहीं, विकास के लिए काम कर रहा है। भारत ने हमेशा एक मुक्त, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि 15 जनवरी के दिन को सेना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले प्रत्येक जांबाज को मैं नमन करता हूं। मां भारती की रक्षा में जुटे हर वीर-वीरांगना को मैं बधाई देता हूं। आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। ये पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है। गर्व की बात कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, भारत विकासवाद की भावना से काम करता है। 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, ये देश की प्राथमिकताओं में से एक है। जल हो, थल हो, नभ हो, समुद्र की गहराई हो या फिर असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर रिफॉर्म किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल अनेक बड़े निर्णयों के साथ शुरू हुआ है।


### दुनिया के विध्वंसक जहाजों में शुमार आईएनएस सूरत



आईएनएस सूरत 15बी श्रेणी के गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा और अंतिम जहाज है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे परिष्कृत विध्वंसक जहाजों में शुमार है। इसमें 75 फीसदी स्वदेशी सामग्री है, जो अत्याधुनिक हथियार, सेंसर पैकेज और उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं से लैस है। आईएनएस नीलगिरी 17ए स्टील्थ फ्रिगेट प्रोजेक्ट का पहला जहाज है। इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है।

# बिहार एमएलसी उपचुनाव रिजल्ट पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

- नीतीश की मिमिक्री करने पर गई थी सुनील सिंह की सदस्यता
- राजद से निष्कासित नेता के पास थी सीट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बिहार विधान परिषद उपचुनाव के नतीजे घोषित करने पर रोक लगा दी। यह सीट पहले राजद से निष्कासित नेता सुनील कुमार सिंह के पास थी। पिछले साल 26 जुलाई को सुनील कुमार सिंह को सदन में अभद्र व्यवहार की वजह से बिहार विधान परिषद से निष्कासित कर दिया गया था। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके परिवार के करीबी माने जाने वाले नेता पर 13 फरवरी 2024 को सदन में तीखी नोकझोंक के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने का आरोप है।

सुनील कुमार सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को बताया कि सीट के लिए उपचुनाव के नतीजे 16 जनवरी को घोषित किए जा सकते हैं। इसकी वजह यह है कि चुनाव निर्विरोध हुआ है। पीठ ने कहा कि चूंकि वह पहले से ही मामले पर दलीलें सुन रही है, इसलिए इस बीच सीट के लिए कोई परिणाम घोषित नहीं किया जाना चाहिए। सिंघवी ने कहा कि कोर्ट अगस्त 2024 से निष्कासन के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई कर रही है और अगर कल अदालत याचिका को अनुमति देती है, तो यह एक अजीब स्थिति होगी, क्योंकि एक ही सीट के लिए दो उम्मीदवार होंगे। पीठ ने कहा 16 जनवरी को राज्य विधान परिषद, आचार समिति और अन्य की दलीलें सुनेंगी, जिसके बाद वह इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रखेगी। 2024 में आचार समिति की ओर से कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह को अपनी रिपोर्ट सौंपे जाने के एक दिन बाद सुनील के निष्कासन का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया था।

## न्यूज डायरी

### केजरीवाल ने नामांकन किया दाखिल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। केजरीवाल ने नामांकन दाखिल करने के बाद लोगों से काम करने वाली पार्टी को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि एक तरफ़ काम करने वाली पार्टी है और दूसरी तरफ़ गाली देने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि हम पिछले दस साल के अपने काम और आगे पाँच साल क्या करेंगे, उस पर चुनाव लड़ रहे हैं। आप नेता ने नामांकन के लिए निकलने से पहले पत्रकारों से कहा कि नई दिल्ली विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करने जा रहा हूं।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेडकर को 14 फरवरी तक गिरफ्तारी से दी राहत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी एवं गलत तरीके से ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और दिव्यांग श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ उठाने की आरोपी, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को बुधवार को 14 फरवरी तक गिरफ्तारी से राहत दी। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली खेडकर की याचिका पर दिल्ली सरकार और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को नोटिस जारी किया। मामले की सुनवाई 14 फरवरी को तय की गई है। खेडकर पर आरक्षण का लाभ लेने के लिए यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, 2022 के अपने आवेदन में गलत जानकारी देने का आरोप है।

# भ्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई में फेल रहने पर राज्यों को सुप्रीम फटकार

**राज्यों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की चेतावनी**



**नई दिल्ली।** भ्रामक विज्ञापनों और चिकित्सा दावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त है। शीर्ष कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों और चिकित्सा दावों के खिलाफ कार्रवाई में फेल साबित होने वाले राज्यों को शीर्ष कोर्ट ने फटकार लगाई है। साथ ही ऐसे राज्यों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की चेतावनी भी दी है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष आरवी अशोकन को बड़ी राहत भी दी है। अदालत ने साक्षात्कार में शीर्ष अदालत पर टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ शुरू की गई अवमानना कार्यवाही को बंद कर दिया है। पीठ ने पूर्व आईएमए अध्यक्ष के हलफनामे के साथ दी गई माफी को स्वीकार कर लिया और निर्णय लिया कि आगे कोई कार्रवाई आवश्यक नहीं है। जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा, हम यह स्पष्ट करते हैं कि किसी भी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की ओर से गैर-अनुपालन पाए जाने पर संबंधित राज्यों के खिलाफ अदालत की अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत कार्यवाही शुरू करनी पड़ सकती है। पीठ आधुनिक (एलोपैथिक) चिकित्सा को टारगेट करने वाले भ्रामक दावों और विज्ञापनों के संबंध में भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पिछले वर्ष मई में शीर्ष अदालत ने सभी राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे अपने लाइसेंसिंग अथॉरिटी के हलफनामे दाखिल करें।

# दिल्ली में कांग्रेस का नया ठिकाना

## सोनिया गांधी ने कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का किया उद्घाटन

- खरगे-राहुल और प्रियंका गांधी रहे मौजूद
- कांग्रेस का दिल्ली में नया दफ्तर 9ए, कोटला रोड पर है स्थित



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन किया। पिछले करीब पांच दशक से पार्टी का मुख्यालय '24 अकबर रोड' था। अब मुख्य विपक्षी दल का नया मुख्यालय '9ए कोटला मार्ग' पर बनाया गया है। सोनिया गांधी ने फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी मौजूद थे। इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया और नेताओं ने राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान तथा 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा..' गाया। पार्टी के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य, स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य, कांग्रेस संसदीय दल के पदाधिकारी, पार्टी के कई पदाधिकारी, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख, विभिन्न राज्यों के पार्टी के विधायक दल के नेता, सांसद, कई राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। 'इंदिरा भवन' को पार्टी और उसके नेताओं की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें प्रशासनिक, संगठनात्मक और रणनीतिक कार्यों में सहयोग करने के लिए आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। कांग्रेस के इस नए मुख्यालय का काम पिछले कई वर्षों से जारी था।

## मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में 150 लोगों की सुनीं समस्याएं

# किसी के साथ न हो अन्याय : योगी



**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद सर्द मौसम में भी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए, किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए।

गोरखनाथ मंदिर में बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक व्यक्ति से मिले। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बुधवार सुबह की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद वह मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में सीएम योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए गोवंश के रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने कई गोवंश खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

# हिरनी के जैसे घूम रही हैं आतिशी : रमेश बिधूड़ी

- चुनाव में फिर बिगड़े रमेश बिधूड़ी के बोल



**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बीच सियासी बयानबाजी जारी है। एक बार फिर कालकाजी से भाजपा के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी का विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि आतिशी दिल्ली की सड़कों पर हिरनी की तरह घूम रही हैं। इस बयान के आने के बाद चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

जानकारी के लिए बता दें कि कालकाजी विधानसभा से रमेश बिधूड़ी ने आज नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने कहा कि यहां कोई लड़ाई नहीं है। यहां बहुत बड़ी सत्ता विरोधी लहर है। लोगों ने आतिशी को विदाई दे दी है। उनके नामांकन के समय कालकाजी से 50 लोग भी नहीं थे। हम राजनीति में लोगों की सेवा करने आए हैं। अरविंद केजरीवाल की तरह झूठ बोलकर सीएम बनने नहीं आए। कालकाजी विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि यहां मुद्दे सड़क संपर्क, पानी के मुद्दे, सीवरेज के हैं। गोविंदपुरी और कालकाजी के लोग पिछले चार सालों से जिन आप-दा से परेशान हैं। हम उन मुद्दों को उठाएंगे।

## मायावती को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

# 2009 में लगाई गई मूर्तियों पर दायर जनहित याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की प्रमुख मायावती को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट बड़ी राहत मिली। शीर्ष कोर्ट ने 2009 में उनकी सरकार में लगाई गई मूर्तियों पर जांच की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि मायावती ने मुख्यमंत्री रहते हुए बजट से 2,000 करोड़ रुपये खर्च किए, जो उनके और उनकी पार्टी के चुनावी प्रतीक हाथी की मूर्तियों को स्थापित करने में खर्च किए गए थे। याचिका दो वकीलों रवि कांत और सुकुमार की ओर से दायर की गई थी। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि अधिकांश मुद्दे अब अधिकतर मुद्दे अब अप्रासंगिक हो चुके हैं। कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि चुनाव आयोग पहले ही इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि 2008-09 और 2009-10 के दौरान जब मायावती उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं, तब राज्य के बजट से 2,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, जिनका उपयोग उनकी मूर्तियों और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के चुनावी प्रतीक हाथी की मूर्तियां विभिन्न स्थानों पर स्थापित करने में किया गया।

## दिल्ली-एनसीआर में फिर ग्रैप-4 लागू



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़े वायु प्रदूषण के चलते ग्रैप-4 की पाबांदियां लागू कर दी गई हैं। इसके तहत राजमार्गों, सड़कों, फ्लाईओवरों, बिजली लाइनों, पाइपलाइनों व सार्वजनिक परियोजनाओं समेत सभी निर्माण गतिविधियों पर पाबंदी रहेगी। इलेक्ट्रिक, सीएनजी व बीएस-4 डीजल वाहनों को छोड़कर, दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर-जरूरी हल्के वाणिज्यिक वाहनों पर भी प्रतिबंध रहेगा। कारखानों, निर्माण कार्यो यातायात पर कड़ी पाबंदियां रहेगी। दिल्ली में ट्रक लोडर समेत अन्य भारी वाहनों को प्रवेश नही मिलेगा। सभी तरह के निर्माण और तोड़फोड़ कामों पर प्रतिबंध रहेगा। कच्ची सड़कों पर वहां आवागमन निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों पर रोक रहेगी। खुले में कचरा जलाने पर रोक रहेगी, पॉलीथिन और प्रदूषणकारी पदार्थो का उपयोग भी प्रतिबंधित रहता है। मौसम विभाग ने बताया कि भारतीय समयानुसार आज यानि बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे सफदरजंग इलाके में मध्यम कोहरे के साथ हवा शांत रही। वहीं जबकि न्यूनतम दृश्यता 200 मीटर और पालम में न्यूनतम दृश्यता 150 मीटर दर्ज की गई।


## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

# जवाहरलाल नेहरू ने जम्मू कश्मीर में लागू किया अनुच्छेद 370 : अमित शाह

**कलोल।** गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की स्थितियों में सुधार हुआ है। उन्होंने बुधवार को गांधीनगर जिले के कलोल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज कश्मीर में श्रीनगर के लाल चौक से कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा के गुजरने के दौरान कोई भी शरारत करने की हिम्मत नहीं करता। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर भी तंज कसे। उन्होंने कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ही थे जिन्होंने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू किया था। इसके तहत उन्होंने इस क्षेत्र को विशेष दर्जा दिया गया था। इस दौरान शाह ने मोदी सरकार की उपल्ब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने कहा, 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि भारतीयों के लिए भारत के स्वाभिमान और उसके सम्मान से बड़ा कुछ नहीं है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि एक समय था जब श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने के लिए सेना की मदद की जरूरत होती थी। लेकिन आज, जब कृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा चौक से गुजरती है तो कोई भी शरारत करने की हिम्मत नहीं करता। बता दें कि अमित शाह तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। इसी क्रम में बुधवार को उन्होंने कलोल शहर में 194 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने नक्सलवाद और आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंका

शाह ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के साणंद और कलोल सहित सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को विजयी बनाने के लिए क्षेत्र के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने अयोध्या में राममंदिर के निर्माण जैसे वादों को पूरा करने के लिए मोदी की प्रतिबद्धता के चलते भाजपा को चुना है। शाह ने कहा कि किसी को विश्वास नहीं था कि अयोध्या में राममंदिर बनेगा, लेकिन आज रामलला उस भव्य मंदिर में विराजमान हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी ही हैं जिन्होंने देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंका है।



# डीएम ने वीर नारियो, पदक विजेताओ को किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में उत्साह, उल्लास, उमंग से जिले में ÷सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस÷ मनाया गया। जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद संग वीरनारी शांति रावत और शहीद आश्रित नवाब अली को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व शहीद स्मारक पर डीएम ने देश की सुरक्षा की खातिर शहीद हुए कारगिल शहीदों को पुष्प चढ़ाकर नमन किया डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने भारतीय सशस्त्र बल वेटरन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पूर्व सैनिक देश के लिए प्रेरणा हैं। पूरे देश को आप पर गर्व है।÷उन्होंने भारतीय सशस्त्र बल सैनिकों के राष्ट्र निर्माण व इसकी रक्षा में उनके अमूल्य योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले वीर योद्धाओं की वीरांगनाओं को देखकर मन में वीरता और गर्व की अनुभूति हो रही है। वीरांगनाओं का राष्ट्र निर्माण के लिए जो समर्पण है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिक दिवस 14 जनवरी, 2017 से मनाया जा रहा है। यह दिन सेवानिवृत्त, सेवारतजनों, देश के बीच सौहार्द सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन नायकों को प्रतिबिंबित करने, स्मरण करने तथा उनका सम्मान करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की है।जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद ने बताया कि भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा ओबीई वर्ष 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे। उनके द्वारा प्रदान की सेवाओं का स्मरण करने, उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है।

## 16 जनवरी से 18 जनवरी तक कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में भीषण ठंड, शीतलहर और कोहरे को देखते हुए एक बार फिर स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ठंड और शीतलहर के चलते 16 जनवरी से 18 जनवरी तक कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया। शाम को 12वीं तक स्कूलों में भी 18 जनवरी तक के अवकाश का आदेश जारी कर दिया बता दें कि शीतकालीन अवकाश के बाद बुधवार को स्कूल खुले थे। घने कोहरे के बीच विद्यार्थी ठिठुरते हुए पहुंचे थे। अवकाश बढ़ने से छात्र-छात्राओं को राहत मिली है। 18 जनवरी यानी शनिवार तक अवकाश है। 19 जनवरी को रविवार है।

# गन्ना परिवहन में ओवरहाइट, ओवरवेटिंग रोकने को डीएम ने गठित की 09 टीमें



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी** जिले में ओवरहाइट, ओवरवेट गन्ना परिवहन पर शिकंजा कसने को प्रशासन ने कमर कस ली। गन्ना परिवहन में ओवर हाइट, ओवरवेट पर पूर्णतया अंकुश लगाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने कलेक्ट्रेट में संबंधित जिम्मेदार अफसरो संग जरूरी बैठक कर रणनीति तय की और कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम-एसपी ने चीनी मिलवार कुल 09 टीमें गठित की, जो चीनी मिलों के गेट पर तैनात रहकर ओवरहाइट और ओवरवेट ट्रकों की जांच करेगी, दोषी पाए जाने पर संबंधित वाहनों को सीज करने और जुर्माना लगाने की कार्यवाही करेगी। इन टीमों में परिवहन, पुलिस और गन्ना महकमें के जिम्मेदार अफसर शामिल रहेंगे। बैठक में तय हुआ कि प्रत्येक चीनी मिल को अपने और ट्रांसपोर्टर की ओर से यह अंडरटेकिंग देनी होगी कि ओवरहाइट और ओवरलोड गन्ना पकड़े जाने पर चीनी मिल के अध्याशी जिम्मेदार होंगे, जिस पर विधिक कार्यवाही की जाए।

## जिले में कैंपकर गठित टीमों संग कड़ी कार्यवाही करें सहायक चीनी आयुक्त : डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीसीओ वेद प्रकाश सिंह को किसी भी सूरत में गन्ना वाहनों में ओवरलोडिग न होने और सभी गन्ना क्रय केंद्रों पर गन्ना ढोने वाले वाहनों पर पीछे रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि सहायक चीनी आयुक्त जिले में कैंप करेंगे और भ्रमणशील रहकर जिले में सभी गठित टीमों संग दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए ओवरहाइट, ओवरलोडिंग करने वालों पर लगाम व रिफ्लेक्टर लगाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से एआरटीओ (प्रवर्तन और प्रशासन) अखिलेश कुमार द्विवेदी, जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकार ट्रैफिक रमेश कुमार तिवारी मौजूद रहे।

## नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था 26 से पूरे जिले में होगी लागू

सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खीरी जिले में 26 जनवरी से नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था लागू हो जाएगी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने व्यवस्था को धरातल पर लागू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। वही बिना रिफ्लेक्टर लगे चार पहिया वाहनो को भी डीजल-पेट्रोल नहीं मिलेगा। पंप स्वामी अपने पंप पर रिफ्लेक्टर की व्यवस्था और उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराए।

## दियोरिया में नहीं पकड़े जा रहे आवारा पशु




*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली** मीरगंज क्षेत्र के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसलों को आवारा पशु बर्बाद कर रहे हैं। किसान रातों में खेतों पर फसलों की रखवाली कर रहे हैं। विकास खंड मीरगंज की ग्राम पंचायत दियोरिया अब्दुल्लागंज में आवारा पशु फसल चौपट कर रहे हैं। वही दियोरिया अब्दुल्लागंज गांव के पास सिर्फ़ 2 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत चुरई दलपतपुर मे गौशाला बनी हुई है। किसानों के अनुसार आवारा पशु उनकी खेती को बर्बाद कर रहे हैं। खेतों में दिनरात पहरा देने के बावजूद भी इन पशुओं के आतंक से छुटकारा नहीं मिल रहा। इस वक्त गांव में और प्राथमिक विद्यालय के आस पास गाय, सांड ,बछड़े खुले घूम रहे हैं, जो आए दिन लोगों के खेतों में घुसने के साथ-साथ लोगों को दौड़ाते भी हैं। ग्रामीणों ने बताया इस समय गेहूं की फसल बचाने के लिए व्यक्ति खेत पर हमेशा रहता है क्योंकि कई बार छुट्टा जानवर खेत में घुसकर फसल बर्बाद कर चुके हैं। इनके उत्पात से चौपट हो रही फसलों को बचाने के लिए किसानों ने कई बार जिम्मेदारों से बात भी की, मगर आज तक किसानों की मदद के लिए तथा आवारा पशुओं को पकड़वाने के लिए किसी ने भी किसानों की फसल को बचाने का प्रयास नहीं किया है।

## ट्रक ने बाइक सवार दंपति व 2 बच्चों को रौंदा, आगरा के खेरागढ़ क्षेत्र में हुआ हादसा

**आगरा।** आगरा के खेरागढ़ में बुधवार को एक्सीडेंट हो गया. बाइक सवार पति–पत्नी और इनके दो बच्चे ट्रक की चपेट में आ गए और चारों लोग घायल हो गए हैं. इनमें पिता और बेटे की हालत गंभीर है. ट्रक जहां सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गया तो वहीं बाइक के कई टुकड़े हो गए. पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्साल भर्ती कराया गया है. जानकारी अनुसार घटना बुधवार दोपहर खेरागढ़ रोड पर बसई मार्ग पर हुई है. बाइक सवार जुगून अपनी पत्नी ज्योति और दो बेटों 9 साल के मोहित और 7 साल के रोहित के साथ आगरा से सहपऊ जा रहा था. ट्रकचालक बसई से खेरागढ़ आ रहा था वही बाइक सवार खेरागढ़ से बसई की ओर जा रहा था. इसी दौरान अनाज से भरा ट्रक अनियंत्रित हो गया और बाइक सवारों को चपेट में लेकर गड्ढे में जाकर पलट गया।

# आगरा में कोहरे और ओस के बीच फिर कड़ाके की ठंड, कक्षा 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा और आसपास के इलाकों में बुधवार की सुबह से छाये घने कोहरे की वजह से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। यातायात बहुत धीमी गति से चल रहा था। ट्रेनें घंटों की देरी से आगरा के स्टेशनों पर पहुंच रही थी। आज और कल बारिश की संभावना है। बारिश होने पर ठंड का प्रकोप और बढ़ सकता है। मकर संक्रांति के बाद ठंड कम होने लगती थी, लेकिन इस बार ऐसा होता नहीं दिख रहा। पहाड़ों पर हो रही बर्फवारी का असर मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड के रूप में सामने आ रहा है। पिछले दो सप्ताह से मौसम में लगातार उतार चढ़ाव आ रहा है। पिछले दिनों बारिश के बाद कई दिनों तक घने कोहरे का प्रकोप रहा था। इसके बाद दो-तीन दिन मौसम साफ रहा था। बुधवार की सुबह लोकर सोकर उठे तो घने कोहरे की चादर देखकर सिहर उठे। मंगलवार-बुधवार की रात 11 बजे कोहरे का प्रकोप शुरू हो गया था। कोहरे की वजह से आगरा-नोएडा और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे, आगरा-दिल्ली हाईवे, आगरा-कानपुर हाईवे, आगरा-जयपुर हाईवे तथा आगरा-ग्वालियर हाईवे तथा स्टेट हाईवे पर वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे थे। कोहरे का सबसे बुरा असर रेलगाड़ियों पर पड़ रहा है। विभिन्न रेलमार्गों से आगरा पहुंचने वाली ट्रेनें दस से 12 घंटे देरी से पहुंच रही हैं। ट्रेनों के इंतजार में स्टेशनों पर यात्रियों का इंतजार बहुत कष्टकारी साबित हो रहा है। इस बीच जिले में सभी स्कूल बुधवार से खुल गए हैं। कड़ाके की ठंड को देखते हुए माना जा रहा था कि प्रशासन कुछ दिन और स्कूलों की छुट्टी बढ़ा सकता है, लेकिन ऐसा न होने पर बेसिक, माध्यमिक और अन्य सभी बोर्डों से संबद्ध स्कूल खुल गए हैं। घने कोहरे में बच्चों को स्कूल जाते देखा गया। वही सर्दी के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने आठवीं तक के स्कूलों का अवकाश दो दिन के लिए बढ़ा दिया है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना भीरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 04/2025 धारा 2(ख)(1)/3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट में 01 नफर वांछित अभियुक्त अभिषेक तिवारी पुत्र मनोज तिवारी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है ।

## कोहरे और भीषण ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित

**लखीमपुर खीरी। लगातार** दूसरे दिन घने कोहरे और भीषण ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। बुधवार को सुबह घने कोहरे से दृश्यता शून्य हो गई। मंगलवार रात आठ बजे से कोहरा छाने लगा था। शहर में ही थोड़ी दूर तक का दिखना बंद हो गया। हाईवे के हालात तो और खराब रहे। बहुत से लोग तो थोड़ी दूर चलकर कोहरे को देख वापस लौट पड़े।कोहरे ने सर्द हवा से ठिठुर रहे लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। बुधवार को पूरा जिला घने कोहरे की चादर से ढक गया। सुबह जरूरी काम से और स्कूल जाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। कोहरे के कारण लोगों को सवारियां मिलने ने भी दिक्कत हुई। बुधवार को सुबह न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# जनपद में 24 जनवरी को यूपी दिवस के अवसर पर होगी पेंटिंग प्रतियोगिता



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि जनपद में 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस पर महाकुंभ थीम पर लाइव पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर किट्स उपलब्ध कराने वाले विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस व 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को लाइव पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसकी मुख्य थीम महाकुंभ होगी। इसी के साथ विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यालय प्रबंधकों से उनके विद्यालय के बच्चों को पेंटिंग प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने का अह्वान किया। प्रतियोगिता में जनपद के सीबीएसई, आईसीएसई, यूपी बोर्ड सहित डिग्री कॉलेजों के स्टूडेंट्स प्रतिभाग करेंगे। पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं निर्धारित धनराशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। मनीष बंसल ने बताया कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनमंच सभागार में मतदाता जागरूकता थीम पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस दौरान जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्रों पर किट्स उपलब्ध कराने वाले विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी, पुलिस अधिकारी विवेक तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, सुरेंद्र चौहान सहित संबंधित विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## आत्महत्या के लिए उकसाने वाले फाइनेंस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई को किया प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) व भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ ने फाइनेंस कंपनी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर फाइनेंस कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) व भीम आर्मी के कार्यकर्ता एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि गांव नदी फिरोज निवासी विकास और उसकी पत्नी रजनी ने आर्थिक तंगी के कारण फाइनेंस कम्पनियों से कुछ रूपये लोन पर ले रखे थे। परन्तु रोजगार अच्छा न चलने के कारण विकास व उसकी पत्नी लोन की किश्त समय पर नहीं दे पा रही थी, जिसके कारण फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारी व मैनेजर आये दिन विकास के घर पर जाकर उसके व उसकी पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार करते थे। जिसके चलते विगत् 13 जनवरी को विकास एवं उसकी पत्नी रजनी ने अपने तीनों बच्चों परी, पलक, विवेक सहित जहर खा लिया था।

## 24 घण्टे के अन्दर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**आगरा।** थाना बमरौली कटारा पुलिस द्वारा महज 24 घण्टे के अन्दर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पीड़िता अपने घर पर सो रही थी तभी गुड्डू पुत्र अली मोहम्मद निवासी बडा इकथरा ने पीड़िता को सोते हुए दबोच लिया व जबरदस्ती दुष्कर्म करने लगा। जानकारी अनुसार मगंलवार को पीड़िता द्वारा थाना बमरौली कटारा पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 14.01.2025 को सुबह करीब 3 बजे पीड़िता अपने घर पर सो रही थी तभी गुड्डू पुत्र अली मोहम्मद निवासी बडा इकथरा ने पीड़िता को सोते हुए दबोच लिया व जबरदस्ती दुष्कर्म करने लगा। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर गुड्डू पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। उपरोक्त प्रकरण में थाना बमरौली कटारा पर मु0अ0सं0 07/25 धारा 64(1)/351(2)/333 बीएनएस पंजीकृत किया गया। वही बुधवार को थाना बमरौली कटारा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों की चैंकिग/तलाश की जी रही थी। चैंकिग के दौरान पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार तत्काल कार्यवाही करते हुये अभियुक्त गुडडू पुत्र अली मोहम्मद को बडा इकथरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# टैक्स बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी शपथ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** टैक्स बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में संस्थापक अध्यक्ष शिशिर वत्स व महासचिव धर्मेन्द्र कुमार गहलौत के नेतृत्व में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। स्थानीय कोर्ट रोड स्थित आयकर कार्यलय में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के संरक्षक जेएस अरोड़ा ने अध्यक्ष शिशिर वत्स, महासचिव धर्मेंद्र कुमार गहलोत, उपाध्यक्ष रविंद्र गाँधी और खालिद खान, सहसचिव मौ.कादिर व मौ.याहिया तथा कोषाध्यक्ष शिवम बजाज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष शिशिर वत्स ने कहा कि इस वर्ष वह अपने सदस्यों के हित मे कार्य करेंगे और अपनी एसोसिएशन को प्रदेश मे एक नया स्थान देंगे। उन्होंने चुनाव अधिकारी जसविंदर सिंह अरोड़ा और हरीश अग्रवाल का आभार जताया। इस अवसर पर जसबीर सिंह अरोड़ा, राजेश वधवा, विकास शर्मा, कुलविंद्र सिंह राठौर, श्रवंन कुमार, राजीव खुराना, विपिन त्यागी, मैनपाल सिंह, राजीव खुराना, रमणिक सिंह, संजय चौधरी, मौ.सलमान, शुभम कालरा, आशीष अरोड़ा, मनीष गाँधी, रितेश बंसल, हरिओम, राम कुमार वर्मा, अटल बिहारी शर्मा, अमनजीत सिंह सेठी, अंकुर जैन, अनुज गुप्ता, दीपक पारुति, प्रियाँक शर्मा, मौ.शाहजोर, शिवम नरुला, सिकंदर मलिक, अश्वनी कुमार, बंटी सैनी, सिद्धार्थ जुनेजा, पारस टांगरा, मौ. सुहैल, अब्दुल रहमान आदि कर अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## अवैध पिस्टल रखने के आरोप में बदमाश दबोचा

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने अवैध पिस्टल रखने के मामले में वसीम उर्फ जान माडल गैंग के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल 32 बोर, एक जिन्दा कारतूस बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक असगर अली के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चैकिंग व गश्त के दौरान दबनी कब्रिस्तान से मानकमऊ जाने वाले रास्ते से वसीम उर्फ जान मॉडल गैंग के सक्रिय सदस्य फैसल पुत्र इरफान निवासी प्रताप नगर थाना मण्डी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल 32 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# जीव को भक्ति व तप का मार्ग प्रशस्त करती है खाटू श्याम कथा: स्वामी कालेन्द्रानंद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि धर्म की वेदी पर जीवन बलिदान करने से सर्वोच्च पद प्राप्त होता है। स्वामी कालेन्द्रानंद महाराज आज यहां राधा विहार स्थिम चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर में आयोजित खाटू श्याम कथा में ज्ञान की अमृत वर्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खाटू श्याम कथा जीव को भक्ति एवं तप का मार्ग प्रशस्त करती है। खाटू श्याम चरित्र से जीवन को धर्म के लिए समर्पित करने का भाव जागृत होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीव को सेवा का व्रत लेकर अपने जीवन को निस्वार्थ सेवा के लिए समर्पित करना चाहिए, जिससे जीवन में पुण्य एवं परमार्थ जागृत हो सकें। उन्होंने कहा कि जीवन का मार्ग परमात्मा तक जाने में सुलभ हो जाता है। मानव जीवन केवल पशुवत जीवन यापन कर मर जाने के लिए नहीं है, प्रत्येक व्यक्ति को अपना जीवन जन कल्याण के लिए समर्पित करना चाहिए, क्योंकि सेवा भाव से किया गया काम परमात्मा को प्रसन्न करता है इसी कारण परमात्मा ऐसे जीव पर कृपा करता है। उन्होंने कहा कि भक्ति एवं परमार्थ करने से जीव को परम पद प्राप्त होता है। इस अवसर पर मेहरचंद जैन, राजेंद्र धीमान, अश्विनी काम्बोज, सागर गुप्ता, संजय राणा, अनिल नारंग, रोहित शर्मा, बबीता, राजबाला, सरला, सुदेश, बबीता, कमला, रेखा, पूनम आदि रहे।

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के साथ दुकानदार दबोचा, 86 चरखी बरामद

**सहारनपुर।** कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वाले एक दुकानदार को दबोचकर उसके कब्जे व निशानदेही पर 86 चरखी प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है। कोतवाली सदर बाजार पुलिस द्वारा चाईनीज मांझे की बिक्री करने वालो के खिलाफताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। थाना सदर बाजार प्रभारी सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक बबलू कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चैंकिग के दौरान प्रकाश लोक कालोनी से प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री करने वाले एक दुकानदार चरणजीत उर्फ मोनू पुत्र रमेश कुमार निवासी खलासी लाईन थाना सदर बाजार को गिरफ्तार कर लिया।

# सदस्य उप्र राज्य महिला आयोग ने सर्किट हाउस एवं गभाना में की जनसुनवाई

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी द्वारा सर्किट हाउस एवं तहसील गभाना सभागार में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए महिला जनसुनवाई की गई। उन्होंने बताया कि राज्य महिला आयोग महिलाओं, बालिकाओं के अधिकार सुनिश्चित कराने के लिए, उनकी समस्याओं शिकायतों की सुनवाई करने के लिए समय-समय पर जिलों में जनसुनवाई का आयोजन करता है। जहां मौके पर ही स्थानीय विभागीय अधिकारियों के माध्यम से उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुन निराकरण कराया जाता है।



सर्किट हाउस में जनसुनवाई के दौरान तहसील कोल निवासी महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न एवं मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई जिस पर सदस्य द्वारा वन स्टॉप सेंटर एवं संबंधित थानाध्यक्ष को संयुक्त रूप से दोनों पक्षों को बुलाकर जांच करने के उपरांत समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य सुविधाएं, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, मारपीट, भूमि विवाद संबंधी 14 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर निस्तारण करा दिया गया। सदस्या ने शेष शिकायतों को मौके पर संबंधित पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। तहसील गभाना में जनसुनवाई के दौरान 03 शिकायतें प्राप्त हुई। सदस्य ने कहा कि ऐसे मामले जो आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जा सकते हैं, यथा संभव प्रयास कर उनका निपटारा किया जाए और जिन मामलों में विधिक प्रक्रिया अपनाई जानी है उनमें नियमानुसार कार्यवाही कर प्रकरणों को निस्तारित कराया जाए। सदस्या द्वारा महिला जनसुनवाई के उपरांत जिला कारागार स्थित महिला बैरक का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

# महायोगी गोरखनाथ विवि में बनेगा एक हजार की क्षमता का गर्ल्स हॉस्टल

अवधनामा संवाददाता

- निर्माण कार्य के लिए कुलपति व कुलसचिव ने किया भूमि पूजन
- अकादमिक प्रगति के साथ विश्वविद्यालय में विकसित हो रहा विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की सुविधा के लिए एक हजार की क्षमता का गर्ल्स हॉस्टल बनेगा। इसके निर्माण कार्य का भूमि पूजन बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। वैदिक मंत्रोच्चार बीच भूमि पूजन करने के बाद कुलपति ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने अपने कुलाधिपति एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अकादमिक प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर है। यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर भी विश्व स्तरीय स्वरूप में विकसित हो रहा है। इसी क्रम में यहां एक हजार छात्राओं की आवासीय क्षमता वाले हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। इस हॉस्टल के बन जाने से अधिकाधिक छात्राएं सुविधाजनक तरीके से आवासित होकर अपने अध्ययन कार्य को सुचारू ढंग से आगे बढ़ा पाएंगी। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय में अकादमिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अलावा 1475 सीट का आडिटोरिम बन कर तैयार है, इसका फिनिशिंग कार्य चल रहा है। इसके साथ ही 9500 की क्षमता का स्टेडियम भी बन रहा है। भूमि पूजन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार एवं भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह, आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो. एके सिंह, इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट के साउथ एशिया निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह, बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के निदेशक डॉ. संजय माहेश्वरी, श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुशवाहा,आशीष सिंह, योगेन्द्र कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शीत लहर के दृष्टिगत नर्सरी से आठ तक की कक्षाओं का तीन दिवसीय अवकाश

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** ठंड एवं शीतलहर के कारण नर्सरी से कक्षा 8 तक के समस्त विद्यालय का तीन दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है। आशय की विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जालौन चन्द्रप्रकाश ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी जालौन द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार वर्तमान में हो रही शीतलहर सर्दी व गलन के दृष्टिगत जनपद जालौन के नर्सरी से कक्षा 08 तक संचालित समस्त बोर्डों के परिषदीय / अशासकीय सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में अध्ययनरत नर्सरी से कक्षा 08 तक के छात्र-छात्राओ का दिनाँक 16 जनवरी से दिनाँक 18 जनवरी 2025 तक का अवकाश रहेगा। इन तीन दिन के अवकाश दिवस में विद्यालयों के समस्त स्टॉफ एवं अन्य कर्मी विद्यालय में उपस्थित रहकर विभागीय एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करेगे। बेसिक शिक्षाधिकारी ने निर्देश दिया है कि उक्त आदेश का कडाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

# जिला कारागार फतेहगढ़ का निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सुनीता सैनी, सदस्य राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जिला कारागार फतेहगढ़ की नारीबंदी वास का निरीक्षण किया। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि महिला बंदियों के साथ रह रहे छोटे छोटे बच्चों को गरम कपड़े और टॉफी बिस्कुट उपहार स्वरूप दिए। माननीय सदस्या और उनके साथ आए स्टाफ के सभी सदस्यों द्वारा बंदियों के दोपहर के भोजन को स्वयं खा कर चेक किया तथा दोपहर का संपूर्ण भोजन कारागार में ही गृहण किया। कारागार की बैकरी में बने पाव, बिस्कुट और पेटीज का भी स्वाद चखा, बैकरी में बने सभी खाद्य उत्पाद की प्रशंसा की गई। हाल ही जन्मे बच्चे को उपहार स्वरूप कपड़े देकर लाड दुलार किया। जेलर गिरीश कुमार ने बताया कि हाल ही में जन्मे बच्चे के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर दी गई है। धार्मिक रीति रिवाज से सभी जन्म से संबंधित संस्कार पूर्ण किए जाएंगे। सदस्या द्वारा कारागार के भोजन की प्रशंसा की गई। निरीक्षण के दौरान अनिल चंद्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी भी साथ रहे।

# प्रज्ञा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष व सपना जिला उपाध्यक्ष बनी



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम तुर्क ललैया मे जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन की बैठक संपन्न हुई जिसमे संगठन के फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत द्वारा विद्यालय की प्रबंधक प्रज्ञा शर्मा पुत्री विनोद कुमार निवासी तुर्क ललैया को महिला मोर्चा की ग्रामीण इकाई का जिलाध्यक्ष व शिक्षिका सपना सिंह को महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष चुना गया इस मौके पर मंडल मीडिया प्रभारी डा अजय शाक्य जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत जिला सचिव हर्षित गंगवार विनोद कुमार शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**अलीगढ़।** रोरावर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर-भीमपुर के पास रेलवे लाइन पर मंगलवार शाम सात बजे के करीब एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कट कर मौत हो गई। इस हादसे की सूचना रेलवे सुपरवाइजर सुखराम ने कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद ट्रेन को रुकवाया गया। जेब में रखे मोबाइल की घंटी बजने से उसकी पहचान हुई। मृतक के भाई ने प्रेम प्रसंग में हत्या करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार इगलास क्षेत्र के गांव नगला डागुर निवासी 22 वर्षीय इदरीश पुत्र सुल्तान पिछले कुछ माह से परिजनों के साथ रोरावर क्षेत्र में नीबरी में रहकर मजदूरी करता था। मंगलवार शाम को करीब सात बजे इदरीश भीमपुर के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही रेलवेकर्मी ने ट्रेन को रूकवाने के साथ ही सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया।

# समाजवादियों ने डिंपल यादव का जन्मदिन गरीबों के बीच कंबल एवं मिष्ठान वितरित कर मनाया

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन आवास विकास के निकट नगला बाग लकूला के लोगों के बीच मानवीय और सेवा कार्यों के साथ मनाकर एक सराहनीय उदाहरण पेश किया। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के नेतृत्व में गरीबों के बीच कंबल और मिष्ठान वितरित किए गए।



इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सांसद डिंपल यादव की तस्वीर के सामने लड्डू खिलाकर और महिलाओं को माल्यार्पण कर आशीर्वाद लेकर उनका जन्मदिन मनाया। साथ ही जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने भाजपा की नीतियों की आलोचना करते हुए सपा नेताओं ने अखिलेश यादव के गरीबों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण की प्रशंसा की। सपेरा समाज द्वारा लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। इस कार्यक्रम में सपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे, जिन्होंने एकजुटता और सेवा भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम ने न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी दिया। इस मौके पर मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इजहार खान जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, , जिला सचिव एवं फ्रंटल संगठन प्रभारी रामपाल सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत, अखिल कठेरिया,अजय यादव, गोपाल यादव आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव सपेरा ने किया।

# प्लास्टिक मुक्त अभियान ग्राम पंचायत मिनवा में सफलतापूर्वक चलाया गया



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** ग्राम पंचायत मिनवा द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराना और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उपायों के प्रति जागरूक करना था। पंचायत द्वारा गांव के विभिन्न स्थानों पर सत्र आयोजित किए गए, जिसमें ग्रामीणों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पुनः उपयोग योग्य वस्त्र, कागज व अन्य सामग्री का प्रयोग करने की अपील की गई। पंचायत के सचिव , सदस्य और सरपंच ने इस अभियान की महत्ता को समझाते हुए कहा कि प्लास्टिक के कारण भूमि, जल और वायु में प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके समाधान के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। इसके तहत ग्रामवासियों से आग्रह किया गया कि वे अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करें और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें। अभियान के तहत पंचायत ने विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक कचरा एकत्र करने के लिए कचरा डिब्बों की व्यवस्था की और पुनर्चक्रण के लिए इसे सही स्थानों पर भेजने का निर्णय लिया। अभियान के अंतर्गत कई गांवों में जागरूकता रैलियां, नारेबाजी और विभिन्न प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

# पवन सिंह जिला सलाहकार बने



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** कस्बा शमशाबाद में जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत द्वारा शमशाबाद स्थित संगठन के मंडल मीडिया प्रभारी डा अजय शाक्य के क्लीनिक पर मीटिंग संपन्न हुई जिसमे पवन सिंह निवासी कौवा नगला को युवा जिला सलाहकार बनाया व कई लोगो को संगठन की सदस्यता दिलाई इस मौके पर जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत मंडल मीडिया प्रभारी डाक्टर अजय शाक्य जिला सचिव हर्षित गंगवार महिला नेत्री गीता शाक्य सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश दिवस 2025 के संबंध में बैठक संपन्न हुई



अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0वी0के0सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में उत्तर प्रदेश दिवस 2025 के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दिनांक 24-26 जनवरी 2025 की अवधि में उत्तर प्रदेश दिवस-2025 को समारोह पूर्वक आयोजित किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश दिवस-2025 की थीम, विकास व विरासत, प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश रहेगी, 23 जनवरी 2025 को नेता सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती, 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय पर्यटन/मतदाता जागरूकता दिवस तथा दिनांक 26 जनवरी 2025 को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रमुख तिथियों में होने वाले कार्यक्रमों का माइक्रोप्लान प्रत्येक दशा में तैयार कर लिये जाये के निर्देश दिए गए साथ ही शासनादेश में उल्लिखित कतिपय विभागो का कल दिनांक 16.01.2025 को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक करा कर कार्यक्रम की पूर्ण रूपरेखा तैयार कर कार्यक्रम को भव्यता पूर्ण अयोजित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# गरीब के सहायक बने समाजसेवी ने बांटा कंबल



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गरीबी से उबरा हूं गरीबों के दर्द को भली-भांति जानता हूं। लोगों के आशीष से आज इस लायक हो पाया हूं कि लोगों के गरीबी तो नहीं लेकिन जरूरतमंदों की मदद कर उनके जीवन में कुछ खुशहाली लाने का प्रयास करता रहूंगा। उक्त बातें सहजनवां तहसील पाली ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम भिटहां निवासी बृजेश पांडेय ने शाहपुर, भिटहां के गरीब, असहाय जरूरतमंदों में कंबल वितरण के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि अगर नीयत में सच्ची समाजसेवा करने की इच्छा हो तो बिना किसी पद के भी समाज का सेवा किया जा सकता है। मैं अपने ग्राम सभा के हर उन गरीब, जरूरतमंदों की सेवा आजीवन करता रहूंगा जिन्हें वास्तव में जैसे ठंड में कंबल, बीमार होने पर दवा तथा बेटी की शादी आदि मुख्य जरूरत में सहयोग करता रहूंगा। कंबल पाने वालों में असगर अली, सुबराती, अकरम, झीनक, धर्मदेव, विनोद, फूलदेव, जगरनाथ, राम करन, श्यामदेव, भीमशंकर, बोतल सहित लगभग तीन सौ लोगों को में वितरण किया गया। वहीं कंबल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर त्रिभुवन चौबे, बेदनाथ चौबे, गिरीश चौबे, चन्द्रिका यादव, दयाराम यादव, फड़िन्द्र पाल आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर बीएसए एवं लेखाधिकारी को ज्ञापन सौंपा



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने किया। बैठक के उपरांत शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र बीएसए गौतम प्रसाद एवं लेखाधिकारी छत्रपाल वर्मा को सौंपा।

शीतलहर के चलते अवकाश बढ़ाने, स्कूल समय परिवर्तन, पेंशन पत्रावली शासन को भेजने,62 साल पर सेवानिवृत्त शिक्षकों को ग्रेच्युटी देने, लेखा पर्ची में व्याप्त अनियमितता दूर करना,चयन वेतनमान सभी पात्र शिक्षकों को देने,एफएलएन प्रशिक्षण भत्ता देने, रसोईया मानदेय, कन्वर्जन कास्ट, फलों की धनराशि एवं अतिरिक्त पोषण भत्ता का भुगतान करने एवं 87 रुपए प्रति माह बीमा कटौती वर्ष 2014 से कटौती बंद होने के बाद भी कटौती अनवरत जारी है जिस बंद किया जाए और जो अधिक कटौती हो चुकी है वह ब्याज सहित वापस की जाये। बैठक में निलंबित चल रहे निर्देश गंगवार और बीना राठौर को तत्काल बहाल करने का मुद्दा भी उठाया गया जिस बीएसए ने यथाशीघ्र बहाल करने का आश्वासन दिया।

शिक्षक भवन का कायाकल्प कराने में कार्यालय प्रमुख के.पी.सिंह का माल्यार्पण कर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।बैठक में राजेश कुमार, राकेश यादव, अमित मिश्रा, उपेंद्र गंगवार, बलवीर सिंह, मुन्ना लाल यादव शकील अहमद, लक्ष्मी देवी, अनुपम मिश्रा, सत्यभामा राठौर,शाहिद गौरी, इसरार अहमद आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली ने प्रतियोगिता के फाइनल पर किया कब्जा

अवधनामा संवाददाता



- मैन ऑफ द सीरीज कप्तान आयुष चौहान रहें
- मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री/विधायक बांसी जय प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, चेयरमैन उमा अग्रवाल व ब्लाक प्रमुख/समाजसेवी श्याम जायसवाल रहें

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी, शोहरतगढ़ के गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को का फाइनल मुकाबला दिल्ली व सिद्धार्थनगर के बीच खेला गया। जिसमें दिल्ली के कप्तान आयुष चौहान ने पहले टॉस जीतकर जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिद्धार्थनगर ने निर्धारित 20 ओवरों में से 18.3 ओवर खेलकर सभी विकेट होकर 160 रन बनायें। सिद्धार्थनगर की तरफ से प्रेम साहनी ने 68 और गोविन्द यादव ने 20 के साथ मानस सिंह ने 14 रनों का योगदान दिया। वहीं दिल्ली की तरफ गेंदबाजी में आयुष चौहान ने 07, नरेन्द्र यादव ने 02 और सक्षम राय ने 01 विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम के आर्यन चौधरी के 65, सक्षम राय ने 37 और हर्षित प्रताप ने 18 रन की बदौलत 07 विकेट खोकर निर्धारित 20 ओवर में 19.5 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया।

इस मैच का मैन ऑफ द मैच दिल्ली के आयुष चौहान को दिया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज दिल्ली के आयुष चौहान को ही दिया गया। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज दिल्ली के विकास राय और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज दिल्ली के आयुष चौहान दिया गया। वहीं बुधवार के मैच के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री/विधायक बांसी जय प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, चेयरमैन उमा अग्रवाल व ब्लाक प्रमुख/समाजसेवी श्याम जायसवाल रहें। इस मैच के अम्पायर के रूप में आशीष चौधरी व रवि कौशिक तथा स्कोरर गंगेश्वर कुशवाहा और कॉमेंटेटर के रूप में धर्मेन्द्र सिंह व प्रयाग भास्कर रहें। इस प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण रेहान ज़ादरान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी, महामंत्री चेयरमैन प्रतिनिधि शोहरतगढ़ रवि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अम्बिका त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, विपिन त्रिपाठी, मनीष श्रीवास्तव, पप्पू यादव, केशवराम यादव, संजय कौशल, राजेश उपाध्याय व सुनील अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहें।


## लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन-1 लालबाग, लखनऊ

पृ0सं0- 1546/EE-1/नि0 दिनांक- 15/01/2025

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित आपूर्ति/कार्यों हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दि0 22/01/2025 अपरान्ह 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 22/01/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सम्बन्धित कार्य की निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता जोन-1 जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (Non-Refundable) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, जो किसी भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में विदित है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा शुल्क (रू.) | धरोहर धनराशि (रू.) | कार्य/आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-प्रथम अंतर्गत राजा राम मोहन राय वार्ड में राजू कश्यप वाली गली जय प्रकाश नगर में 95 मीटर 90 एम0एम0 व्यास की पी0वी0सी0 पाइपलाइन डालने का कार्य। | 150.00 | 3000.00 | 07 दिवस |
| 2 | जोन-प्रथम अंतर्गत मीराबाई क्षेत्र स्थित ओल्ड स्पीकर नलकूप का 20 एच0पी0 मोटर एवं 9 स्टेज पम्प, नरही नलकूप नं0-1 की 15 एच0पी0 मोटर एवं 8 स्टेज पम्प एवं राजा ऑयल नलकूप का 10 एच0पी0 मोटर 6 स्टेज पम्प की मरम्मत का कार्य। | 100.00 | 2000.00 | 07 दिवस |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-1
जलकल विभाग

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट संख्या - P4973636 में त्रुटिवश मेरा नाम - MOHAMMAD SHAHID हो गया है, मेरा सही नाम - MOHAMMAD SHAHID SIDDIQi है जो मेरे सभी अन्य दस्तावेजों में दर्ज है।

**मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी**
**ग्राम - मोहनापुर, पोस्ट-घुसवाकला, तहसील - नवतनवाँ, जिला महराजगंज**
**पिन नं.- 273162, मो नं.**
**8756301078**

## सूचना

मैं विशाल सिंह पुत्र गजेन्द्र सिंह निवासी -530, अमौसी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का हूं। मेरे सभी दस्तवेज़ो में मेरा नाम विशाल सिंह चौहान ( VISHAL SINGH CHAUHAN) दर्ज है, मैने अपना नाम विशाल सिंह ( VISHAL SINGH ) से बदलकर विशाल सिंह चौहान (VISHAL SINGH CHAUHAN) रख लिया है, अब भविष्य में मुझे विशाल सिंह चौहान (VISHAL SINGH CHAUHAN) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## सूचना

मैं मोहम्मद शफ़ेक पुत्र मोहम्मद हबीब निवासी-244, निजामपुर मल्हौर,चिनहट, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का हूं। मेरे सभी दस्तवेज़ो में मेरा नाम मोहम्मद शफीक ( MOHD SHAFEEQ) दर्ज है, मैने अपना नाम मोहम्मद शफ़ेक ( MOHAMMAD SHAFEK ) से बदलकर मोहम्मद शफीक ( MOHD SHAFEEQ) रख लिया है, अब भविष्य में मुझे मोहम्मद शफीक (MOHD SHAFEEQ) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## सूचना

मैं मोहम्मद हबेब पुत्र मोहम्मद नबी निवासी-निजामपुर मल्हौर,चिनहट, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का हूं। मेरे सभी दस्तवेज़ो में मेरा नाम मोहम्मद हबीब ( MOHAMMAD HABIB) दर्ज है, मैने अपना नाम मोहम्मद हबेब ( MOHAMMAD HABEB ) से बदलकर मोहम्मद हबीब (MOHAMMAD HABIB) रख लिया है, अब भविष्य में मुझे मोहम्मद हबीब ( MOHAMMAD HABIB) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष स.11 सहारनपुर! फौजदारी निगरानी संख्या 171 सन 2023 शादाब अली खान पुत्र आफताब अली खान निवासी मकान नं0 3/1064. खानआलमपुरा, देहरादून रोड थाना जनकपुरी, सहारनपुर हाल निवासी अफजाल इंजीनियरिंग वर्क्स भगवानपुर रोड, थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर आयु 44 वर्ष (निगरानीकर्ता) बनाम....1. उत्तर प्रदेश राज्य 2. श्रीमती शादाब खानम पूर्व पत्नि शादाब अली पुत्री सनाउल्ला खान हाल नि. मकान नम्बर 3/1064, खानआलमपुरा, देहरादून रोड थाना जनकपुरी शहर सहारनपुर आयु 40 वर्ष मो.नं.7457844910 (विपक्षीगण) हरगाह वादी ने उक्त आवेदन वास्ते फौजदारी रिविजन इस न्यायालय में दायर किया है लिहाज़ा आपको हुक्म होता कि कि आप दिनांक 20 जनवरी 2025 को 10 बजे दिन असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में हाज़िर होकर उज़्र /उत्तर पत्र अपना पेश करें आपको लाज़िम है कि उक्त तिथि पर हाज़िर हो कर अपनी शहादत व दस्तावेज़ पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन की समात एक पक्षीय रूप से सुनी जाकर हुक्म मुनासिब निस्ब दर्खास्त से सादिर होगा आज 12.1.25 को मेरे द्वारा जारी हुआ।

**आज्ञा से मुंसरिम**
**प्रस्तुतकर्ता (न्याय.अपर जिला जज कक्ष स.11.सहारनपुर)**

## सूचना

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सहारनपुर। वाद संख्या 664 सन 2024 श्रीमति डोली पत्नि राहुल पुत्री श्री सुभाष नि.ग्राम भोजपुर थाना नानौता जि.सहारनपुर आ.नं. 4760 2253 8288। मोबाइल नम्बर 9634576584 (वादनी).....बनाम....राहुल पुत्र श्री विक्रम सिंह निवासी ग्राम बधेवकंदु खेड, शामली कोतवाली जिला शामली (प्रतिवादी) हरगाह वादनी ने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 13 के अन्तर्गत विवाह विच्छेद के लिये इस न्यायालय में एक आवेदन प्रस्तुत किया है लिहाज़ा आपको हुक्म होता कि आप असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में दि. 24 जनवरी 2025 को 10 बजे दिन के हाज़िर हो कर उक्त आवेदन के जवाब में अपना पक्ष प्रस्तुत करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हुक्म हाज़िर मुनासिब निस्ब दर्खास्त से सादिर होगा। आज दि. 24/12/ 2024 को मेरे द्वारा न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**प्रधान न्यायधीश परिवार न्यायालय, सहारनपुर उप्र**

अवधनामा



# मिल्कीपुर उपचुनावः सूरज चौधरी की उम्मीदवारी ने बढ़ाई सियासी गर्मी



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव ने राजनीति का पारा चढ़ा दिया है। आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने अपने उम्मीदवार के रूप में संतोष कुमार सूरज चौधरी का नाम घोषित कर सबको चौंका दिया है। कभी समाजवादी पार्टी के करीबी रहे सूरज चौधरी अब आजाद समाज पार्टी के टिकट पर मैदान में हैं, जिससे इस चुनाव का समीकरण बदलता नजर आ रहा है।सूरज चौधरी समाजवादी पार्टी के अहम चेहरों में से एक रह चुके हैं और सपा नेता अवधेश प्रसाद के करीबी माने जाते थे। लेकिन हाल ही में उन्होंने 500 समर्थकों के साथ सपा छोड़कर भीम आर्मी का दामन थाम लिया। अब वह आजाद समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। सूरज चौधरी का कहना है कि वह युवाओं और दलित समुदाय की आवाज को बुलंद करेंगे।

उनकी उम्मीदवारी ने समाजवादी पार्टी और भाजपा के लिए चुनौती बढ़ा दी है। दोनों ही दल इस चुनाव को जीतने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

सूरज चौधरी के मैदान में उतरने से चुनाव त्रिकोणीय हो गया है। तीनों प्रमुख उम्मीदवार पासी समुदाय से हैं, जिससे इस चुनाव में जातिगत समीकरण भी अहम हो गया है। आजाद समाज पार्टी ने दलित और युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए आक्रामक प्रचार शुरू कर दिया है। पार्टी का फोकस उन मुद्दों पर है, जो दलित और पिछड़े वर्गों को सीधा प्रभावित करते हैं।5 फरवरी को मतदान के बाद जनता का फैसला 10 फरवरी को सामने आएगा।

इस उपचुनाव में हर पार्टी के लिए अपनी ताकत साबित करना अहम है।सूरज चौधरी की एंट्री ने न सिर्फ मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है, बल्कि सपा और भाजपा को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर कर दिया है। अब देखना यह है कि मिल्कीपुर की जनता किसे अपना नेता चुनती है।

## मिल्कीपुर विधानसभा में नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर भाजपा नामांकन सभा का आयोजन करेगी। गुरुवार को प्रातः दस बजे विधानसभा क्षेत्र के मिल्कीपुर पेट्रोल पम्प के बगल मैदान में सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सम्बोधित करेंगे। प्रदेश सरकार के सात मंत्रियों की नामांकन सभा में मौजूदगी रहेगी। मिल्कीपुर के भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान के गुरुवार को होने वाले नामांकन को लेकर भाजपा ने तैयारियां पूरी कर ली है। नामांकन सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधानसभा के हर क्षेत्र व बाजारों से लोगों को सभा के लिए आमंत्रित किया गया है। चुनाव संचालन समिति ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। लगातार पार्टी के पदाधिकारी बैठकें करके चुनाव को लेकर रणनीति बना रहे है। जिले के पदाधिकारियों को चुनाव को लेकर विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

# सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने किया नामांकन



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने अपने आवास सहादतगंज से निकलकर नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ कचहरी में नामांकन किया । इस दौरान उनके साथ समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव पूर्व मंत्री व सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव पूर्व विधायक जयशंकर पांडे बीकापुर प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव समेत तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नामांकन के पश्चात दोपहर में विकासखंड अमानीगंज के ग्राम सभा बकौली में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया । जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मिल्कीपुर उपचुनाव जीतने का मंत्र दिया गया । पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि पूरे प्रदेश में युवा किसान महिलाएं और आमजन बेहद परेशान है महंगाई ने लोगों का जीना हराम कर दिया है ऐसे में प्रदेश सरकार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए मिल्कीपुर उपचुनाव से बेहतर कोई और मौका नहीं हो सकता । इस चुनाव को समाजवादी पार्टी जीतकर सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ मिल्कीपुर उपचुनाव में लगे हुए हैं इस बार का यह चुनाव समाजवादी पार्टी को जीतना तय है।

## विधानसभा उप निर्वाचन 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी

अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र 273 अ0जा0 के उप निर्वाचन 2025 के तहत नामांकन प्रक्रिया 10 जनवरी 2025 से शुरू हुई। रिटर्निंग ऑफिसर और उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर ने बताया कि आज, 15 जनवरी 2025 तक दो प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। इनमें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि मौलिक अधिकार पार्टी के प्रत्याशी ने एक सेट में नामांकन पत्र जमा किया।

## मकर संक्रांति पर विशाल खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर शहर के राम अंजोर साहिब बंदगी के निकट जानकी हॉस्पिटल, नाका बाईपास अयोध्या में एक विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य मकर संक्रांति के अवसर पर समाज के सभी वर्गों को एकजुट करना और समाजिक समरसता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के मुख्य सुरक्षा अधिकारी आनन्द त्रिपाठी द्वारा की गई। डॉ. एसपी शुक्ला, जो कि डॉ. लोहिया महिला पीजी कॉलेज कुचेरा के प्राचार्य हैं, ने बताया कि इस आयोजन में विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ दूर-दूर से लोग भी शामिल हुए समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खिचड़ी भोज का आनंद लिया, जो मकर संक्रांति की खुशी को साझा करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना।

## सेठ जयपुरिया के प्रधानाचार्या ने बच्चो के साथ मजीठा का किया भर्मण



**बाराबंकी।** सेठ एमआर जयपुरिया की प्रधानाचार्या मितुषी नेगी के साथ रसौली के बच्चों ने जागो री जागो बालिका शिक्षा एवं संस्कार केंद्र ग्राम मजीठा का भ्रमण किया। इस दौरान शिक्षिकाओं दीप्ति सचदेवा, प्रगति राज शुक्ला,

ईशा सिंह द्वारा सभी के साथ सामूहिक कहानी,कविता आदि मनोरंजन कार्यक्रम कर विशेष गेम विंटर-समर उठो बैठो खिलाया गया जिसमें धीरे धीरे बच्चे आउट होते गए अंत में विजयी रही प्राची को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। बेटियों से बातचीत कर बताया कि बिना शिक्षा बालिकाओं का सशक्तिकरण अधूरा है। शिक्षा आत्मनिर्भर बनाती है और जागरूकता उनकी आवाज को मजबूत करती है। बचपन में जो शिक्षा रूपी दूध पीएगी, वही जीवन में दहाड़ेगी। इसलिए जो प्रयास आप लोगों के लिए स्कूल समय के बाद में संस्थापक चंद्र प्रकाश वर्मा उर्फ आपके दादा जी और शोभा, राजिया, काजल द्वारा किया जा रहा है वह सराहनीय है। आप सभी रोज स्कूल जाएं,खूब पढ़े और आगे बढ़े आशीर्वाद रूपी कामनाओं के साथ सभी भ्रमणकारी बच्चों की ओर से बेटियों को शीतलहर से बचाव के लिए जरूरी कपड़ों का वितरण किया गया। जागो री जागो की बेटियों ने भ्रमण में आए सभी बच्चों का बस से उतरते हुए स्वागत रोली लगाकर और विदाई बिस्कुट देकर किया।

# बकाया बिल जमा करने के लिये कैम्प लगाया गया



अवधनामा संवाददाता

**जैदपुर बाराबंकी।** विकास खंड हरख के मीनापुर गांव में बुधवार को विद्युत विभाग द्वारा एकमुश्त समाधान योजना के तहत विशेष कैंप का आयोजन किया गया। एसडीओ संदीप सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कैंप में लाउड स्पीकर के माध्यम से उपभोक्ताओं को योजना के लाभों की जानकारी दी गई। कैंप में जेई मिर्जा परवेज हुसैन और उनकी टीम ने 84 हजार रुपए से अधिक की वसूली की। एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना में बकायादारों को ब्याज में भारी छूट दी जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिल रही है।

कैंप में बिजली बिल जमा करने आए प्रदुम, दीपू, विशाल सहित दर्जनों उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाया। उपभोक्ताओं ने बताया कि सरकार की इस पहल से उन्हें बड़ी राहत मिली है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एकमुश्त समाधान योजना के तहत वसूली का कार्य आगे भी जारी रहेगा।

## 13 रजब के मौके पर मस्जिदों को सजाया गया, खुशी मनाई

**जैदपुर बाराबंकी।** 13 रज्जब के दिन हजरत मौला अली के विलादत के मौके पर क़स्बे सहित ग्रामीण इलाकों में बड़ी अकीदत व एहतेराम के साथ घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर नियाज दिलाई गयी। मीलाद नज़्म का दौरान चलता रहा मस्जिदों को भी विभिन्न प्रकार की रोशनी से सजाया गया। बताते चलें कि 13 रज्जब को जहां एक तरफ सुबह से लोग मस्जिदों व घरों की साफ-सफाई मीलाद तिलावत के साथ शोआराओं ने अपना कलाम पेश किया। महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान बनाये गये। वहीं सुबह से शाम तक मिठाई फलों की खूब बिक्री होती रही। लोगों ने बड़ी अकीदत व एहतेराम के साथ नियाज़ दिलाकर एक दूसरे को शीरीनी का वितरण करते नजर आये। जेगम अब्बास, मक्की मियां हसम मेहंदी, अबु तुराब रजा आमिर अरमान जैदपुरी ताहा तुराब आदि शोआराओं ने अपने अपने कलाम पेश किये। मौलाना फरोख मेहंदी ने हज़रत मौला अली के जीवन पर रोशनी डाली। इबादत तिलावत का दौर काफी रात तक चलता रहा। साथ ही जगह जगह मजलिसों का आयोजन भी किया गया। और हजरते मौला अली के चाहने वाले अली अली की सदाओं को बुलंद करते रहे।

## केन्द्रीय मंत्री ने गुरु गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी चढ़ाकर मांगा आशीर्वाद



**महराजगंज( चौक बाजार)।** बुधवार को केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदर विधायक जयमंगल कन्नौज्जिया के साथ शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने भगवान गोरखनाथ से लोकमंगल, सभी नागरिकों के सुखमय और समृद्धमय जीवन तथा राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की। केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि ये उनका सौभाग्य है कि उन्हें बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। दो दिन मे लाखों लोगो ने यहां खिचड़ी चढाई है। पर्व और त्योहार सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते है। इसकी पवित्रता बनाए रखना भी जरूरी है। हम इस बात का भी ध्यान दें कि हमारे मंदिर और तीर्थ स्वच्छ बने रहे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा मकर संक्रांति भारत की पावन परंपरा का ऐसा पर्व है, जो सूर्य देवता को अर्पण का प्रतीक है। पूरी श्रद्धा के साथ लोग इस आयोजन के साथ जुड़ते हैं।मकर संक्रांति को उत्तर-दक्षिण, पूरब- पश्चिम में अलग-अलग नामों से मनाते हैं। ये उनका सौभाग्य है कि उन्हें बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने का पुण्य प्राप्त हुआ है।इस अवसर पर ईओ ओमप्रकाश,थानाध्यक्ष चौक रामचरण सरोज, अशोक विश्वकर्मा, छोटे जायसवाल, रामचन्द्र चौधरी, सभासद पवन बर्मा, त्रिभुवन गुप्ता,कुन्नु सिंह मौजूद रहे

## सड़क पर लेटे युवक को ट्रक ने रौंदा, दर्दनाक मौत



**निचलौल(महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के राजाबारी गांव के समीप मंगलवार की देर रात घर में दो भाइयों में कहासुनी के बाद नाराज एक युवक सड़क पर लेट गया। उसी दौरान तेज रफ्तार से गुजरी ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक की पहचान संजीत गौतम पुत्र बुंदेला निराला बताया गया। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि सूरज, राहुल व मृतक संजीत अपनी मां के साथ राजाबारी स्थित धर्मशाला में रहकर अपना भरण पोषण करते थे। मंगलवार की रात दो भाइयों में बड़े सूरज और मृतक संजीत से आपस में किसी बात को लेकर से कहासुनी होने लगी। जिससे नाराज होकर संजीत घर से निकल गया और ठूठीबारी नौतनवा मार्ग पर के समीप सड़क पर लेट गया। उसी दौरान तेज रफ्तार से जा रही एक ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक से एक मात्र दो साल लड़का है।

# मेयो मेडिकल कालेज में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** फेक न्यूज व साइबर अपराध की रोकथाम एवं पुलिस के सराहनीय कार्यों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाने के अपने अभियान में उत्तर प्रदेश पुलिस अब युवा पीढ़ी के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एवं कॉलेजो के छात्रों को भी भागीदार बनाएगी। डिजिटल वॉरियर बनाने के लिए न सिर्फ उन्हें यूपी पुलिस के एक्सपर्ट प्रशिक्षण प्रदान करेंगे बल्कि कालेजों में साइबर क्लब स्थापित कर एक शिक्षक को इसका नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। इसी कड़ी में बुधवार को बाराबंकी पुलिस द्वारा नगर कोतवाली क्षेत्र के एक निजी मेडिकल कालेज में ÷डिजिटल वॉरियर अभियान की पहल करते हुए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फेक न्यूज के खण्डन, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता एवं पुलिस के सराहनीय कार्यों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित किए जाने के लिए युवा पीढ़ी के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एवं कॉलेज के छात्रों को उ0प्र0 पुलिस का डिजिटल वॉरियर बनाए जाने के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना संजीव कुमार यादव, प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल विनय राय मय टीम, प्रभारी मीडिया सेल अंकित त्रिपाठी मय टीम, थानाध्यक्ष महिला थाना मुन्नी देवी मय टीम, मुख्य आरक्षी नीरज यादव साइबर सेल, आरक्षी राजन यादव साइबर सेल आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## भारी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ दो युवक गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**निचलौल (महराजगंज)।** पुलिस कप्तान सोमेंद्र मीणा के निर्देश पर जनपद अवेध तस्करी के रोक थाम के दृष्टिगत कोतवाली पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता हासिल हुआ है। जिसमें प्रभारी कोतवाल योगेंद्र कुमार मय हमराह वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रवण ओझा, लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव हेड कांस्टेबल अनुप यादव, कांस्टेबल शतीस यादव, कांस्टेबल नन्दलाल यादव व दीपक कुमार सहित 22वी वाहिनी के असीस्टेंट कमांडेंट मयक गुप्ता, निरीक्षक जयंता घोष, एस आई सुभाष चन्द्र बर्मन, कांस्टेबल संत नारायन यादव, का.मोनू प्रसाद तांती की संयुक्त टीम ने महा कुंभ मेले को लेकर चंदन नदी पुल के भरवलिया गांव के एसएसबी रोड पर चेकिंग के दौरान दो अदद बाइक से आ रहे युवकों के पास से भारी मात्रा में नशीली दवा की खेप बरामद की है। जिसमें प्रेक्सिको स्पॉस की 3600 कैप्सूल ( 150 पत्ता) बरामद की है। दोनों आरोपितों की पहचान विवेकानंद नंद पुत्र शंकर प्रसाद मल्ल उम्र 47 वर्ष निवासी विवेकानंद नगर सिसवा बाजार थाना कोठीभार व दूसरा शमशाद अली उर्फ आरिफ पुत्र वारिश अली उम्र करीब 23 वर्ष निवासी डगरूपुर थाना बरगदवा बताया गया। पकड़े गए।

# महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार में महिला बैरक का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जेल में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने महिला बैरक का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उनके द्वारा यह जानने की अपेक्षा की गई कि महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों कैसे रखा जाता है एवं उन्हें क्या-क्या सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं तथा उनके कौशल विकास और भविष्य निर्माण के लिए उन्हें क्या-क्या सिखाया जाता है। सदस्य को बताया गया की महिला बैंक में सभी महिला बंदियों को पौष्टिक एवं उच्च गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराया जाता है उनके स्वास्थ्य को लेकर के बहुत सतर्कता बरती जाती है और नियमित रूप से डॉक्टर का और विशेष रूप से महिला डॉक्टर का विजिट कराया जाता है। उनके पहनने आदि के लिए सभी सामान उपलब्ध कराए जाते हैं जो महिला बंदी गरीबी के कारण या अन्य कारणों से अपने घर से सामान नहीं मांगा पाती हैं उन्हें स्वयं सेवी संगठनों एवं व्यापारिक संगठनों के सहयोग से सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाती है जिसमें साड़ी, सूट, जूते चप्पल अंडर गारमेंट्स ,स्वेटर, जैकेट, शाल ,हाइजीन किट एवं कॉस्मेटिक किट तथा सैनिटेशन नैपकिन आदि शामिल है। उनके आत्मनिर्भरता हेतु कौशल विकास विकसित करने के लिए उन्हें जरी-जरदोजी, सिलाई -कढ़ाई, आसन बनाना, धूप बत्ती बनाना, कलात्मक गमले तैयार करना, पेंटिंग का काम आज सिखाया जाता है। महिला बंदियों शिक्षा एवं बच्चों की शिक्षा हेतु बेसिक शिक्षा विभाग की दो महिला सहायक शिक्षकों को नियुक्त कराया गया है जो की बच्चों की शिक्षा एवं महिला बंधिया की शिक्षा का कार्य करती है साथ ही साथ महिला बंदियों को योग आदि भी कराती हैं। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला बंदियों से यहां मिलने वाली सुविधाओं एवं परेशानियों के बारे में पूछा उस पर सभी महिलाबंदियों ने अवगत कराया कि जेल अधीक्षक श्री मिजाजी लाल एवं अन्य जेल स्टाफ हमें पूरा सहयोग करते हैं और हमें सभी सुविधाएं मुहैय्या करते हैं यहां हमें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। विशेष रूप से जब कोई महिला नई-नई जेल में आती है तो वह जेल में आने एवं अपने परिवार की बच्चों की परेशानियों के कारण बहुत तनाव और अवसाद में चली जाती है ऐसे मौके पर जेल अधीक्षक एवं अन्य स्टाफ हमें बहुत समझाते बुझाते हैं हमारा बहुत ध्यान रखते हैं और हमें उसे तनाव और अवसाद से अच्छे व्यवहार से बाहर ले आते हैं इस बात को महिला आयोग की सदस्य सुनकर बहुत प्रसन्न हुई और उन्होंने जेल अधीक्षक को साधुवाद दिया और पूरे जेल प्रशासन की प्रशंसा की।

## धोखाधड़ी के मामले में बैंक मैनेजर, फील्ड अफसर सहित एक पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज( चौक बाजार)।** क्षेत्र के दरहटा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक, फील्ड अफसर सहित एक व्यक्ति पर थाने में मुकदमा पंजीकृत हो गया हैं। मामले में पीड़ित व्यक्ति ने सीएम दरबार सहित स्थानीय पुलिस से शिकायत किया था। क्षेत्र के ग्राम सभा खजुरिया निवासी तारा प्रसाद चौधरी ने शिकायत किया था कि लगभग एक वर्ष पूर्व कंबाईन मशीन खरीदने के लिए दरहटा स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में संपर्क किया। जिसमें कार्यरत शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर ने कहा कि बलिया जिला के खेजुरी निवासी एक व्यक्ति के पास नाभा पंजाब एग्रो नामक कंपनी है जहां से आपको कम दाम पर कंबाईन मशीन मिल जाएगा। दोनों लोगों के आश्वाशन के बाद कंबाईन मशीन खरीदने के लिए 11.85 लाख रुपया नगद और खाते के माध्यम से भुगतान किया जा चुका हैं।

# मलबरी कान्वेंट स्कूल में कथक नृत्य कार्यशाला का हुआ समापन



अवधनामा संवाददाता

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा नगर स्थित मलवरी कान्वेंट स्कूल में उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के संगीत नाटक अकादमी और धान्या संगीत विद्यालय गोरखपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दस दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का समापन बुधवार को हुआ। इस कार्यशाला के अंतिम दिन बुधवार को कथक प्रशिक्षक ऋतु सर्राफ ने 70 प्रतिभागी छात्राओं को उन्नत स्तर की जटिल रचनाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया। इन्होंने उन्नत चरण में परन, तिहाई, चक्कर की जटिल श्रृंखला, लयबद्ध बोल और भावपूर्ण प्रस्तुति सहित कथक की मुद्राएं, तत्कार व गणेशवंदन आदि का गहन अभ्यास कराया। ऋतु सर्राफ ने न केवल नृत्य की तकनीकी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया बल्कि प्रतिभागी छात्राओं को कथक की गहराई और उसकी आत्मा को समझने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संगीत नाटक अकादमी के सदस्य अमित अंजन जायसवाल ने बताया कि शास्त्रीय नृत्य न केवल कला का एक रूप है बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परंपरा के एक महत्वपूर्ण अंग है। अमित अंजन ने इस कथक कार्यशाला आयोजन के लिए विद्यालय की प्रबंधक शुभ्रा सिंह जायसवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया और सहयोग के लिए विद्यालय परिवार को आभार व्यक्त किया। समापन के अवसर पर शुभ्रा सिंह जायसवाल ने प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र पुरस्कृत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# आंगनवाड़ी केंद्रों हेतु बेबी वेट मशीन, एडल्ट वेट मशीन, इन्फेंटोमीटर, स्टेडियो मीटर वितरित

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर के आदेशानुपालन में बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता एवं अधिशासी अधिकारी राजन कुमार गुप्ता की उपस्थिति में नगर पंचायत भारत भारी के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों हेतु बेबी वेट मशीन, एडल्ट वेट मशीन, इन्फेंटोमीटर, स्टेडियो मीटर वितरित किया गया।

इस दौरान अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा ने कहा कि पोषण अभियान अंतर्गत जिले में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृद्धि निगरानी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं जिनमें स्टेडियोमीटर इंफेंटोमीटर एवं वजन मशीन मुख्य हैं। वृद्धि निगरानी उपकरण उपलब्ध कराने के पीछे उद्देश्य यह हैं कि बच्चों में वृद्धि की गति अधिकतम उनके 5 वर्ष की आयु तक होती है। यदि इन बच्चों में कोई पोषण संबंधी समस्या यथा कम वजन, कम ऊंचाई, कम लंबाई आदि का लक्षण दिखे तो ऐसे में बच्चों के कुपोषण को शुरुआती स्तर पर ही चिन्हीकृत कर लिया जाए। अधिशासी अधिकारी राजन कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्र पर आने वाले छोटे बच्चों के लिए शारीरिक विकास को लेकर उपकरण केंद्र पर स्थापित किए है, जिसमें उनका अब खेल-खेल के साथ पढ़ने लिखने वो शारीरिक विकास भी ध्यान दिया जाएगा।

वहीं अब बच्चों के लिए शिक्षा देने वाले खिलौने उपलब्ध कराए गए हैं, जिसमें वो शब्दों की पहचान, गिनती, फल व जानवरों के नाम आदि के खिलौने से अपना ज्ञान बढ़ा सके। इससे बच्चे को सामान्य जानकारी दी जा सके। विभागीय अधिकारियों के अनुसार राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत जिले के सभी केंद्रों पर विशेष प्रकार के उपकरण लगाए हैं। इन मशीनों के जरिए गोद के बच्चे की लंबाई का अनुमान लेटा कर हो सकता है। साथ ही जो बच्चे खड़े हो सकते हैं उनकी लंबाई की गणना प्रतिमाह की जाती है। इस अवसर पर सभासद अरविंद मिश्र, सभासद प्रतिनिधि रंजीत आजाद, सी एम फेलो राज कुमार, लिपिक विक्रम कुमार, सुधांशु अग्रहरि, करुणेश तिवारी, उदयभान अग्रहरि, संजीव कुमार, दुर्गा पासवान, राम पुजारी, शिव कुमार सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ई-गवर्नेन्स सोसायटी की हुई बैठक

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में ई-गवर्नेन्स सोसायटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने निर्देश दिया कि सभी कार्यालयों में 01 मार्च 2025 से ई-आफिस प्रणाली लागू किया जायेगा। जिलाधिकारी ने एक ग्राम पंचायत में 02 सीएससी सेंटर चलाये जाने का निर्देश दिया। सीएससी का नियम व शर्तो के आधार पर भुगतान किया जायेगा। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति में तहसील इटवा व डुमरियागंज की प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। 15 दिन में 50 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति बढ़ायें। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, डीपीआरओ पवन कुमार, ईडीएम अवनीश सिंह, जिला प्रबन्धक सीएससी अजय सिंह, प्रबन्धक सहज जन सेवा केन्द्र ज्ञानेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने किया विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत द्वारा ओ0डी0एफ0 मॉडल ग्रामों में सुबह/शाम में सामुदायिक शौचालय, आर0आर0सी0 सेन्टर का निरीक्षण करें। कूड़ा कलेक्शन हो रहा है कि नही के बारे में निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की विशेष प्राथमिकता है कि आरआरसी सेन्टर को संचालित किया जाये। उसमें सभी सुविधायें पूर्ण करा दिया जाये। जो भी कार्य ग्राम पंचायतों में कराये जाये उसका समय से भुगतान किया जाये। प्रत्येक सप्ताह में खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत कम से कम 5 ग्राम पंचायतों का निरीक्षण करेंगे एवं साथ ही 6 विन्दुओ की अपनी रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित करेंगे तथा प्रतिलिपि जिलाधिकारी को करेंगे। ग्राम पंचायतों के स्थलीय सत्यापन के समय आर0आर0सी0 सेन्टर, पंचायत भवन, हैण्डपम्पों की स्थिति व अन्य कार्यो की गुणवत्ता को देखकर रिपोर्ट प्रेषित करेगे। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की एडीओ पंचायत/सचिव से सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त कर प्रथम एवं द्वितीय किश्त का भुगतान कराये। वित्त आयोग की समीक्षा में खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत ऐसे गांवों को चिन्हित करे जहां पर सबसे कम व्यय हुआ है उस गांव के सचिव से मिलकर कार्यो में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपूर्ण अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये। पंचायत भवन की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त करे। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जहां पर भूमि चिन्हित नही है उपजिलाधिकारी के माध्यम से भूमि चिन्हित कराकर पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराये। पंचायत सहायक और सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर के मानदेय का भुगतान कराये। पंचायत भवन पर सीएससी और लाइब्रेरी का संचालन कराये। मिनी स्टेडियम, साधन सहकारी समिति का मरम्मत कार्य, सीएचसी/पीएचसी का मरम्मत कार्य में प्रगति लाकर निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण कराये। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, डीपीआरओ पवन कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 जीवनलाल, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एडीओ पंचायत व अन्य संबधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दिवंगत शिक्षक को बीआरसी में दी गई श्रंद्धाजलि



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पेडरियाजीत में कार्यरत रहे शिक्षक रोशन त्रिपाठी की बीते दिनों औरैया जनपद में ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गई थी जिससे शिक्षको में शोक की लहर दौड़ गई थी। शीतकालीन अवकाश के बाद बुधवार को विद्यालय खुलने पर ब्लॉक में रोशन की ही चर्चा रही। विद्यालय बन्द होने के उपरांत राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में एक शोकसभा का आयोजन बीआरसी के प्रशिक्षण हाल में आयोजित किया गया। वहां मौजूद शिक्षकों तथा बीआरसी के कर्मचारियों ने नम आंखों से उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रंद्धांजलि दी। श्रंद्धांजलि के उपरांत दो मिनट का मौन रखा गया। श्रंद्धाजंली सभा मे अरुण चतुर्वेदी, शिवम सिंह, आबिद रिज़वी, मीसम, शिवाजी, गौहर, अनुपम, ओमप्रकाश, आनिल, मुकेश, अजीत आदि उपस्थित रहे।

## ढेबरुआ में जेसीबी व कार की टक्कर में दो की मौत



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद सिद्धार्थनगर अन्तर्गत बीती रात बढ़नी-इटवा मार्ग पर ढेबरुआ के पास जेसीबी व कार की टक्कर से तीन लोग घायल हो गयें। आपको बता दें कि घायलों में दो की मौत व एक की हालत गम्भीर बतायीं जा रही है। वहीं घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी लाया गया। जहां से चिकित्सक ने उन्हें मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। एम्बुलेंस द्वारा मुख्यालय जाते समय रास्ते में दो लोगों की मृत्यु हो गयी। दोनों युवक एक ही घर के सगे भाई थे। बताया जाता है कि विकास खण्ड बढ़नी में तैनात एक कर्मचारी की ब्रेजा गाड़ी विकास खण्ड बढ़नी के गांव गोल्हौरा में खड़ी हुई थी। जिसे लेकर गोल्हौरा के एक पत्रकार पंकज चौबे जा रहे थे तो उधर से सामने से आ रही जेसीबी से उनकी टक्कर हो गयी, जिसमे जेसीबी सवार दो लोगों और पत्रकार पंकज घायल अवस्था में तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी लाया गया। जहां से चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में ही दो लोगों की मौत हो गई और पत्रकार पंकज चौबे का सिद्धार्थनगर में इलाज चल रहा है।

## अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री परिसर में मना सड़क सुरक्षा सप्ताह



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के टांडा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में सड़क सुरक्षा सप्ताह जोर जोर से मनाया जा रहा है जो 13 जनवरी से चालू होकर 17 जनवरी तक चलेगा। आज सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन के कार्यक्रम में जनपद के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री सत्येंद्र यादव कारखाना प्रमुख श्री नागेश उपाध्याय यातायात श्री प्रभारी जय बहादुर यादव ने सड़क सुरक्षा के बारे में अल्ट्राटेक सीमेंट में कार्यरत कर्मचारी, ड्राइवर एवं सुरक्षा कर्मियों को सड़क सुरक्षा के बारे मे बताया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा हेतु शपथ भी दिलाई गई। कारखाना प्रमुख नागेश उपाध्याय जी ने जिले से पधारे अधिकारियों श्री सत्येंद्र यादव, जय बहादुर यादव, अवधेश सिंह एवं चंद्रदीप यादव को कार्यक्रम में आने एवं जागरूकता सुझाव देने हेतु आभार व्यक्त किया। सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में करुणा करण तिवारी, मनीष मिश्रा, अवधेश राय, राजबहादुर सिंह, कमल मोहन सिंह, यतिन श्रीवास्तव, प्रवीण कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जोगिया का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जोगिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रसव पूर्व जांच केन्द्र में कार्यरत आयुष डॉक्टर एवं सहयोगी कर्मचारियों से एचआरपी रजिस्टर के फीडिंग के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। एचआरपी रजिस्टर में गर्भवती महिलाओ का सही फीडिंग नही पाया गया। कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। बीसीपीएम जोगिया किरन गौतम को नोटिस निर्गत करने के साथ ही कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा लेबर रूम, प्रसव कक्ष, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कक्ष, एक्स-रे कक्ष को देखा गया। एक्स-रे टेक्निशियन को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी मरीज द्वारा एक्स-रे न करने की शिकायत मिलने पर आपके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। खण्ड विकास अधिकारी जोगिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जोगिया के पेन्टिंग, टाइलिंग व अन्य अन्य मरम्मत कार्यो को देखा गया जो ठीक पाया गया।

जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी जोगिया राजकुमार को मोबाइल से वार्ता कर निर्देश दिया कि सीएचसी जोगिया की बाउन्ड्रीवाल की भी पेन्टिंग एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराये। इसके अलावा बीएमसी स्वास्थ्य विभाग के अनटाइड फन्ड से परिसर के अन्दर जो अन्य भवन है जिनका पेन्टिंग कार्य नही हुआ है उसे 15 दिनों के अन्दर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मेरे द्वारा 125 दिन बाद पुनः निरीक्षण किया जायेगा। सीएचसी जोगिया में कार्यरत सभी कर्मचारियो को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अपने कार्यो में सुधार लाकर जनता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे यही आप सभी लोगो की जिम्मेदारी है।

# गरीबपुर में गन्दगी का अम्बार ध्यान नहीं दे रहे हैं जिम्मेदार

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सदर विकास क्षेत्र नौगढ़ के ग्राम पंचायत बर्डपुर नम्बर 14 टोला गरीबपुर के सामने नेशनल हाईवे सड़क के दोनों तरफ के नाले और गांव के अन्दर की नालियां टूटकर जाम और ध्वस्त हो गई हैं। गांव के मध्य से होकर गुजरने वाली सिंचाई विभाग के नहर पर भी कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण और अवैध कब्जा किए जाने की वजह से जल निकासी की समस्या में इजाफा हुआ है। गांव का सारा गंदा पानी कई महीने से नेशनल हाईवे की सड़क पर बह रहा है। जिससे गांव वासियों सहित राहगीरों को हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, कई बार वाहनों के आने जाने से सड़क पर बह रहे नालियों के गंदे पानी की छीटें राहगीरों पर पड़ती हैं तो विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है, और प्रायः होती भी रहती है। फिर भी जिम्मेदार सब कुछ देखते हुए भी अंजान हैं, और जल निकासी की व्यवस्था पर नहीं दे रहे कोई ध्यान हैं। जिससे गांव वासियों के मध्य आक्रोश व्याप्त है, और संक्रामक बीमारियों के फैलने को लेकर भी भय व्याप्त है। जिला मुख्यालय से महज चन्द कदम की दूरी पर स्थित गरीबपुर गांव के जल निकासी की समस्या पर यदि शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया, तो गांव के सामने सड़क पर लगातार पानी बहने की वजह से नेशनल हाइवे के सड़क के भी खराब होने की संभावना है। ग्रामीण वासी हाजी मोहम्मद बशीर, समीउल्लाह, मोहम्मद मोहसिन, बसन्त कुमार, अब्लास अहमद, अकबर अली, हैदर अली, महेंद्र कुमार, दीपक बैतुल्लाह आदि ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नेशनल हाइवे सड़क के दोनों तरफ बने नाले तथा गांव के नालियों व नहर पर हुए अवैध कब्जे और अतिक्रमण को मुक्त कराकर जल निकासी के समुचित व्यवस्था हेतु उचित प्रभावी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# एसडीएम की अध्यक्षता में प्रोन्नत राजस्व निरीक्षकों का हुआ सम्मान समारोह

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील डुमरियागंज द्वारा लेखपाल से राजस्व निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत लेखपाल रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, गंगोत्री प्रसाद पाण्डेय, सतीस चन्द्र शुक्ला का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि रमेश चन्द्र श्रीवास्तव तहसील डुमरियागंज में लेखपाल संघ के अध्यक्ष पद पर काफी दिनों से रहे तथा अपना शानदार कार्यकाल पूर्ण करते हुए राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत हुए तथा लेखपाल संघ के अध्यक्ष पद से त्याग पत्र दे दिया।

अपने सम्बोधन में रमेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का 5 बार अध्यक्ष पद का निर्वहन किया तथा बिना किसी राग द्वेष, जाति पांति भेदभाव के सभी के साथ समानता का व्यवहार करते हुए किसी लेखपाल साथी के प्रति कोई कार्यवाही नही होने दिया। अधिकारियों एवं अपने साथियों के बीच समवन्य बनाकर शासकीय कार्यो में भी भरपूर सहयोग करता रहा राजस्व निरीक्षक के रूप में भी जनता की सेवा करते हुए लेखपाल साथियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर कार्य करता करूँगा। उपजिलाधिकारी डॉ0 संजीव दीक्षित ने अपने सम्बोधन में कहा कि रमेश जी एक कर्मठी, मेहनती, मृदुल, व्यवहार कुशल कर्मचारी के साथ साथ एक बेहतर कर्मचारी नेता भी थे इनके द्वारा अपने कर्मचारियों के हितों को तो ध्यान में रखा ही गया परन्तु प्रशासनिक एवम विभागीय कार्यो में बहुत अच्छा सहयोग अधिकारियों को प्रदान किया जाता रहा है आम जनता, मीडिया, अधिवक्ता गण, एवम अधिकारियों से इनका बहुत अच्छा संवाद था जिसके कारण इनकी शिकायत नही आती थी। तहसीलदार डुमरियागंज रवि कुमार यादव ने अपने सम्बोधन में बताया कि रमेश जी व उनकी टीम का बेहतर सहयोग प्रत्येक सरकारी कार्यो में मिलता रहा है जब भी शासन द्वारा कोई विशेष कार्य / अभियान आता था तो हम लोग रमेश जी के पूर्ण सहयोग से उस कार्य को समय से पूरा कर लेते थे रमेश जी के प्रोन्नत होने पर इनकी कमी हम सभी को खलेगी। भगवान इनका भविष्य उज्ज्वल रखें। संचालन लेखपाल संघ के तहसील मन्त्री आयूष कुमार वैश्य ने किया। अन्त में लेखपाल संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रवेश कुमार शुक्ला ने अपने अग्रजों को उनके अग्रिम जीवन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी द्वारा प्रोन्नत राजस्व निरीक्षकों को अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार महबूब आलम, राजस्व निरीक्षक लालकृष्ण श्रीवास्तव, लेखपाल देवेश कुमार तिवारी संजय कुमार वरुण अम्बिकेश सिंह संतोष भट्ट दिग्विजय चौरसिया विपिन तिवारी माता प्रसाद भारती जिलामंत्री आनन्द गौतम सत्या देवी, देवेन्द्र कुमार राठौर सहित काफी संख्या में लेखपाल व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने किया तीन शातिर चोर को गिरफ्तार



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना मिश्रौलिया क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम हरैया स्थित कूड़ाघर के पास से तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बलिराम निषाद (26 वर्ष), अमित निषाद (20 वर्ष) और शिवराज निषाद (25 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी नागचौरी केवटहिया, थाना मिश्रौलिया के निवासी हैं। इन अपराधियों ने ग्राम बारिकपार और सेमरा में मोबाइल टावर से बैटरी व तार चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8 टावर बैटरी, चोरी में प्रयुक्त उपकरण (रिंच, पेंचकस, पिलास, कटर), एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, 2,100 रुपये नगद, 3 मोबाइल फोन और एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (उप55एपी1241) बरामद की है। इन घटनाओं के संबंध में थाना मिश्रौलिया में मुकदमा संख्या 09/2025 और 118/2024 धारा 331(4), 305(ए), 317(2) बी एन एस व भारतीय तार अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत पंजीकृत किया गया था। विधिक कार्यवाही के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तारी में एसओ मिश्रौलिया हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव, शिवदास गौतम, राजकुमार चौधरी और कांस्टेबल अनिल कुमार, सुकेश शाह, कुल भास्कर वर्मा की टीम शामिल रही।

# समरसता भोज : ऐसे आयोजन जाति पाति की भावना को करता है दूर

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** राजनैतिक लाभ के चलते कुछ लोग हिंदू समाज को बांटने का काम करते हैं। जातियों को तोड़ने एवं बांटने की साजिश चल रही हैं, जिसके प्रति हिंदू समाज को सतर्क एवं जागरूक रहने की आवश्यकता है। समरसता भोज ऐसा आयोजन है जो जात-पात की भावना को दूर करता है। ऐसा कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

उक्त बातें इटवा के ग्राम ग्राम पंचायत करहिया सघन में बाबा संत मौनी दास प्रांगण में हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा खिचड़ी सहभोज (हिन्दू समरसता भोज) दौरान जिला महामंत्री हियुवा संगठन संजय मिश्र ने कही। वह बुधवार को हियुवा के तत्वावधान में आयोजित हिंदू समरसता भोज कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। संजय मिश्र ने कहा पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए विकास कार्यों को भी विस्तारपूर्वक बयान किया। उन्होंने कहा कि हर जगह समरसता की आवश्यकता है, इसके लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। हिंदू समाज एकजुट रहेगा, तो राष्ट्र विरोधी शक्तियां भी अपने उद्देश्य में कभी सफल नहीं हो सकती हैं। संबोधन के उपरांत जब सभी लोगों ने एक साथ बैठकर खिचड़ी खानी शुरू की, तो हर तरफ समरसता की बयार बहती नजर आई। इस मौके पर कार्यक्रम स्थल पर अगली रणनीति बनाई गई साथ में आचार्य बृजेश पाठक, पंडित अवधेश पाठक, अशोक कुमार पाण्डेय, सरोज मिश्र, केसरी नंदन त्रिपाठी, हीरालाल त्रिपाठी, प्रेम सागर चौहान, राम प्रसाद मौर्य, गोस्वामी मंगल गिरि, अनिल पाठक, कृष्णा कुमार पाठक, जगप्रसाद, रामबक्स गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थनगर विकास मंच का गठन, जिलाध्यक्ष संजय कसौधन व राजेश शर्मा बने महामंत्री



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनहित के मुद्दों को जनता की आवाज बनकर शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने तथा उसे धरातल पर उतारने के लिए मंगलवार की देर शाम सिद्धार्थनगर विकास मंच का गठन किया गया।

सिद्धार्थनगर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता व जनपद के संभ्रांत लोगों की उपस्थिति में कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संजय कसौधन को जिलाध्यक्ष व राजेश शर्मा को महामंत्री चुना गया। सर्वसम्मत से जिला कार्यकारिणी की घोषणा हुई। जिसके क्रम में जिलाध्यक्ष संजय कसौधन को चुना गया। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूप नारायण सिंह, उपाध्यक्ष अजय कसौधन, जिला महामंत्री राजेश शर्मा, मंत्री डॉ. सीमा मिश्रा, संगठन मंत्री डॉ. अभय शुक्ला, कोषाध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव व मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा को चुना गया। भीमचन्द कसौधन, राकेश दत्त त्रिपाठी, सुजीत जायसवाल, श्रीधर पांडेय को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। घोषित कार्यकारिणी द्वारा जिला संरक्षक के रूप में अखण्ड प्रताप सिंह, डॉ. विनय कांत मिश्रा, अनिल सिंह व नईम खान को चुना गया।

# डीएम ने किया शिशु पोषण परामर्श केन्द्र का निरीक्षण, दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने बुधवार को बीएचएनडी दिवस के अवसर पर विकास खण्ड जोगिया के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय गोनहा गोसांई के परिसर में शिशु पोषण परामर्श केन्द्र बाल विकास परियोजना विभाग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा शिशु परामर्श केन्द्र पर उपस्थित एएनएम और सीएचओ से एचआरपी रजिस्टर को देखा गया। जिसमें 7-8-9 माह की गर्भवती महिला का नाम एचआरपी रजिसटर में देखा गया। एएनएम से पूछा गया कि गर्भवती महिला को क्या सलाह दी गयी, एएनएम द्वारा संतोषजनक उत्तर न देने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एएनएम सुधा गुप्ता को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उपस्थित सीएचओ राम सिंह को जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सेन्टरो की मानीटरिंग सही ढंग से नही कर रहे है। दोनो लोगो को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इसके अलावा गर्भवती महिलाओ का स्वास्थ्य सुधान करने का निर्देश दिया। किसी भी गर्भवती महिला के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरते। ड्यू लिस्ट में गर्भवती महिला के मोबाइल नम्बर अंकित नही पाया गया। बच्चो का टीकाकरण समय से सभी टीके लगाये जाये। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्री का सैम मैम बच्चों का रजिस्टर देखा गया। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से गांव के सैम मैम बच्चों को सेन्टर पर बुलाने के लिए एक दिन पहले से वार्ता की गयी या नही। डीएम ने सीडीपीओ जोगिया से मोबाइल वार्ता कर सभी सेन्टरों पर बीएचएनडी दिवस बुधवार व शनिवार को सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सही ढंग से कार्य करे इसके लिए आप जिम्मेदार है। इसमें लापरवहाी बरती गयी तो आप के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। निरीक्षण के बीएमसी दौरान यूनिसेफ रूपेश त्रिपाठी, प्रधान प्रतिनिधि राम बेलास आदि उपस्थित रहे।

## पैरलल सिनेमा के जनक

पैरलल सिनेमा के जनक श्याम बेनेगल जो 14 दिसम्बर 1934 को दुनियां में आये 23 दिसम्बर 2024 को दुनियां से कूच कर गये। वह किडेनी के लम्बी बिमारी से ग्रसित थे। वेनगेल ने 1970 और 1980 के दशक में अंकुर निशान मन्थन जैसी फिल्मे बनाई। उनके कालजयी रचनाओं में भूमिका जनून, मन्डी, सूरज का सातवां घोड़ा, मम्मो, सरदारी बेगम का नाम लिया जाता है। सबसे ज्याद नेशनल अवार्ड जीतने का रेकार्ड उनके नाम है। उन्हें 8 फिल्मों के लिये सम्मानित किया गया है। भारतीय सिनेमा को उन्होंने कुछ कलाकार भी दिये जो दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में शिक्षा पाई थी। प्रमुख नाम है नसीरूद्दीन शाह, ओमपुरी, अमरीशपुरी, अनन्त नाग, शबना आज़मी स्मिता पाटिल और सिनेमेटोग्रफर गोविन्द निहलानी।

वे कर्नाटक के रहने वाले थे हलाकि उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था वे को कणी भाषी त्रिपुर सरस्वत ब्राहमण थे। पिता फोटोग्राफर थे। 12 साल की उम्र में पिता ने उनकी रूचि को देखकर एक कैमरा दिया था। उसी कैमरे का इस्तेमाल कर वेनेगल ने अपनी पहली फिल्म बनाई। बेनेगल हैदराबाद के उस्मानिया कालेज से मास्टर की डिग्री अर्थशास्त्र में ली थी। 1991 में पद्मभूषण से सम्मानित किये गये थे। उन्हें लखनऊ बहुत पसन्द था। अपने जनून फिल्म की शूटिग लखनऊ में की थी। उन्होंने 20 फीचर फिल्म और 70 डाक्यूमिन्ट्री और शार्ट फिल्मे बनाई। उन्होंने निम्न विभागों की पोस्ट की कुर्सियों को सुशोभित किया। नेशनल फिल्म डेवलपमेन्ट कारपोरेशन, फिल्म एन्डटेलिविजन इन्स्टीटयूट आफ इन्डिया मुम्बई फिल्म फेस्टिवल।

व्यक्तिगत रूप से वह बहुत सीधे आदमी थे। उनमें जरा सा भी अहम नहीं था। उन्होंने कई कलाकारों को आगे बढ़ाया। पर इसका क्रेडिट वह कभी नहीं लेते थे। लोग उनके टेलेन्ट को सलाम करते थे। उनकी कुछ बेहतरीन फिल्में है अंकुर 1974, निशान्त 1975, मन्थन 1976, भूमिका 1977, जनून 1979, सत्यजीतरे से वह बहुत प्रभावित थे। बेनेगल अधी सेन्चुरी तक राडार पर बने रहें। उनकी पहली फिल्म अंकुर 1974 में बनी थी। उन्होंने एक टीम बना ली थी। उसी को भूमिका के अनुसार फेटते रहते थे। उन्होंने मेन स्ट्रीम सीनेमा को सही तरह से परिभाषित किया और अपने कौशल से लोकप्रिय बनाया। गुरूदत्त के स्कूल से भी प्रभावित थे। आखिरी दिनों में अपनी बिमारी की वजह से लोगो को साक्षात्कार नहीं देते थे। केनमें स्क्रीनिग के बाद मुम्बई में मन्थन प्रदर्शित की गई थी। प्रशंसकों की भारी भीड़ जुटी थी। समानान्तर फिल्म के जनक को अवधनामा परिवार का अश्रुपूर्ण श्रद्धान्जली परिवार को दुख सहने की क्षमता दे ईश्वर। तुम्हें फिल्मों में देखते रहेगे।

## उप्र के दुधवा टाइगर रिजर्व- के अंदर भी बसे हुए हैं थारू जनजाति के गाँव


ओम प्रकाश

उप्र में दुधवा टाइगर रिजर्व 2000 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ वन क्षेत्र है इसमें जनपद खीरी के थारू जनजाति के गांव जो आज भी जंगल के अंदर ही बसे हुए हैं। थारू जनजाति के संबंध में अनेक मत हैं पर इन लोगों का कहना है कि हम राणा प्रताप के वंशज हैं इस लिये अपने नाम के पीछे राणा लिखते हैं। क्षेत्र में बसा हुआ गोलबोझी नामक एक गांव है यह दुधवा टाइगर रिजर्व के रेंज उत्तर सुनारीपुर के कोर जोन जोन में बसा हुआ है ग्राम गोलबोझी ग्राम पंचायत परसिया का मजरा है। गोलबोझी की जनसंख्या लगभग 500 से अधिक है सबसे मुख्य बात यह है कि इस गांव में न कोई स्कूल है न बिजली है गांव में लगभग 85 परिवार रहते हैं। प्राथमिक स्तर की शिक्षा के बच्चों को पास पड़ोस के स्कूलों में जाना पड़ता है ग्राम परसिया में स्कूल है जो गोलबोझी से 6 किलोमीटर की दूरी पर है तथा ग्राम बेला परसुवा में भी स्कूल है वह भी गोलबोझी से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां के कुछ बच्चे जनपद लखीमपुर खीरी में थारू जनजाति आवासीय विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करते हैं यह स्कूल समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाए जाता है। इस गांव में आने जाने के लिए केवल जंगल होकर जंगल का रास्ता है। चारों ओर जंगल से घिरे गांव में न मोबाइल सेवा उपलब्ध है न प्रकाश की व्यवस्था है। गांव में प्रकाश व्यवस्था के लिए कुछ सशस्त्र सीमा बल ने तथा कुछ ग्राम पंचायत ने नेडा कंपनी से लगभग 25 सोलर लाइट लगवा दी है इससे गांव में प्रकाश रहता है । इस गांव में थारू जनजाति के ही परिवार रहते हैं चारों ओर जंगल बीच में बसे गोलबोझी के निवासियों से यह पूछे जाने पर कि यहां जंगली जानवरों का कोई खतरा तो नहीं है ग्राम वासियों ने बताया कोई खतरा नहीं है । इस ग्रामवासी लोगों का जीवन आज भी आधुनिकता से काफी पीछे पुराने जमाने के दौर में ही चल रहा है।

ग्राम कीरतपुर जंगलों के बीच में बसा गौरीफंटा रेंज की कोर जोन में हैं। यह भारत-नेपाल सीमा पर आबाद है कीरतपुर सिंगहिया (सैड़ा बैड़ा) ग्राम पंचायत का मजरा है यहां की जनसंख्या लगभग 1000 है तथा अधिकांश निवासी कृषि कार्य पर आधारित है। यहां पर बच्चों की शिक्षा के लिए प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय भी है। यहां की कृषि भूमि काफी उपजाऊ है। थारू जनजाति से आबाद इस ग्राम में चार घर अनुसूचित जाति पासी समाज के हैं। भारत नेपाल सीमा से जुड़ा यह गांव काफी महत्वपूर्ण है। दौदा नामक नदी भारत नेपाल सीमा का सीमांकन करती है और यह छोटी सी नदी जो कभी सूख जाती है तो भारत और नेपाल सीमा एक मे ही मिल जाती है। कीरतपुर में दुधवा? टाइगर रिजर्व की बन चौकी भी है यहां वायरलेस सिस्टम भी है। स्वास्थ्य विभाग का उपकेंद्र कीरतपुर में है एएनएम स्वास्थ्य सेवा के लिए यहां आती जाती रहती हैं ।गांव में जाने के लिए जंगल के बीच से ही जंगल का रास्ता है जो वर्षाकाल में पानी के भराव के कारण लगभग बंद हो जाता है यहां के निवासी शिक्षा के लिए अपने कुछ बच्चों को बाहर भेजते हैं जो स्कूलों में पढ़ रहे हैं ग्रामीणों का शिक्षा के प्रति बहुत लगाव है। इस समय कीरतपुर गांव के ही 12 निवासी गण सरकारी सेवा में हैं।

दुधवा टाइगर रिजर्व के दुधवा रेंज के कोर जोन में बसा ग्राम सूरमा ग्राम पंचायत है। इस ग्राम पंचायत में 5 मजरे हैं। इनमे भट्ठा, सिकलपुरवा, सारभूसी, किशुनपुर व गोबरौला है। इनमें थारू जनजाति के परिवारों के निवासी ग्राम वासियों के पूर्वज लंबे समय से जंगल में आबाद है। थारू जनजाति के लोग अपने को राणा प्रताप का वंशज बताते हैं। गांव में पक्के मकान नहीं है छप्पर या टीनशेड है पर वनाधिकार कानून 2006 के तहत कुछ निवासियों ने अपना घर भी पक्का बना लिया है। कुछ लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना में भी घर मिल गए हैं ।थारू जनजाति से आबाद गांव में दो परिवार अनुसूचित पासी जाति के हैं वन विभाग ने सूरमा गांव के निवासियों को जंगल से अलग शिफ्ट करने की प्रक्रिया चलाई थी इसमें कुछ लोगों ने गांव छोड़ दिया और दूसरी जगह शिफ्ट हो गए गांव के कुछ लोग भट्ठा गांव में जाकर बस गए कुछ सारभूसी में। यह गांव कृषि भूमि का गांव है सूरमा में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूल है इनमें गांव के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं शिक्षा प्राप्त करने में बच्चे काफी आगे हैं। गांव जंगल से कब हट पाएगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता गांव में मोबाइल फोन नेटवर्क की सेवा उपलब्ध नहीं है गांव तक आने-जाने के कच्चे रास्ते हैं इन्हें वर्षा के दिनों में आवागमन में भारी कठिनाई होती है ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों को वन विभाग कर्मी व जंगली जानवर परेशान करते रहते हैं। गांव में जिन लोगों के पास राशन कार्ड है उनको सौभाग्य योजना के तहत सोलर पैनल एवं पंखा शासन द्वारा प्रदत्त किए गए हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**नये अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है जिसका सीधा असर महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला मतदाताओं की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में मतदान में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। अब सरकारें बनाने में महिला मतदाताओं की भूमिका लगातार बढ़ती एवं निर्णायक होती जा रही है।**

# चुनावी जीत की नई इबारत लिखती महिला मतदाता


ललित गर्ग

चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दल महिलाओं को लुभाने के लिये आकर्षक कल्याणकारी योजनाओं एवं मुफ्त की सुविधाएं देने की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करने लगे हैं। महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई कल्याणकारी योजनाएं एवं मुफ्त की सुविधाएं अब गेमचेंजर बन रही हैं। महिलाओं के खाते में सीधे नगद ट्रांसफर की जाने वाली स्कीम तो भारत की राजनीति में वोट बटोरने का एक जांचा-परखा एवं सशक्त माध्यम बन गया है। यूं तो लम्बे समय से महिलाओं को लेकर तरह-तरह की घोषणाएं होती रही है लेकिन मध्य प्रदेश में इस योजना की कामयाबी के बाद यही कहानी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखण्ड में दोहरायी गयी है। जिससे चुनावों में लगातार महिला मतदाताओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है और किसी की दल की जीत हार में उसकी भूमिका भी स्पष्ट होती जा रही है। इसी विषय को लेकर एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला केंद्रित योजनाओं के कारण इन महिला मतदाताओं की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 में कुल मतदाता 83.4 करोड़ थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गये हैं। इसमें महिला मतदाता की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। एसबीआई रिसर्च टीम की रिपोर्ट के मुताबिक देश में अब 100 पुरुष मतदाताओं पर 95 महिला मतदाता की संख्या है। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। महिलाओं का मतदान के प्रति बढ़ता रूझान लोकतंत्र की मजबूती के लिये एक शुभ संकेत है।



नये अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है जिसका सीधा असर महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला मतदाताओं की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में मतदान में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। अब सरकारें बनाने में महिला मतदाताओं की भूमिका लगातार बढ़ती एवं निर्णायक होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन बार के शासनकाल में विकास पर जोर देने के साथ-साथ महिला उत्थान पर भी बहुत ज्यादा ध्यान दिया। महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहन मिल रहा है, स्वतंत्र पहचान मिल रही है और वे राजनीति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है। मोदी सरकार ने 27 साल से भी ज्यादा इंतजार के बाद पहली बार महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कराया। इस बीच मोदी सरकार ने महिलाओं को लेकर बनाई गई योजनाओं का नाम भी ऐसे रखा, जो सीधे महिलाओं के दिल को छू रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना जैसे विधेयक ने जहां प्रधानमंत्री मोदी के कद को बढ़ाया वही महिलाओं की राजनीति में सक्रियता एवं मतदान में अधिक हिस्सेदारी को नये पंख दिये हैं। इन योजनाओं से 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा स्कूलों छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है।

अब महिलाएं राजनीति एवं राजनेताओं के वजूद को बनाने में महत्वपूर्ण हो गयी है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में सत्तारूढ़ दलों की चुनावों के बाद फिर वापसी में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक रही। मध्यप्रदेश में लाडली बहन, महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन व झारखंड में मंईयां सम्मान योजना इसके उदाहरण हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार, कर्नाटक में गृहलक्ष्मी, ओडिशा में शुभद्रा योजना तथा असम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना सामने आई है। यह होड़ आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी नजर आ रही है। एक ओर जहां आप सरकार ने महिला वोटरों के लिये महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये देने का वायदा किया, वहीं कांग्रेस ढाई हजार रुपये देने की योजना बना रही है। इस दिशा में भाजपा भी गंभीर है। दरअसल, दिल्ली में महिला वोटरों का प्रतिशत पुरुष वोटरों के पास पहुंच गया है। कहा जाता है कि साल 2020 के चुनावों में महिला मतदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन जरूरत इस बात की है कि महिलाओं से जुड़ी योजनाएं एवं उन्हें दी जाने वाली मुफ्त सुविधाएं सत्ता प्राप्ति या वोट हासिल करने का स्वार्थी हथियार न होकर स्थायी प्रभाव व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का जरिया हो।

उल्लेखनीय तथ्य है कि जब किसी राज्य में महिलाओं का विकास हुआ है तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग हुई हैं। उन्हें सरकारों की मुफ्त की स्कीमें भी खूब लुभा रही हैं। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। केन्द्र एवं राज्यों की महिला कल्याणकारी योजनाओं के कारण महिला मतदान बढ़ा है, जिनमें 45 लाख महिलाएं साक्षरता में वृद्धि के कारण मतदाता बनी हैं, 36 लाख महिलाएं रोजगार और मुद्रा योजना की वजह से मतदान किया है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर का मालिक बनने के कारण 20 लाख महिलाएं मतदान के लिए गई थी और वहीं 21 लाख महिलाएं स्वच्छता, बिजली और पानी की पहुंच में सुधार के कारण मतदान के लिये अग्रसर हुई।

चुनाव के दौरान नेताओं एवं राजनीतिक दलों के द्वारा किए गए मुफ्त सुविधाओं के वादों को केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसके आर्थिक पक्ष पर भी विचार किया जाना चाहिए। पंजाब में महिलाओं को एक हजार रुपये देने के आम आदमी पार्टी की घोषणा के बावजूद यह राशि न देना महिलाओं को ठगना है, उनके सम्मान को आघात लगाना है। अगर इन वादो के लिए राज्य के पास अपर्याप्त धन और सीमित संसाधन हैं तो ऐसे वादो से बचना चाहिए। राज्यों द्वारा चुनावी फायेद के लिए की गई मुफ्त सुविधाओं की घोषणा के लिए राजस्व जुटाना मुश्किल हो जाता है। मुफ्त की योजनाओं से राज्य का आर्थिक ढांचा कमजोर हो सकता है क्योंकि दी जाने वाली सब्सिडी का राज्य की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। अगर कोई सत्ताधारी दल, राजनीतिक लाभ के लिये सरकारी पैसे को मुफ्तखोरी पर खर्च करते हैं।

# अखबारों की सुर्खी नही बना प्रवासी सम्मेलन

**राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता का क्षेत्र हो, प्रवासी भारतीयों ने अपनी ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। दुनिया भर से आए सैकड़ों प्रवासी भारतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर के जनता मैदान में एकत्र हुए। उन्होंने गर्मजोशी से स्वागत और इस आयोजन की तैयारियों को लेकर ओडिशा की सराहना की।**


अशोक मधुप

आठ से दस जनवरी तक चला 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन अखबारों की सुखियां भी नही बन सका।उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर में हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन की कामयाबी पर न लेख लिखे गए न संपादकीय। य सम्मेलन एक रूटिन का कार्यक्रम ही बन कर रह गया।सरकार ये वह भी नही बताया कि देश की विकास याजनाओं में बाधक देश में फैले भ्रष्टाचर को रोकने की उसकी क्या योजनाएं हैं? प्रवासी भारतीयों के भारत के विकास में योगदान के लिए आने वाले प्रोजेक्ट की अनुमति आदि की मानिटरिंग के लिए उच्च स्तर पर इसकी देखरेख करने के लिए क्या करने का इरादा हैं? उच्च स्तर पर ये भी देखा जाए कि प्रोजेक्ट की अनुमति में अनावश्यक विलंब तो नही किया जा रहा रिश्वत की चाहत में उद्योगपति को परेशान तो नही किया जा रहा?

इस बार के प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का विषय-'विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान' जरूर रहा किंतु इसमें न कोई निर्णय हुए न कोई विशेष प्रस्ताव। प्रवासियों को भारत के चुनाव में मत देने का अधिकार है, किंतु न वे वोट बनवाने में रूचि रखते हैं, न वोट डालने में। उनसे वोट बनवाने और देश के विकास के लिए अपनी सरकार बनाने के लिए वोट करने की अपील की जा सकती थी किंतु वह भी नही की गई। 2003 से मनाना शुरू हुई प्रवासी सम्मेलन अभी तक एक औपचारिकता ही लगा। भुवनेश्वर में इस प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की शुरुआत बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के उदबोधन से हुई। उन्होंने प्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। ओडिशा को असीमित अवसरों की भूमि बताते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गुरुवार को प्रवासी भारतीयों से राज्य की विकास यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया।



इस प्रवासी भारतीय दिवस के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए श्री माझी ने कहा, ओडिशा सिर्फ़ अपने गौरवशाली अतीत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं जाना जाता; यह भविष्य के लिए असीम अवसरों की भूमि है। ओडिशा के निवेशक-अनुकूल वातावरण पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अब भारत में निवेश के लिए सबसे स्वागत योग्य स्थलों में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं आप सभी से इन अवसरों का लाभ उठाने और अपनी मातृभूमि के विकास और समृद्धि में योगदान देने का आग्रह करता हूं। वैश्विक भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य के रूप में, आप दुनिया के लिए हमारे राजदूत हैं। मैं आपको ओडिशा और भारत के लिए एक उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में हमारे साथ हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित करता हूं। हम सब मिलकर 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ को जनवरी, सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व भारत की बात सुनता है तथा देश अपनी विरासत के कारण ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह बताने में सक्षम है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में निहित है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को भी हरी झंडी भी दिखाई। यह भारतीय प्रवासियों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से चली और तीन सप्ताह तक कई टूरिस्ट प्लेसेज तक जाएगी। विदेश मंत्रालय की प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना के तहत इसका संचालन किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के लिए 70 देशों से तीन हजार से ज्यादा प्रतिनिधि ओडिशा पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को सम्मेलन में चार प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया, जिनमें भारत की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और प्रवासी भारतीयों के योगदान को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस, भारत और उसके प्रवासियों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने वाली एक संस्था बन चुकी है। श्री मोदी ने उल्लेख किया कि हम सब मिलकर भारत, भारतीयता, अपनी संस्कृति और प्रगति का उत्सव मनाते हैं और साथ ही अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 10 जनवरी के समापन सत्र में प्रवासी भारतीयों को संबाधित किया। और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता का क्षेत्र हो, प्रवासी भारतीयों ने अपनी ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। दुनिया भर से आए सैकड़ों प्रवासी भारतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर के जनता मैदान में एकत्र हुए। उन्होंने गर्मजोशी से स्वागत और इस आयोजन की तैयारियों को लेकर ओडिशा की सराहना की। प्रवासी भारतीयों ने कहा कि यह आयोजन राज्य की जीवंत सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है।

पचास वर्षो से स्लोवेनिया में रहने वाली एक प्रवासी भारतीय कोकी वेबर ने इस आयोजन में शामिल होने को लेकर खुशी जाहिर की। वह नमस्ते नाम का एक कारोबार चलाती हैं, जिसमें भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने कहा, मैं भारतीय हस्तशिल्प से बने चमड़े के सामान, रेशमी स्कार्फ, अगरबत्तियां और इनर गारमेंट्स बेचती हूं, जो सभी भारत में बने होते हैं। कोकी ने ओडिशा को भारत का एक छिपा हुआ रत्न बताया। इस सम्मेलन के आयोजन से पूर्व सरकार द्वारा वह नही बताया गया कि अब तक आयोजित 17 प्रवासी सम्मेलन की उपलब्धि कया है। इसके माध्यम से देश में कितने उद्योग आए।कितनी भारतीय प्रतिभाएं स्वदेश वापिस लौटी। हालांकि यह सर्व विदित है कि प्रवासी भारतीय पहले के मुकाबले अब सूदूर देश में अपने को ज्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं। वे मानते है कि मुसीबत की घड़ी में उनका देश और वहां की सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी होगी और भरसक मदद करेगी।

इस सम्मेलन में केंद्र द्वारा प्रवासियों से भारत के विकास में योगदान की अपील के साथ यह नही बताया गया कि वे देश विकास का माहौल बनाने के लिए क्या कर रहा है। हाल में एक सर्वे में दावा किया गया है कि 100 में से 66 लोगों को अपना काम कराने के लिए सरकारी तंत्र को रिश्वत देनी पड़ती है। चलते देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने की सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज आफ डुइंग बिजनेस जैसे प्रयासों को पलीता लग रहा है।एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि करीब 66 प्रतिशत कंपनियों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। कंपनियों ने दावा किया कि उन्होंने सप्लायर क्वॉलिकेशन, कोटेशन, ऑर्डर प्राप्त करने तथा भुगतान के लिए रिश्वत दी है। लोकल सर्कल्स की रिपोर्ट के अनुसार कुल रिश्वत का 75 प्रतिशत कानूनी, माप- तौल, खाद्य, दवा, स्वास्थ्य आदि सरकारी विभागों के अधिकारियों को दी गई।जांच रिपोर्ट कहती है कि कई कारोबारियों ने जीएसटी अधिकारियों, प्रदूषण विभाग, नगर निगम और बिजली विभाग को रिश्वत देने की भी सूचना दी है।

# पशु चिकित्सकों की कमी से चुनौती बनता पशुपालन

**भंवरलाल मेघवाल कहते हैं कि यहां के अधिकांश लोग बड़ी संख्या में पशुपालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लेकिन अगर इस इलाके में कोई पशु बीमार पड़ जाए तो उसके लिए एक भी पशु चिकित्सक नहीं है और ना ही यहां पशुओं का कोई अस्पताल है। हमें डॉक्टर को बुलाने के लिए गांव से लगभग 25 किमी दूर सेखसर गांव जाना पड़ता है। कई बार तो गंभीर रूप से बीमार पशुओं को वहां तक ले जाने में अथवा वहां से डॉक्टर को बुलाने में ही उन जानवरों की मौत तक हो जाती है।**


शारदा मेघवाल

देश के अन्य राज्यों की तरह राजस्थान के बीकानेर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पशुपालन न केवल रोजगार का प्रमुख साधन है बल्कि इससे जुड़े आर्थिक और सामाजिक पहलू भी इस क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। लेकिन पशुपालन में बढ़ती कठिनाइयों ने किसानों और पशुपालकों के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी है। इनके सामने सबसे बड़ी समस्या अपने बीमार पशुओं के इलाज के लिए पशु चिकित्सकों की कमी है। पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल और समय पर उपचार के लिए विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की जरूरत हर गांव में महसूस की जा रही है। समय पर उपचार न मिलने के कारण पशु गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं, जिससे किसानों की आय प्रभावित होती है। वहीं उनकी उत्पादकता कम हो जाती है। 20वीं पशुधन गणना 2019 के अनुसार देश में कुल पशुधन आबादी करीब 535.78 मिलियन (53 करोड़ 57 लाख) है जो 2012 की तुलना में 4.6 प्रतिशत अधिक है। हालांकि इस अवधि में राजस्थान में पशुधन की संख्या 56.8 मिलियन (5.68 करोड़) दर्ज की गई जो 2012 की तुलना में 1.66 प्रतिशत कम है। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश के बाद राजस्थान देश का दूसरा सबसे अधिक पशुधन उपलब्ध कराने वाला राज्य बना हुआ है। याद रहे कि देश में प्रति पांच वर्ष बाद पशुधन गणना की जाती है।

बीकानेर जैसे रेगिस्तानी इलाकों में पशुपालन के रूप में गाय, भेड़, बकरी, घोड़ा और ऊंट प्रमुख रूप से मिलते हैं। जिससे न केवल दूध बल्कि मांस, बाल और उनके फर आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसे एशिया की सबसे बड़ी ऊन मंडी के रूप में जाना जाता है। बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक से 20 किमी दूर राजपुरा हुडान गांव में आर्थिक रूप से कमज़ोर किसानों के पास भी कृषि के अतिरिक्त पशुधन आय का एकमात्र साधन है। ऐसे पशु चिकित्सकों की कमी न केवल मवेशियों के स्वास्थ्य पर बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी गहरा असर डाल रही है। ग्रामीण जीवन का एक बड़ा हिस्सा पशुधन ही माना जाता है, जो न केवल भोजन का स्रोत है, बल्कि आर्थिक स्थिरता का भी माध्यम है। ऐसी स्थिति में पशु चिकित्सकों की भूमिका अनिवार्य हो जाती है। जो न केवल पशुओं के रोगों का निदान करते हैं, बल्कि उनके प्रजनन, स्वास्थ्य विकास और निवारक उपायों के माध्यम से पशुधन की संख्या और गुणवत्ता में भी वृद्धि करते हैं। उनके अनुभव और विशेषज्ञता के कारण पशुओं की विभिन्न बीमारियों का इलाज संभव हो पाता है, जिससे किसानों की मेहनत तो बढ़ती ही है, साथ ही अर्थव्यवस्था को भी सहारा मिलता है।



ऐसे में पशु चिकित्सकों की कमी से पशुओं को पर्याप्त देखभाल नहीं मिल पाता है। उचित समय पर उन्हें उपचार उपलब्ध नहीं हो पाता है।

इस संबंध में गांव के एक किसान भंवरलाल मेघवाल कहते हैं कि यहां के अधिकांश लोग बड़ी संख्या में पशुपालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लेकिन अगर इस इलाके में कोई पशु बीमार पड़ जाए तो उसके लिए एक भी पशु चिकित्सक नहीं है और ना ही यहां पशुओं का कोई अस्पताल है। हमें डॉक्टर को बुलाने के लिए गांव से लगभग 25 किमी दूर सेखसर गांव जाना पड़ता है। कई बार तो गंभीर रूप से बीमार पशुओं को वहां तक ले जाने में अथवा वहां से डॉक्टर को बुलाने में ही उन जानवरों की मौत तक हो जाती है। जिससे आर्थिक रूप से हमें काफी नुकसान होता है। वह कहते हैं कि सरकार को अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सालय खोलने और पशु चिकित्सकों की तैनाती पर गंभीरता से प्रयास करनी चाहिए, ताकि किसान अपने पशुओं की बेहतर देखभाल कर सकें। एक अन्य ग्रामीण 45 वर्षीय रूपाराम कहते हैं कि रेगिस्तानी क्षेत्र होने के कारण यहां पानी की भारी कमी है। पीने का साफ पानी न मिलने की वजह से भी अक्सर पशु बीमार होकर अपनी जान गंवा देते हैं। अगर हम किसी प्राइवेट डॉक्टर में जाते हैं तो वे बहुत ज्यादा फीस लेते हैं। इसके अलावा पशुओं के लिए मिलने वाली दवाइयां भी काफ़ी महंगी होती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि हम ग़रीब लोग अपने बच्चों का पालन-पोषण करें या अपने पशुओं का इलाज करवाएं? वहीं 55 वर्षीय पंचराम कहते हैं कि राजपुरा हुडान या उसके करीब के किसी भी गांव में पशुओं के लिए कोई भी सरकारी अस्पताल या सस्ते दर पर दवाएं उपलब्ध नहीं है। जब हमारे किसी पशु की टांग भी टूट जाती है तो हम उसका इलाज कराने के लिए स्थानीय गौशाला में ले जाते हैं, जहां गौशाला वाले हमसे बहुत बड़ी रकम मांगते हैं। जिसे पूरा करने के लिए हम गरीब किसान समर्थ नहीं होते हैं। वह कहते हैं कि गांव में जब इंसानों के लिए पीने का साफ़ पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है तो पशुओं के लिए पीने का साफ़ पानी कहां से उपलब्ध हो सकता है? हमें लगता है कि यदि हमारे गांव में भी कोई सरकारी स्तर पर पशुओं के लिए अस्पताल और डॉक्टर होता तो अच्छा होता।

राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सालयों और डॉक्टरों की कमी के कारण किसानों को अपने पशुओं के इलाज के लिए अक्सर दूरदराज के शहरों में जाना पड़ता है, जिससे न केवल उनका समय बर्बाद होता है बल्कि अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ता है। अक्सर बीमारी की गंभीरता के कारण पशुओं की मृत्यु तक हो जाती है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशु रोगों के उपचार के लिए विशेषज्ञों की भारी कमी है, जिससे सामाजिक और आर्थिक समस्याएं पैदा होती हैं। पशु चिकित्सक पशुओं को विशेष टीके लगाते हैं, उनके आहार में सुधार करने की सलाह देते हैं और नई तकनीकों के माध्यम से पशुधन उत्पादन बढ़ाने में मदद करते हैं। उनकी मदद से दूध उत्पादन में भी वृद्धि संभव है, जो किसानों के लिए अतिरिक्त आय का प्रमुख स्रोत बन जाता है। ऐसे में सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए तथा पशुपालन को आधुनिक तरीके से विकसित करने का प्रयास करनी चाहिए ताकि देश दूध, मांस व अन्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सके।

# सफलता के लिए युवा करें समय का सदुपयोग: चिराग

■ विविध कार्यक्रमों के साथ प्रयास सामाजिक संगठन ने मनाया स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित प्रयास सामाजिक संगठन द्वारा रविवार को अपना आठवां स्थापना 'युवा दिवस एवं प्रयास स्थापना' के रूप में शहर से सटे नीबी बेलइसा स्थित स्वामी विवेकानन्द प्रतिमा के समक्ष धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आगाज स्वामी विवेकानन्द के प्रतिमा पर मुख्य अतिथि आईपीएस चिराग जैन, केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह सहित केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित करने के उपरांत विशेष क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे रक्त दान के क्षेत्र में कमलेश यादव, शिक्षा के क्षेत्र में प्रधानाचार्य रामचन्द्र यादव, सराहनीय कार्यो के लिए करूणेश पांडेय व राष्ट्रीय अविष्कार योजना के प्रश्नोत्तरी में अव्वल छात्र रवि सक्सेना, कुमारी अंतिमा, कुमारी रिया, सोनम चौहान, स्नेहा निषाद व उनके शिक्षक हरिकेश, राजेश कुमार राय, श्रीराम सिंह, रामबदन यादव, श्रीमती मृदुला राय को आदि को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आईपीएस चिराग जैन ने कहाकि युवा दिवस पर युवा अपने जीवन का एक लक्ष्य बनाकर उसके लिए आगे बढ़े। समय का सदुपयोग करते ही व्यक्ति किसी भी मंजिल तक पहुंच सकता है। लक्ष्य के सापेक्ष चलने वालों को निश्चित ही मंजिल मिलेगी। इच्छुक युवाओं को गाइडेंस देने में मुझे खुशी होगी। अभिभावक अपने बच्चों का विशेष ख्याल रखें ताकि यही बच्चे आगे चलकर स्वामी विवेकानंद जी की तरह देश व समाज का नाम रौशन कर सकें।विशिष्ट अतिथि संरक्षक बलेश्वर सिंह ने कहाकि प्रयास के मंच को साझा करने में ही हम गौरवान्वित महसूस कर रहे है, संगठन के कार्यो की जितनी भी तारिफकी जाए कम है। अध्यक्षीय सम्बोधन में राणा बलवीर सिंह ने कहाकि संगठन का अनाज बैंक, नेकी का बाक्स, पशुओं की सेवा, कोरोना काल में भोजन की व्यवस्था आदि जैसे सैकड़ों कार्यो से नेकी की मिसाल कायम किया है। जो सदा अनुकरणीय रहेगा। आंगतुकों के प्रति आभार जताते हुए प्रयास केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहाकि समाज के श्रेष्ठ व्यक्तियों के मदद से ही प्रयास आज अपने स्थापना दिवस की खुशी मना रहा है। उन्होंने कहाकि चंद साथियों के साथ शुरू हुआ प्रयास सामाजिक संगठन आज कई प्रदेश के बहुत से शहरों में हजारों असहायों की मदद का सार्थक प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहाकि प्रत्येक युवाओं को स्वामी विवेकानंद को आत्मसात करना चाहिए और अपने अंदर चेतना की नई ऊर्जा विकसित करते हुए लोगों की मदद करनी होगी ताकि मानवीयता को सहेजा जा सकें। अंत में जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण किया। संचालन कवि आदित्य आजमी व ओमनरायन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर सचिव इंजी सुनील यादव, शिवप्रसाद पाठक, डा हरिगोविन्द विश्वकर्मा, रामकेश यादव, धनश्याम मौर्य, शम्भुदयाल सोनकर, डा वीरेंद्र पाठक, अमित यादव, रविशंकर सिंह, किशन कुमार सहित सभी सदस्य, पदाधिकारी व सरंक्षणगण मौजूद रहे।

## मानव सेवा को जीवन में उतारे- राजेंद्र मिश्रा



**प्रयागराज।** बड़ी बगिया सलोरी में भाजपा शिव कुटी मंडल के तत्वाधान में भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने जरूरतमंदों को ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किया और कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है मानव सेवा को अपने जीवन में उतारे और गरीब एवं जरूरतमंदों की सेवा करें। प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि 182 लोगों को कंबल वितरण किया गया और निशुल्क भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर आशुतोष पांडे, राजेश केसरवानी, विजयलक्ष्मी सिंह, कंचन लता कुशवाहा, सुनील वैश्य, नीलीमा उपाध्याय, प्रशांत शुक्ला आदि भाजपा कार्यकर्ता रहे।

# यति नरसिंहानंद के अखाड़े में जाने वाले अयूब से दूसरे दिन भी पूछताछ जारी

अवधनामा संवाददाता

**महाकुंभ नगर।** आयूष बनकर जूना अखाड़े के शिविर में पहुंचने वाले अयूब से दूसरे दिन भी पूछताछ होती रही। पुलिस के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां भी उसका नेटवर्क खंगाल रही हैं। हालांकि अब तक की छानबीन में पुलिस को कोई खास सुराग हाथ नहीं लगा है।

ऐसे में उसके मोबाइल की काल डिटेल रिपोर्ट सीडीआर निकलवाई जा रही है, ताकि यह पता चल सके कि उसके संपर्क में कौन-कौन और किस तरह के लोग हैं। एटा निवासी आरोपित अयूब ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी करने के लिए आया था, लेकिन कई प्रश्नों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इस आधार पर उसे संदिग्ध मानते हुए जांच-पड़ताल की जा रही है।

महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 20 में जूना अखाड़े के अंतराष्ट्रीय प्रवक्ता नारायण गिरि का शिविर है। मंगलवार देर रात महामंडलेश्वर व डासना मंदिर के प्रमुख यति नरसिंहानंद गए हुए थे। इसी दौरान वहां एक युवक पहुंचा। वह यति नरसिंहानंद के बारे में जानकारी लेते हुए मिलने की बात कही।

**मिलने की जिद पर अड़ा युवक**

संतों ने जब अधिक रात होने की बात कही तो युवक अपनी मिलने की जिद पर अड़ गया। कहने लगा कि उसका नाम आयुष है और बड़ी दूर से आया है। बिना मिले नहीं जाएगा। उसके हाव-भाव के आधार पर संतों ने युवक को संदिग्ध मानते हुए पकड़ लिया। इसके बाद पूछताछ शुरू की तो पता चला कि आयुष का नाम आयूब है। फिर उसे पुलिस को सौंप दिया गया। एसएसपी महाकुंभ राजेश द्विवेदी का कहना है कि संदिग्ध युवक के मामले में जांच जारी है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महाराजा सुहेलदेव वि वि के नवागत कुलपति ने ग्रहण किया कार्यभार

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्विद्यालय आजमगढ़ के नए कुलपति प्रो0 संजीव कुमार ने बुधवार को विश्विद्यालय परिसर में पहुँचकर एक सादे समारोह में निवर्तमान कुलपति प्रो प्रदीप कुमार शर्मा जी से दूसरे कुलपति के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुल सचिव विशेश्वर प्रसाद ने अन्य अधिकारी गणों के साथ परिसर में माननीय कुलपति जी कीआगवानी की।ध्यातव्य हो कि विगत शुक्रवार ए ग्रेड लाने के लिए को मावकुलाधिपतिध् राज्यपाल उत्तर प्रदेश ने विश्विद्यालय के प्रथम कुलपति प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा का कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत अंबेडकर विश्वविद्यालय आगराके प्रो0 संजीव कुमार की नियुक्ति का आदेश जारी किया था। प्रो0 संजीव कुमार भीमराव अंबेडकर विश्विद्यालय आगरा के गणित विभाग के प्रोफेसर और डीन एकेडमिक के रूप में कार्यरत रहे हैं और वहाँ शोध समिति के निदेशक के साथ प्रवेश प्रकोष्ठ के समन्वयक का दायित्व संभाल चुके हैं।

## प्रधान संघ ने प्रधान संगठन के अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**आजमगढ़।** प्रधान संघ सठियांव के अध्यक्ष अमरेश यादव की मनाई गई। पुण्यतिथि विकास खण्ड क्षेत्र सठियांव अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुराई के रहे प्रधान एवं सठियांव विकास खण्ड के प्रधान संगठन के अध्यक्ष अमरेश यादव उर्फबब्बन की दूसरी पुण्यतिथि बुधवार को सठियांव में मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। सपा विधायक अखिलेश यादव के छोटे भाई एवं ग्राम प्रधान स्वर्गीय अमरेश यादव उर्फबब्बन की दूसरी पुण्यतिथि उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर मनाई गई।

विधायक अखिलेश यादव ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने स्वर्गीय अमरेश यादव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि।वह एक मिलनसार सरल और मृदुभाषी थे। वह आज हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन उनका व्यवहार आचरण आज भी याद किया जाता है। वह ग्राम पंचायत का दो बार प्रतिनिधित्व किया। वहीं वह ब्लाक संगठन के अध्यक्ष होने के साथ साथ पत्रकारिता जगत से जुड़े रहे।

# विद्युत कर्मचारी ने काली पट्टी बांधकर विभागीय कार्य करने के बाद किया निजीकरण विरोध

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** आज बुधवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर बिजली के निजीकरण के विरुद्ध प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत सोमवार को आजमगढ़ के समस्त बिजली कर्मचारी, संविदाकर्मी, इंजीनियरों ने पूरे दिन काली पट्टी बांधकर विभागीय कार्य किया।

कार्यालय समय के बाद हाइडिल सिधारी कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध सभा कर संकल्प लिया कि हम ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण का आखिरी स्वास तक विरोध करेंगे। बिजली का निजीकरण गरीबों मेहनतकश आवाम, आम विद्युत उपभोक्ताओं, किसानों, मजदूरों, नौजवानों, छात्रों एवं बिजली कर्मचारियों तथा प्रदेश का विकासविरोधी है। तथा आर्थिक रूप से प्रदेश की जनता को बड़े पूंजीपतियों का गुलाम बनाने की साजिश है। विरोध सभा में वक्ताओं ने कहा कि बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं की कड़ी मेहनत के कारण पावर कॉरपोरेशन के आंकड़ों के अनुसार एटी एंड सी लासेस वर्ष 2023 - 24 में घटकर मात्र 16.92 प्रतिशत रह गया। एवं राजस्व वसूली वर्ष 2023 - 24 में बढ़कर रुपया 62069 करोड़ हो गई है (जिसमें सरकारी सब्सिडी और सरकारी विभागों पर बकाए की धनराशि सम्मिलित नहीं है)। जिसमें यह दर्शाता है कि बिजली की चोरी रोकने एवं राजस्व वसूली को बढ़ाने के लिए बिजली कर्मचारियों ने व्यापक सुधार किया है। भारत सरकार की रिवैंप योजना के अंतर्गत चालीस हजार करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व सिस्टम को मजबूत करने में लगाया जा रहा है। अप्रैल 2025 के बाद लाइनहानिया घटकर 12 प्रतिशत रह जाएगी और राजस्व वसूली में गुणात्मक सुधार होगा। ऐसे में अगर विद्युत वितरण व्यवस्था का निजीकरण किया जाता है तो बिजली के ढांचे में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर खर्चा किए गए सरकारी धन का लाभ प्राइवेट कंपनियों को होगा।

## ट्रेन के पहिए में चिंगारी देख रुकवाई गई ट्रेन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर(खेतासराय)** बुधवार सुबह वाराणसी-अयोध्या रेलखंड पर गेटमैन की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। खेतासराय स्टेशन से गुजर रही वाराणसी-अयोध्या पैसेंजर ट्रेन के पहिए से चिंगारी निकलते देख गेटमैन ने तुरंत ट्रेन को रुकवा दिया।जांच में पाया गया कि ट्रेन के पहिए में लोहे की सरिया फंसी हुई थी। मौके पर पहुंचे रेलकर्मियों ने सरिया का टुकड़ा निकालकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया। गेटमैन की सतर्कता से यात्रियों की जान सुरक्षित बचाई जा सकी।इस मामले पर आरपीएफ प्रभारी सुनील दिवाकर ने बताया कि ट्रेन के कैटल तार टगिट्टी से टकराने का मैसेज प्राप्त हुआ था, जिसकी जांच की गई। हालांकि, ट्रैक पर सरिया मिलने जैसी किसी घटना की पुष्टि नहीं हुई है।

# निजी ऑनग्रिड पम्प सोलराइजेशन पर दिया जा रहा बल

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** परियोजना अधिकारी नेडा एसके वर्मा ने अवगत कराया है कि प्रदेश में विभिन्न क्षमता के स्थापित निजी ऑनग्रिड पम्प सोलराइजेशन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अनुमन्य 30 प्रतिशत अनुदान के अतिरिक्त अनुसूचित जनजाति, वनटांगिया एवं मुसहर जाति के कृषकों के लिए राज्य अनुदान 70 प्रतिशत अनुमन्य किया गया है।

अन्य श्रेणी के कृषकों के लिए केन्द्रीय अनुदान 30 प्रतिशत के अतिरिक्त 60 प्रतिशत राज्य अनुदान अनुमन्य है एवं 10 प्रतिशत अंशदान कृषको द्वारा देय होगा। पीएम कुसुम घटक सी-1 योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्रदेश के लिए विभिन्न क्षमता (3 एचपी, 05 एचपी, 7.5 एचपी एवं 10 एचपी) के 10000 संख्या निजी ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन का लक्ष्य निर्धारित है। जनपद से विभिन्न क्षमता (3 एचपी, 05 एचपी, 7.5 एचपी एवं 10 एचपी) के स्थापित मीटर्ड निजी ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन के लिए यूपीनेडा के विकसित पोर्टल पर में किये गये आवेदन इच्छुक लाभार्थी कृषकों द्वारा नवीन ऑनलाइन आवेदन का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। चयनित लाभार्थी कृषक के विभिन्नत क्षमता (3 एचपी, 05 एचपी, 7.5 एचपी एवं 10 एचपी) के निजी ऑनग्रिड पम्प सोलराइजेशन हेतु ऑनग्रिड सोलर पावर प्लान्ट की आपूर्ति, स्थापना एवं कमिशनिंग तथा संयत्र की नेट मीटरिंग की व्यवस्था सम्बन्धित डिस्कॉम के सहयोग से अनुमोदित अनुबंधित फर्म द्वारा किया जायेगा। निजी मीटर्ड ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में आमंत्रित निविदा के अन्तिमीकरण से प्राप्त क्षमतावार संयत्रो की की अनुमोदित दरें अनुदान एवं कृषक अंशदान क्रमशः 03 एचपी पम्प का अनुदान 23900 रूपये 05 एचपी पम्प का अनुदेन 39325 रूपये, 7.5 एचपी पम्प का अनुदान 54800 रूपये एवं 10 एचपी पम्प का अनुदान 226750 रूपये है। लाभार्थी कृषक द्वारा यूपीनेडा की बेवसाइट पर विकसित पोर्टल के माध्यम से कृषक अंशदान ऑनलाइन जमा किया जायेगा। इच्छुक लाभार्थी कृषक सम्बन्धित पोर्टल पर आवेदन कर योजना का लाभ उठाए एवं अधिक जानकारी परियोजना अधिकारी मोबाइल नम्बर 9458243612 यूपीनेडा राजीव भवन परिसर सिविल लाइन मथुरा से की जा सकती है।

# मथुरा में मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती जी के 69 वे जन्मदिन को जन कल्याणकारी दिवस के रूप में ईट मण्डी लक्ष्मी नगर जनपद मथुरा में मनाया गया मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व मंत्री व आगरा मंडल प्रभारी अजय सील गौतम जी ने बहन कुमारी मायावती जी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई देते हुए कहा जब बहन जी की सरकार थी जन कल्याणकारी योजना के द्वारा सर्व समाज के लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया जैसे काशीराम आवास योजना अंबेडकर ग्राम विकास योजना के तहत सड़क शिक्षा सुरक्षा और चिकित्सा जैसे विभागों में लाभ पहचाने का भी काम किया और पंचायत राज विभाग यूपी पुलिस और भी अन्य विभागों में भर्ती निकाल करके सर्व समाज के लोगों को रोजगार देने का काम किया आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में बहन कुमारी मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया विशिष्ट अतिथि आगरा मंडल प्रभारी दारा सिंह आजाद मण्डल ने बताया जब बहन कुमारी मायावती की सरकार थी तो कानून का राज कानून के द्वारा स्थापित था बहन बेटियां स्कूल तक निडर जाती थी आज भी लोग बहन जी की सरकार को याद करते हैं मण्डल प्रभारी संजय गुर्जर मण्डल प्रभारी राजाराम निगम यह जानकारी जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश कर्दम जी ने दी जिला प्रभारी गोवर्धन जिला प्रभारी ओमप्रकाश बघेल जिला प्रभारी डॉ. अमर सिंह जिला प्रभारी महेश फालेन जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर शर्मा जिला महासचिव चौधरी हरी सिंह कोषाध्यक्ष डॉ राज पूर्व जिलाध्यक्ष हेमेंद्र कुमार पूर्व विधायक प्रत्याशी बलदेव अशोक कुमार सुमन पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रेमचंद कर्दम जिला कार्यकारिणी मुख्तियार सिंह गौतम रामबाबू गौतम पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य योगेंद्र सिंह पूर्व प्रभारी महेंद्र पाल सिंह विधानसभा प्रभारी बनवारी लाल छिनपारई कुंदन सिंह चौहल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य द्वारा गोप्रतिष्ठा यज्ञ का हुआ उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने गो प्रतिष्ठा महायज्ञ का उद्घाटन किया। प्रकृष्ट मात्रा में याज जहाँ होते है ऐसे प्रयागराज की पावन भूमि पर गो को राष्ट्रमाता के पद पर प्रतिष्ठा करने के लिए, गाय की रक्षा के लिए एवं गायो को पुष्ट करने हेतु एक महीने तक एक बहुत बड़ा यज्ञ प्रयागराज कुम्भ में शुरू हुआ। जिसका आरम्भ माघ कर्ष्णि द्वितीया तदनुसार आज हुआ। 324 कुंडीय यज्ञ, जिसमें सवा तीन करोड़ आहुतियां दी जाएगी। वेदपाठी आचार्यो के निर्देशानुसार अनुष्ठान आरम्भ हो गया है। यह यज्ञशाला कुम्भ मेला क्षेत्र की सबसे बड़ी यज्ञशाला है। वैदिक पद्धति से बना यह यज्ञशाला इस कुम्भ में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अभी तक 108 कुण्डीय यज्ञशाला तो बहुत बनीं है लेकिन 324 कुण्डीय यज्ञशाला बहुत कम देखने को मिलता है। इस यज्ञ से गाय की रक्षा, सनातन धर्म की रक्षा, सम्पूर्ण सनातनियों रक्षा का संकल्प लिया गया है। आज सुबह जगदुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज सुबह सेक्टर 19 में मोरी मार्ग पर स्थित शंकराचार्य शिविर में पहुंच कर उद्घाटन किया। उक्त जानकारी शंकराचार्य जी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने दी है।

## स्कूटी सवार युवक युवती की सड़क हादसे में मौत

**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के गांव अडीग बाईपास पर बुधवार की सुबह मथुरा की तरफ से गोवर्धन दर्शन करने आ रहे स्कूटी सवार युवक युवती की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर हुई मौत। बुधवार की सुबह हर्ष बोहरा पुत्र ओमपाल सिंह बोहरा उम्र करीब 19 वर्ष और रूपासी सिंह पुत्री शैलेन्द्र कुमार उम्र करीब 18 वर्ष है स्कूटी से गोवर्धन दर्शन करने आ रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनों पीमवी पॉलिटेक्निक के छात्र छात्रा हैं जो कि दर्शन करने के लिए आ रहे थे। बुधवार की सुबह घना कोहरा था, अडींग बाईपास पर किसी वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। वाहन की चपेट में आ जाने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय राहगीरों और पुलिस की मदद से गोवर्धन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस द्वारा दोनों मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई है।

# मदरसा गुलशन-ए-मदीना में गरीब बच्चों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण



अवधनामा संवाददाता

**बाजपट्टी (सीतामढ़ी, बिहार)** मदरसा गुलशन-ए-मदीना, नूरी मोहल्ला, भनभीड़वा टोला, वार्ड नंबर 13 में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के बैनर तले एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी मो. निराले साफी ने मासूम मदरसे के बच्चों के बीच ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का वितरण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ बिहार के सीतामढ़ी के प्रदेश महासचिव मो. शमशाद अंसारी ने की। उन्होंने इस कार्य को समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और सभी से गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

इस नेक कार्य में डॉ. सरफराज अहमद, शमीम अशरफ अंसारी, शब्बीर अहमद, शफीक मंसूरी, मो. फरमान, मो. मुस्लिम मंसूरी, और मो. असल नदफ ने भी अपना सहयोग दिया। यह पहल न केवल समाज में भाईचारे और मानवता को बढ़ावा देती है, बल्कि जरूरतमंद बच्चों की मदद कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी देती है।

# छत्तीसगढ़ के पीड़ित श्रद्धालुओं की मदद को आगे आये लोग

अवधनामा संवाददाता

■ तेलंगाना से आए श्रद्धालुओं की बस में आग लगने से हुआ था हादसा

**मथुरा।** मंगलवार को पानी गांव संपर्क मार्ग स्थित टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में तेलंगाना से आए हुए श्रद्धालुओं की बस में आग लग जाने के कारण श्रद्धालु का काफी नुकसान हो गया। जिसके बाद वृंदावन के सामाजिक लोगो और प्रशासन के द्वारा कई रूप से उनकी सहायता की गई। इसी क्रम में वृंदावन नगर के नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी के द्वारा सभी श्रद्धालुओं को आर्थिक और खाद्यान्न सामग्री वितरित कर सहायता की गई। सोशल मीडिया के माध्यम से उन लोगों की सहायता करने के लिए समाजसेवियों से गुहार लगाई गई थी। वहीं इस मौके पर बोलते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक बंसल और चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जैसे ही नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल को अवगत हुआ कि बाहर से आए श्रद्धालुओं को सहायता की आवश्यकता है, तो व्यापार मंडल ने तुरंत सभी श्रद्धालुओं को आर्थिक और खाद्यान्न सामग्री वितरित कर सहायता की। हमारा यही लक्ष्य है कि वह सभी श्रद्धालु अपने घरों तक सकुशल पहुंच सके। वहीं प्रशासन के द्वारा भी उनकी मदद की जा रही है। साथ ही हमारी सभी से यही अपील है, कि वृंदावन में आने वाले श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता करनी चाहिए। इस मौके पर आशीष ठाकुर, बाबू दास यादव, अंकित ठाकुर, महेश गौतम, अंकित वार्ष्णेय, बृजेश गुप्ता बंटी, प्रहलाद गुप्ता, बंशी तिवारी, सुजीत वार्ष्णेय, अनिल गौतम, अशोक पापडिया पवन अग्रवाल, बाबूलाल निषाद, दीपक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# खुलासा: गैंग मथुरा में बना रहा था बोर्ड, विश्वविद्यालयों की 'फर्जी डिग्री'

## वसूली जाती थी मोटी रकम, फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** फर्जीवाड़े का जिन्न एक बार फिर बोतल निकल आया है। थाना कोतवाली पुलिस ने विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक बोर्ड की फर्जी मार्कशीट, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के सरगरा सहित पांच जालसाजों को फर्जी मार्कशीट, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं प्रयुक्त इलैक्ट्रानिक उपकरण सहित गिरफ्तार किया है।

विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक बोर्ड की फर्जी मार्केशीट, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के पांच अभियुक्तों मनीष प्रताप सिंह उर्फ मांगेराम पुत्र रामकिशन निवासी पुराना किला थाना हुसैनगंज जिला लखनऊ, मुकेश पुत्र देवी सिंह निवासी ग्राम चुरमुरा थाना फरह, सुरेश चन्द्र पुत्र बिजेन्द्र सिंह निवासी बसई थाना शेरगढ़, ऋषि पुत्र हरिओम निवासी ग्राम दलौता थाना शेरगढ़, रामप्रकाश गौतम पुत्र सत्यप्रकाश गौतम निवासी पुष्प बिहार कालोनी थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा को बजरंग धर्मकांटा के पास बने मकान से समय करीब 21.30 बजे गिरफ्तार किया गया।

मौके से एक अन्य साथी विक्रम सिंह पुत्र नवल सिंह निवासी बसई थाना शेरगढ़ जिला मथुरा भागने में सफल रहा। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों से शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने में प्रयुक्त उपकरण व कई फर्जी मार्कशीट व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बरामद हुये। अभियुक्तों के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर धारा 61(2), 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

**गैंग ऐसे कर रहा था काम :** युवाओं की तलाश कर संपर्क स्थापित करके सम्बन्धित विश्वविद्यालयों, शिक्षा बोर्डो से अलग अलग रेट तय कर वार्षिक दर से फर्जी शिक्षा प्रमाण पत्र, अंकतालिका, टीसी तैयार करते थे। तफर्जी तरीके से उनको शैक्षिक अंकपत्र, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र प्रदान कर मोटी रकम वसूलने का कार्य करते थे। जिनके अन्तर्गत कुछ विश्वविद्यालय, बोर्ड भी संलिप्त होते थे। उनके विरूद्ध भी कार्यवाही अलग से प्रचलित है। इस कार्य के लिए प्रत्येक युवा से एक फर्जी मार्कशीट, अंकपत्र के लिए के लिए 5000 से 45000 तक की रकम बसूलते थे। जिसका आधा हिस्सा ये लोग यूनिवर्सिटी को भी देते थे।

### लखनऊ के बाद मथुरा को बनाया ठिकाना

अभियुक्त मनीष प्रताप सिंह उर्फ मांगेराम पुत्र रामकिशन निवासी पुराना किला थाना हुसैनगंज जिला लखनऊ उम्र करीब 60 वर्ष गिरोह का मुख्य सरगना है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की मथुरा शहर में फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का एक सदस्य गोवर्धन चौराहे पर किसी ग्राहक की तलाश में खड़ा है। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा गोवर्धन चौराहे से अभियुक्त मुकेश पुत्र देवीराम निवासी ग्राम चुरमुरा थाना फरह जिला मथुरा को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से दो फर्जी मार्कशीट व एक मोबाइल बरामद हुआ।

### किराये के मकान में लगा रखा था सैटअप

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त मुकेश से कड़ाई से पूछताछ की गई तो बताया कि हमारा एक फर्जी मार्कशीट बनाने का गिरोह है। हम लोगों ने बजरंग धर्मकांटा के पास एक निजी मकान किराये पर ले रखा है। जिसमें पूरा फर्जी मार्कशीट बनाने का सेटअप लगा रखा है तत्पश्चात कोतवाली पुलिस द्वारा बजरंग धर्मकांटा के पास बने मकान में से अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मनीष प्रताप सिंह उर्फ मांगेराम गैंग का सरगना है जिसके द्वारा अलग अलग राज्यों के शिक्षा बोर्डों व विश्वविद्यालयों के नाम से फर्जी मार्कशीट व टीसी. व अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्र कंप्यूटर पर सॉफ्टवेयर के माध्यम से बनाने का कार्य किया व कराया जाता है और इससे मोटी रकम वसूली जाती है। मनीष कुछ दिन पूर्व अपने साथियों के साथ लखनऊ में कर रहा था लेकिन पुलिस द्वारा साथियों को पकड़ लिया गया था।

■ **ये हुई बरामदगी :** शैक्षिक प्रमाण पत्र से सम्बन्धित कूटरचित व जाली अंक तालिका कुल 17 वर्क, फर्जी टीसी शैक्षिक दस्तावेज कुल 13 वर्क, एक पेपर कटिंग मशीन, एक लैपटाप, एक प्रिंटर मशीन, 15 नोटबुक रजिस्टर जिन पर भिन्न भिन्न बोर्ड व कोर्स के नाम मय विद्यार्थियों के नाम व रोल नम्बर के साथ अंकित हैं। नौ पीले लिफाफे बड़े आदि बडी मात्रा में सामान बरादम किया है। मनीष प्रताप सिंह के विरूद्ध करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# प्रचार प्रसार विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम हरदोई।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान के पांचवें चरण के संचालन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न विधिक प्राविधानों का प्रचार प्रसार विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई, के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश संजीव शुक्ला जी सचिव/अपर जिला जज भूपेंद्र प्रताप जी के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति बिलग्राम सचिव /तहसीलदार श्री अमित यादव जी के निर्देश पर नायब तहसीलदार श्री मुकेश कुमार चौधरी जी की अध्यक्षता मे महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान के पांचवें चरण के संचालन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न विधिक अधिकारों से संबंधित विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन बाबा मंशा नाथ इंटर कॉलेज बिलग्राम हरदोई में समय 12.00बजे मध्यान्ह को किया गया। जिसमे नायब तहसीलदार बिलग्राम श्री मुकेश चौधरी जी द्वारा संपत्ति में महिलाओं को कानूनी अधिकार पोश एक्ट 2013, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, पाक्सो एक्ट 2012, गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 तथा वीमेन हेल्पलाइन नंबर 1090 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 डायल 112 के विषय में जानकारी दी गई व पी .एल.वी. प्रदीप कुमार द्वारा महिला सशक्तिकरण के विषय में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा जारी कानूनी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 15 100 आदि के बारे मे जानकारी दी गई तथा नालसा द्वारा चलाई जा रही मुख्य योजनाओं के विषय में जानकारी दी। प्रधानाचार्य द्वारा महिलाओं को भारतीय संविधान में वर्णित पुरुषों के सामान की महिलाओं को मौलिक अधिकारों के साथ-साथ अन्य विभिन्न विधिक अधिकार प्रदान किए गए हैं जिससे महिलाएं समाज में पुरुषों के समान सुरक्षा सम्मान पद व प्रतिष्ठा प्राप्त कर सके की जानकारी दी गई गई था शिविर में अध्यापक गण व अधिक संख्या मे छात्राएं उपस्थित रही।

# हजरत अली के जन्मदिन पर भव्य जुलूस बरामद



अवधनामा संवाददाता

**संभल।** मंगलवार को हजरत अली के जन्म दिन के मौके पर भव्य जुलूस बरामद किया गया जिसमें नारे हैदरी या अली या अली की सदाये बुलन्द हुई।

शहर से मुहल्ला मंडी किशन दास सराय मे स्थित इमामबाडा अंसरियान से बरामद जुलूस हुसैनी रोड हो कर मुत्तकी रहमतुल्लाह पर पहुँचा जहॉ से वारसी चौक हुसैनी चौक हो इमाम बाडा अंसारियान में जा समाप्त किया गया हजरत अली की विलादत की खुशी में जुलूस में शामिल लोग मौला अली की शान मे नारे लगाते हुए चल रहे थे जुलूस मे मोहम्मद ताइफ मोहम्मद असद तनवीर हुसैन अशरफी सद्दाम हुसैन अब्दुल माजिद आदि लोग मौजूद रहे। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल साथ रहा उधर तहसील क्षेत्र के गाँव बुकनाल सादात मे स्थित दरगाहे आलिया अली डे मनाया गया जिसमें लोगों से मौला ए कायनात के बताए हुए संदेशो पर चलने को वक्ताओ ने कहा। हजरत अली हमेशा गरीबो मजलूमो बेसहारा कामजोरो की सहायता करते थे हमें भी अपने गरीबो की सहायता करने के लिए आगे रहना चाहिए हजरत अली ने भाईचारे के साथ रहने का जो पैगाम दिया है उस पर अमल करे!

## हजरत अली के जन्म दिन के मौके पर अमरोहा में आयोजित हुए कार्यक्रम



**अमरोहा।** हजरत अली की यौमे विलादत के सिलसिले में जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं लंगर का इंतेजाम किया गया तो कहीं सबील लगाकर राहगीरों मिठाई व हलवा खिलाया गया । घरों में भी नजर ओ नियाज हुई। मंडी चौब चौराहे पर अंजुमन ए असगरी ने सबील लगा कर हलवा तकसीम किया। राहगीरों को मुबारक बाद देकर हजरत अली की यौमे विलादत पर भाईचारे का संदेश दिया। वहीं, अंजुमन रजाकाराने हुसैनी के तत्वावधान में अली डे के उपलक्ष में कोट चौराहे पर सबील लगा कर राहगीरों को हलवे का वितरण किया। इस मौके पर जनरल सेकेट्री खुर्शीद हैदर जैदी ने कहा कि हजरत अली पहले इमाम थे। खुशी के मौक़े पर हमने अस्पतालों में मरीजों को फलों का वितरण किया और कमजोरों तथा गरीब लोगों को कंबल और लिहाफ का वितरण किया। साथ ही अंजुमन ऐसे बच्चों की पढ़ाई में सहायक होती है जो वित्तीय कारणों से अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते। इस मौक़े पर इमदाद आब्दि, हुसैन हैदर, शाने मेहंदी, मोहम्मद तकी, चंदन नकवी ,वसीम अब्बास ,मोहम्मद हैदर, इकबाल हसनैन खान ,कमर रजा सलीम,दायम रजा, अख्तर अब्बास, बहार हैदर,सफी नज़र, मौलाना वसीम, आदि रहे। उधर मोहल्ला लकड़ा में भी सबील का एहतमाम किया गया इस मौके पर शैनाज़ हैदर ने कहा कि इस्लाम को घर-घर तक पहुंचाने मे मौला अली ने अहम योगदान दिया। शिक्षाविद्, वैज्ञानिक, योद्धा व प्रशासक सभी गुण उनके अंदर विद्यमान थे। आपके दौर-ए-हुकूमत में कोई भी भूखा नहीं सोता था। एहले मोहल्ला लकड़ा की ओर से लंगर का एहतमाम कर राहगीरो को खाना खिलाया गया। कासिम आब्दी ने दामादे रसूल की शान में कव्वली भी कराई। इसके अलावा हज़रात शाह विलायत एजुकेशनल ग्रुप ने सभी को मुबारकबाद पेश कि। उधर जवानो ने मोहल्ला मजापोतों के इमाम बाड़े से लंगर का आयोजन किया। अज़ाखाना वज़ीर उन निसा, नौबत खाना, कटकुई, छेवड़ा, क़ाईज़ादा, गुज़री मे भाई नगर वासियों को मिठाई बाँट कर ख़ुशी का इज़हार किया। नगर मे जगह जगह मेहफ़िले समा आयोजित हुई। बताया कि रात मे दोस्त अली कल्चरल फॉर्म की जानिब से अली डे के उनवान से एक बड़ी मेहफिल का आयोजन किया गया है जिसमे हिंदुस्तान के मशहूर शायर शिरकत कर रहे हैं।

# ठण्ड के दिनों में बच्चे एवं वृद्धजन रखे विषेश ध्यानः सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बदलते मौसम में ठण्ड से बचने के लिये स्वास्थ्य विभाग ने एडवाईजरी जारी की हैं। राष्ट्रीय परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शीतलहर के संदर्भ में जारी मौसम संबंधी स्वास्थ्य परामर्ष के बारे में जानकारी देते हुये सीएमओ ने बताया कि शीतलहर का प्रभाव प्रत्येक वर्ष दिसम्बर-जनवरी माह में होता हैं। शीतलहर का 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं वृद्धजनों के स्वास्थ्य पर अधिक प्रभाव पड़ता हैं। इस दौरान पृथ्वी की सतह की निकटवर्ती हवा के तापमान में तेजी से गिरावट होने के कारण शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं। ऐसी परिस्थिति में शरीर को हानि हो सकती हैं। ठण्ड व शीतलहर से नाक बहना, नाक बंद होना, कपकपी, मांसपेशियों में अकडऩ्, सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण हो सकते हैं। इस तरह के लक्षण पाये जाने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार लेना चाहिये। ठण्ड से बचाव के लिये यथा संभव घर के अंदर रहे, ठण्डी हवा से बचने और षरीर की गर्मी को बचाने के लिये कम से कम यात्रा करें, गर्म कपड़े पहने एवं आवश्यकता पडऩे पर निराश्रृत व्यक्ति रैन बसेरा में आश्रय ले सकता हैं। नोडल अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि ठण्ड के मौसम में अस्थमा, खांसी, निमोनिया, आदि बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है अधिक ठण्ड लगने से हाइपोथर्मिया भी हो सकता हैं। अतः सभी को इस मौसम में विशेष ध्यान रखने की आवश्कता होती हैं। पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सैना ने कहा कि ठण्ड के मौसम में शरीर के मौसम का तापमान बनाये रखने के स्वस्थ्य भोजन करे, गर्म तरल पदार्थ का सेवन करे। शीतलहर के निरंतर संपर्क से हाइपोथर्मिया की स्थिति विकसित हो सकती हैं जिसके कारण कपकपी, बोलने मे कठिनाई, नींद आना, मांसपेशियों में अकडऩ्, भारी सांस लेना, कमजोरी और या चेतना का ह्रास हो सकता हैं। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है, जिसमें तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिये। महामारी रोग विषेशज्ञ डा.देशराज सिंह दोहरे ने बताया कि शीतलहर के दौरान कंपकंपी आने की स्थिति को नजर अंदाज न करे यह षरीर की गर्मी के ह्रास का पहला संकेत हो सकता हैं। ऐसी स्थिति में तत्काल घर के अंदर आ जाये। शीतदंश वाले स्थान की मालिस न करें। कार्बन मोनोऑक्साइड के कारण होने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिये मोमबत्ती, लकड़ी को बंद, बिना हवा वाले कमरो में न जलाये।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई ग्राम्य विकास विभाग की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास व पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि अधूरे प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों का निर्माण तेजी से कराया जाये। अपात्रों से रिकवरी का कार्य जल्द कराया जाये। लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाये। आवास प्लस योजना के अंतर्गत सर्वे का कार्य तेजी से कराया जाये। प्रतिदिन कम से कम 100 सर्वे अवश्य पूरे कर लिए जाएं। जीरो पावर्टी के कार्य की प्रगणकवार समीक्षा की जाये।विकास खण्डो में ऑडिट आपत्ति का समय से निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये। मनरेगा की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सामग्री व श्रम का अनुपात ठीक रखा जाये। शासनादेशों का अनुपालन प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाये। जिन ग्राम पंचायतों में शासनादेश का उल्लंघन मिले वहाँ के एपीओ की जवाबदेही तय की जाये। प्रत्येक गाँव में कम से कम एक अमृत सरोवर विकसित किया जाये। निर्माणाधीन राशन की मॉडल शॉप का कार्य तेजी से कराया जाये। उन्होंने एनआरएलएम की समीक्षा के दौरान समूह गठन की धीमी प्रगति को लेकर बीडीओ मल्लावां को कड़ी फटकार लगायी। उन्होंने हरियावा, मल्लावां, बिलग्राम, माधोगंज व कछौना के बीएमएम व सम्बंधित डीएमएम से समूहों के खाते खुलवाने की धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी जताते हुए मानदेय रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल आजीविका रजिस्टर कार्य तेजी से पूरा किया जाये। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त किये जाएं। विकास खण्डो की जारी ताज़ा रैकिंग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। टड़ियावां विकास खण्ड में विभिन्न मानकों की स्थिति ख़राब होने पर नाराजगी जताते हुए सुधार के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि फेमिली आईडी के कार्य में तेजी लायी जाये। कछौना व बिलग्राम में धीमे कार्य को लेकर खण्ड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फेमिली आईडी के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। पंचायत घरों में बैनर लगवाए जाएं। प्रति ग्राम पंचायत प्रतिदिन कम से कम दो फेमिली आईडी अवश्य बनवायी जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, सम्बंधित अधिकारी व जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जनपद में 71618 किसानों की हुई है फार्मर रजिस्ट्री

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में अन्नदाता किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु फार्मर रजिस्ट्री का कार्य मुख्यालय, तहसील, ब्लाक और ग्राम स्तर पर अनवरत जारी है, इस महत्वपूर्ण कार्य में जिले के कोटेदारों, सभ्रांत व्यक्तियों और मीडियाजनों का भी सहयोग लिया जा रहा है, जिससे जनपद के समस्त किसानों का फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन हो सके और किसानों को सरकार द्वारा प्रदत समस्त योजनाओं का लाभ मिल सके, यह प्रक्रिया सरल, तेज और सुरक्षित है, इस योजना के तहत प्रत्येक पंजीकृत किसान को एक यूनिक आईडी दी जाएगी, यह आईडी सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए किसानों के पहचान के रूप में कार्य करेगी, इस योजना से सब्सिडी, मुआवजा और अन्य वित्तीय सहायता सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा होगी।

किसान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और कृषि ऋण जैसी योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकेंगे, यह प्रणाली भ्रष्टाचार को कम करती है और लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने का कार्य करती है, इस योजना का लाभ उत्तर प्रदेश का किसान जो भूमि का मालिक है उसका लाभ ले सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने की पंचायती राज विभाग की समीक्षा




**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि ओडीएफ प्लस में अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों को उत्कृष्ट श्रेणी में लाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। निर्माणाधीन आरआरसी का कार्य तेजी से कराया जाये। आरआरसी के लिए भूमि चिन्हीकरण का अवशेष कार्य तेजी से कराया जाये। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाये। अंत्येष्टि स्थलों का शेष कार्य जल्द पूरा किया जाये। ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्रवाई तेजी से पूरी की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, जिला पंचायती राज अधिकारी विनय कुमार सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नेशनल हाई-वे पर वाहन चालकों को किया जागरूक



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एन.एच.-44 हाइवे पर स्पीड रडार गन से वाहनों के गति की जांच की गई और अनुमन्य गति सीमा से अधिक गति पाए जाने पर 23 वाहनों का एम.वी. एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया। वाहन चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया जिसमें फाग लाइट का क्रियाशील होना और उचित प्रयोग, हाई बीम लो बीम का उचित प्रयोग, लेन ड्राइविंग, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करना, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाना, बिना बीमा के वाहन न चलाना, माल वाहक वाहनों में सवारी आदि न बैठाने के लिए जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया और प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 126 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया। इस दौरान टीएसआई अब्दुल नफीस के अलावा यातायात कर्मी मौजूद रहे।

### प्रदीप त्रिपाठी सातवीं बार बने जिलाध्यक्ष



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा की संस्तुति पर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवीन कार्यकारिणी में लगातार सातवीं बार ललितपुर जिलाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ व्यापारी नेता प्रदीप त्रिपाठी को मनोनीत किया गया। इसके अलावा जिला महामंत्री पद पर अनिल जैन बबड़ी, नगराध्यक्ष महेश जैन मोनू और नगर महामंत्री पद पर पंकज जैन बिरधा को मनोनीत किया गया। मनोनयन पत्र जारी करते हुये प्रदेश चेयरमैन महेन्द्र जैन मयूर, महामंत्री डा.दिलीप सेठ व महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से नवगठित जिला व नगर पदाधिकारियों से व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण में कार्यरत रहने और व्यापारियों के हितार्थ कार्य करते हुये संघर्ष के लिए कटिबद्ध रहने का आह्वान किया।

### जिला जज ने किया बालगृह का निरीक्षण



**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर ने ग्राम दैलवारा स्थित राजकीय बाल गृह बालक में औचक निरीक्षण किया। जिला जज की विजिट में बालक कक्ष, पाठशाला कक्ष, भोजन-शाला का निरीक्षण किया। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी। सुबह के भोजन प्रदर्शित सूची के अनुसार बना हुआ पाया गया, जो बालकों को दिया गया। विजिट के दौरान एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज, सीजेएम विभान्शु सुधीर, प्रभारी अधीक्षक बालगृह रामप्रताप प्रभारी के अलावा न्यायालय से रोहित राठौर, अरविन्द उपस्थित रहे।

## दो करोड़ रूपये से महुवरिया सम्पर्क मार्ग का होगा निर्माण

**सुल्तानपुर।** लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग से गभड़िया को जाने वाले महुवरिया सम्पर्क मार्ग व नाला निर्माण कार्य का हुआ शुभारम्भ। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने भूमि पूजन कर प्रारम्भ कराया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि महुवरिया मार्ग काफी वर्षो से अत्यन्त जर्जर अवस्था में था, जिस पर हमेशा जलभराव की स्थिति बनी रहती थी। इस मार्ग पर कई बड़े विद्यालय हैं, साथ ही यह काफी घनी आबादी क्षेत्र है। जिस मार्ग से स्कूली बच्चों एवं आम जनमानस तथा वाहनों का आवागमन बड़ी संख्या में रहता है। उन्हें आवागम में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय निवासियों तथा आम जनमानस की मांग पर पालिका द्वारा प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था। शासन द्वारा 1320 मीटर की लम्बाई में डामरीकृत सड़क एवं दोनों पटरियों पर कवर्ड आरसीसी नाला निर्माण के कार्य की स्वीकृति प्रदान करते हेतु धनावंटन किया गया है। इस सड़क व नाला निर्माण पर लगभग दो करोड़ रूपये की धनराशि व्यय की जायेगी। पालिका द्वारा गुणवत्तापरक सड़क व नाले का निर्माण लगभग दो माह मे पूर्ण करा लिया जायेगा जो सीधा सम्पर्क मार्ग होगा। सड़क की दोनों पटरियों पर निर्माण के उपरान्त वृक्षारोपण भी कराया जायेगा। पालिकाध्यक्ष उपस्थित नगर वासियों को मकरसंक्रान्ति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम स्थानीय सभासद अन्तिमा गुप्ता व सन्दीप गुप्ता के संयोजन में किया गया। सभा का संचालन सभासद प्रवीण मिश्र ने किया। इस अवसर पर भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, समाजसेवी डॉ सुधाकर सिंह, महामन्त्री सुशील त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज, सहायक अभियन्ता आलोक सिंह, अवर अभियन्ता नीलम कुमारी, राज कुमार सिंह, अजय सिंह, अखिलेश मिश्रा, डॉ राजीव शर्मा, नितिन सिंह, राजेश पांडे, अनूप सिंह, मोहम्मद नईम, वीरेंद्र गुप्ता, शेखर जायसवाल सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# किसान दिवस का कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** सीडीओ के.के.पाण्डेय की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र खिरिया मिश्र में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

किसान दिवस में उपस्थित किसानों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ में प्राप्त क्षतिपूर्ति का आंकलन राही कराकर किसानों को उचित क्षतिपूर्ति दिलाई जाने मांग की गयी। किसान कृष्णकान्त कांकर ग्राम बुढ़वार द्वारा बिद्यासी से सम्बन्धित समस्या में गांव की डी.पी. से सिंचाई हेतु उपलब्ध डी.पी. को अलग किये जाने की मांग की तथा ग्राम सतगता में खराब डी.पी. को सही कराने हेतु भी आग्रह किया। भारतीय किसान संघ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा का सही आंकलन कर शीघ्र ही किसानों के खाते में क्षतिपूर्ति दिये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। भारतीय किसान कृषि पर्यावरण बन संरक्षण संस्थान द्वारा केन बेतवा जोडो परियोजना की जांच सम्बन्धित प्रार्थना पत्र दिया गया।

किसान दिवस में जनपद के विभिन्न किसानों द्वारा समस्यों के निराकरण हेतु 13 प्रार्थना पत्र दिये गये जिसमें कुछ सगस्यों का सम्बन्धित विभाग द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्र उप कृषि निदेशक द्वारा सम्बन्धित विभाग को कार्यवाही हेतु प्रषित किये गये ताकि जांच कर उचित कार्यवाही की जाये।

किसान दिवस में उप कृषि निदेशक वसन्त कुमार दुबे, लघु सिंचाई से नैयर आलम, अध्यक्ष डा.मुकेश चन्द्र, सीवीओ डा.देवेन्द्र पाल सिंह, अपर जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार, सहायक उपायुक्त एवं सहायक निबन्धक अरविन्द्र मेहर, जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सी.पी. पाण्डेय, सहायक निदेशक महस्य आर.पी. भारती एवं उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, तालबेहट आर.के. स्वर्णकार आदि अधिकारीगण एवं लाखन सिंह पटेल, राजपाल यादव, जगदीश तिवारी, यथ प्रताप, आशीष कौशिक एवं आनन्द देवलिया आदि उपस्थित रहे।

# आरसेटी ने महिलाओं को दिया दस दिवसीय प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा स्व-रोजगार से जोडऩे हेतु शासन की मंशा के अनुसार बीपीएल महिलाओं को आरसेटी पापड़ व मसाला बनाने का प्रशिक्षण ब्लॉक जखौरा के ग्राम जिजयावन में संचालित किया। कोर्स कोर्डीनेटर आकांक्षा खरे ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना सरकार का उददेश्य है इस क्रम को बढ़ाते हुये महिलाओं को अपना स्व-रोजगार करना चाहिए, जिससे कि वह आत्म निर्भर सभी महिलाओं को छोटे-छोटे कार्यों के लिये प्रशिक्षण लेना चाहिए जिससे वह अपनी आजीविका चला सकें और सक्षम बनें। समूह की महिलाओं की ऋण पत्रावली बनाकर सम्बन्धित बैंक शाखा को प्रेषित कराई जायेगी। यदि विधिवत व्यवसाय की दृष्टि से शुरू किया जाये। इससे महिलाओं को सशक्त व आर्थिक मजबूती प्राप्त होगी। इन हाउस फैकल्टी कोर्स कोर्डीनेटर आकांक्षा खरे ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण किये। इस दौरान सीनि.इन हाउस फैकल्टी रूपेन्द्र श्रीवास्तव, कार्यालय सहायक नंदकिशोर, सुनील कुमार, राजीव रैकवार उपस्थित रहे।

# वीरान गांव की कृषि योग्य बंजर भूमि के प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग

■ ग्रामीणों ने लामबंद होकर डीएम को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण


**ललितपुर।** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम भौंरदा-भगवाहा को वीरान गांव बताते हुये ग्रामसभा की बंजर भूमि को चकबंदी लेखपाल द्वारा एक चक बनाने की रिपोर्ट जो प्रबंध समिति द्वारा प्रशासन को भेजी गयी है को निरस्त कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि सदर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भौंरदा में स्थित भगवाहा जो कि वीरान गांव है। इस गांव में सैकड़ों एकड़ ग्राम सभा की बंजर कृषि भूमि है। उक्त जमीन पर पूर्व में कई अन्य मण्डल के लोगों को पट्टे दिये गये थे, जिनकी पट्टे खारिज की कार्यवाही चल रही है। बताया कि वर्तमान में ग्राम भगवाहा को चकबंदी में सम्मिलित कर दिया गया है और प्रक्रिया चालू है। आरोप है कि ग्राम पंचायत भौंरदा के प्रधान, पंचायत सेकेट्री, राजस्व लेखपाल व ग्राम पंचायत के सदस्यों को चकबंदी विभाग द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। वर्तमान में भौंरदा में तैनात लेखपाल द्वारा विभिन्न तरीकों से ग्राम पंचायत भौंरदा, तोर, टपरियन के लोगों को बहला-फुसलाकर व पट्टों का प्रलोभन देकर प्रार्थना पत्र दिखा रहा है कि जिला प्रशासन को कृषि योग्य बंजर भूमि के लिए चकबंदी विभाग से प्रस्ताव भेजा गया है। ग्रामीणों ने उक्त प्रस्ताव को निरस्त किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय प्रधान भौंरदा सुकलाल के अलावा रीपाल सिंह, भूपेन्द्रसिंह, सावंत सिंह, छोटेराजा, प्रहलाद, आरिफ खान, सूर्यभान, देवप्रताप, इदरीश खां, शैलेन्द्र सिंह, देवीसिंह, राजदीप, अंकित, अकबर खां, गिन्नी राजा, इमरत, हीरा, रामगुलाम, हल्कू, पवन, अरविन्द, रवि, कमलेश, रामपाल, हरप्रसाद, महेश आदि मौजूद रहे।

## आर्मड फोर्सेस डे पर सम्मानित हुए पूर्व सैनिक

**बहराइच।** नवम् आर्मड फोर्सेस डे के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्नल एम.सी. ध्यानी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस अवसर पर कर्नल श्री ध्यानी ने आमर्ड फोर्सेस वेटर्न डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनपद के वीर नारियों, वीरता व विशिष्ट पदक विजेताओं तथा भूतपूर्व सैनिकों को शाल व स्मृति चिन्ह तथा द्वितीय विश्व युद्ध के 5 पूर्व सैनिकों की पत्नियों को कम्बल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर वरिष्ठ सहायक भानु प्रताप गुप्ता, नरेन्द्र कुमार, जगदम्बा प्रसाद व भूतपूर्व सैनिक तथा सैनिक परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

# नोवाक जोकोविच ने सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम मैच खेलने का नया रिकॉर्ड बनाया, ओसाका तीसरे दौर में



नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मैच में कोर्ट पर उतरते ही ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया जबकि नाओमी ओसाका पिछले तीन साल में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंची। जोकोविच चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 430 मैच खेल चुके हैं जो नया रिकॉर्ड है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रोजर फेडरर (429) की बराबरी की थी। जोकोविच ने दूसरे दौर में पुर्तगाल के क्वालीफायर जेमी फरिया को 6-1, 6-7 (4), 6-3, 6-2 से हराया। जोकोविच अब ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में 379 मैच जीत चुके हैं जबकि 51 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

जोकोविच ने मैच के बाद कहा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट हमारे खेल के मजबूत स्तंभ हैं। इस खेल के इतिहास में वह बहुत मायने रखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि आज एक और रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा। पुरुष वर्ग में ही तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज़ ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योशिहितो निशिओका पर 6-0, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। महिला एकल में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन ओसाका 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचीं। उन्होंने अमेरिकी ओपन की सेमीफाइनलिस्ट करोलिना मुचोवा के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 1-6, 6-1, 6-3 से जीत हासिल की। ओसाका ने इस तरह से पिछले साल अमेरिकी ओपन में मुचोवा से मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

इस बीच विश्व रैंकिंग में 97वें नंबर की खिलाड़ी लौरा सीगमंड ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक चैंपियन और पिछले साल की उप विजेता झेंग किनवेन को सीधे सेटों में पराजित करके बड़ा उलटफेर किया। झेंग पिछले साल फाइनल में आर्यना सबालेंका से हार गई थीलेकिन इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था तथा वह सत्र के अंतिम टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए फाइनल्स में उपविजेता रही थी। लेकिन साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उन्हें 36 वर्षीय सीगमंड से 7-6 (3), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

इस दौरान चेयर अंपायर ने समय बर्बाद करने को लेकर झेंग को चेतावनी भी दी। झेंग ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि आज मेरा दिन नहीं था।मैं महत्वपूर्ण मौकों पर अंक हासिल करने में नाकाम रही। टाइम कंट्रोल को लेकर चेतावनी मिलने से भी मेरी एकाग्रता भंग हुई। पिछले दो बार की चैंपियन सबालेंका ने आखिरी पांच गेम जीतकर विश्व में 54वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बौजास मनेइरो को 6-3, 7-5 से हराकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। वह इस टूर्नामेंट में लगातार 16 मैच जीत चुकी हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला भी तीसरे दौर में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में 14वीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने मोयुका उचिजिमा को 6-4, 3-6, 7-6(8) से हराया।

# मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक के 'खराब' होते पदकों के बदले जाने की उम्मीद



भारत की स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में जीते दो कांस्य पदकों के स्थान पर नये पदक मिलने की संभावना है क्योंकि वह उन खिलाड़ियों के बड़े समूह में से हैं जिन्होंने शिकायत की है कि उनके पदक खराब हो चुके हैं। दुनिया भर के कई खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में अपने घिसे हुए पदकों की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। यह पता चला है कि भाकर के पदकों का रंग 'उतर' गया है और वे खराब स्थिति में हैं।अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि क्षतिग्रस्त पदकों को 'मोनैई डे पेरिस (फ्रांस का राष्ट्रीय टकसाल)' द्वारा व्यवस्थित रूप से बदला जाएगा। खिलाड़ियों को मिलने वाला नया पदक पुराने के समान ही होगा। प्रत्येक ओलंपिक पदक के केंद्र में लगे लोहे के टुकड़ों का वजन 18 ग्राम (लगभग दो-तिहाई औंस) होता है। 'मोनैई डे पेरिस' फ्रांस के लिए सिक्के और अन्य मुद्रा तैयार करती है। पेरिस ओलंपिक की आयोजन समिति सभी क्षतिग्रस्त पदक बदलने के लिए 'मोनैई डे पेरिस' के साथ मिलकर काम कर रही है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक 2024 में दिये गये पदकों में प्रतिष्ठित एफिल टॉवर के टुकड़े शामिल थे।

पेरिस 2024 के लिए 5,084 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक महंगे आभूषण और घड़ी बनाने वाली कंपनी चौमेट (एलवीएमएच समूह का हिस्सा) द्वारा डिजाइन किए गए थे और 'मोनाई डे पेरिस' ने इनका निर्माण किया था। मनु आजादी के बाद ओलंपिक के एक ही सत्र में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं। उन्होंने व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इन खेलों में भारत के पदक का खाता खोला था। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला निशानेबाज बनीं। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इसके बाद सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था।

# इस दिन होगी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की ओपनिंग सेरेमनी, बीसीसीआई रोहित शर्मा को पाकिस्तान भेजेगा?



19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। जिसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा। वहीं टीम इंडिया इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। साथ ही कहा जा रहा है कि, 16 या 17 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी की ओपनिंग सेरेमनी होगी। जिसके लिए भारत के कप्तान रोहित शर्मा को पाकिस्तान जाना पड़ सकता है।

अगले महीने 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। जिसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा। वहीं टीम इंडिया इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। साथ ही कहा जा रहा है कि, 16 या 17 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी की ओपनिंग सेरेमनी होगी। जिसके लिए भारत के कप्तान रोहित शर्मा को पाकिस्तान जाना पड़ सकता है। इसकी वजह चैंपियंस ट्रॉफी का कैप्टन डे है। दरअसल, आईसीसी इवेंट से पहले सभी टीमों के कप्तान एक जगह इकट्ठा होते हैं और ग्रुप फोटो सेशन होता है।

सभी कैप्टन का फोटोशूट कहां होगा? अभी तक कुछ कंफर्म नहीं है। लेकिन अगर फोटोशूट पाकिस्तान में होता है तो क्या बीसीसीआई रोहित को वहां भेजने के लिए तैयार होगा? ये सवाल इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। कैप्टन डे को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। एएनआई के मुताबिक, बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा है कि, कैप्टन डे के लिए रोहित शर्मा के पाकिस्तान जाने पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। पहले भारतीय टीम की घोषणा होगी और फिर हम कोई फैसला लेंगे। टूर्नामें में आठ टीम हिस्सा ले रही हैं जहां भारत और पाकिस्तान को छोड़कर सभी टीमों ने अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। राजनीतिक तनाव के चलते भारत और पाकिस्तान ने लंबे मय से द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं खेली है। भारत ने 2008 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से भारत में द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली। दोनों टीमों की अब सिर्फ आईसीसी और एसीसी इवेंट में भिड़ंत होती है। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को करेगा।

## भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को हराकर मचाई तबाही, वनडे में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बुधवार को राजकोट में इतिहास रच दिया है। टीम ने आयरलैंड को तीसरे और आखिरी वनडे में 304 रनों से करारी शिकस्त दी। महिला वनडे में भारत की रनों के लिहाज से ये सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2017 में टीम इंडिया ने आयरलैंडो को 249 रनों से हराकर वनडे की सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। वहीं टीम के लिए कप्तान स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल के पहले सैकड़े की मदद से आयरलैंड के खिलाफ तीसरे मैच में पांच विकेट पर 435 रन बनाए। जो कि वनडे क्रिकेट में भारत का अब तक सर्वोच्च स्कोर है। वहीं इसके जवाब में आयरलैंड टीम 110 गेंद शेष रहते हुए ऑलआउट हो गई।

# भारतीय महिला टीम ने 435 रन बनाकर रचा नया कीर्तिमान, प्रतिका रावल ने खेली धांसू



भारतीय महिला टीम और आयरलैंड के बीच राजकोट में तीसरा वनडे मैच खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जहां भारत ने 435 रन बनाकर नया कीर्तिमान रच दिया। भारत ने निर्धारित50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर इतने रन बटोरे। ये भारत का महिला और पुरुष क्रिकेट में सर्वोच्च वनडे सर्वोच्च वनडे स्कोर है। भारतीय महिला टीम ने पहली बार 400 का आंकड़ा पार किया है। टीम इंडिया का इससे पहले हाईएस्ट स्कोर 370 था जो हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में था। वहीं भारत का ओवरऑल पिछला रिकॉर्ड 418/5 का था, जो पुरुष टीम ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था।

वहीं आयरलैंड के खिलाफ आखिरी मैच में सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने धांसू पारी खेलीष उन्होंने 154 रनों की पारी खेलकर गदर मचा दिया। उन्होंने 129 गेंदों का सामना करने के बाद 20 चौके और 1 छक्का मारा। उन्होंने महिला वनडे में भारत के लिए तीसरी सबसे बड़ी पारी खेली। उनसे आगे दीप्ति शर्मा और हरमनप्रीत कौर हैं। दीप्ति ने 2017 में आयरलैंड के खिलाफ 188 रन बनाए जबकि हरमनप्रीत ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 171 रन की पारी खेली थी। हरमनप्रीत आयरलैंड सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं।

भारत के लिए प्रतिका और मंधाना ने दमदार शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट केल लिए 233 रन की पार्टनरशिप खेली। ये महिला वनडे में भारत की तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। मंधाना ने भी शतक ठोका। उन्होंने 80 गेंदों में 12 चौकों और 7 छक्कों के दम पर 135 रन बनाए। वह 27वें ओवर में ओर्ला प्रेंडरगैस्ट का शिकार बनीं। प्रतिका की पारी का अंत फ्रेया सार्जेंट ने 44वें ओवर में किया।

# कुमार सानू को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया



दिग्गज गायक कुमार सानू को जी रियल हीरोज अवार्ड्स 2024 में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 14 जनवरी को मुंबई में हुआ। जी रियल हीरोज अवार्ड्स 2024 समारोह में अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अमोघ लीला दास, अजय देवगन, कार्तिक आर्यन और अनुपम खेर सहित अन्य लोग शामिल हुए। कुमार सानू ने कार्यक्रम में अपनी अविश्वसनीय बॉलीवुड यात्रा के बारे में बताकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। और क्या पता? उन्होंने प्रशंसकों को दिल का आलम और दिल है कि मानता नहीं जैसे अपने मशहूर हिट गाने भी सुनाए! यह एक यादगार रात थी।

कुमार सानू के रोमांटिक गानों ने दर्शकों के दिल और दिमाग में खास जगह बनाई है। उनकी धुनें हर पीढ़ी को पसंद आती हैं। उन्हें चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से भी सम्मानित किया जा चुका है। गायक के पास एक ही दिन में सबसे अधिक गाने रिकॉर्ड करने के लिए 1993 से गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। उनके नाम 1991 से 1995 तक लगातार पांच बार सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक का फिल्मफेयर पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड है।

कुमार सानू ने एक लड़की को देखा, चुरा के दिल मेरा, तुझे देखा तो, मेरी मेहबूबा, तुम मिले दिल खिले, चांद सितारे और बाजीगर ओ बाजीगर जैसे गाने गाए हैं। कुमार सानू ने हिंदी के अलावा मराठी, नेपाली, असमिया, भोजपुरी, गुजराती, मणिपुरी, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, तमिल, पंजाबी, उड़िया, छत्तीसगढ़ी, उर्दू, पाली, अंग्रेजी और बंगाली में गाने गाए हैं।

# राम चरण की फिल्म गेम चेंजर ने एक हते में पार किया 100 करोड़ का आंकड़ा



राम चरण की फिल्म गेम चेंजर अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में है। हर कोई अभिनेता को एक अलग अवतार में देखने के लिए उत्साहित था। अभिनेता को कियारा आडवाणी के साथ जोड़ा गया था और यह एक नई जोड़ी थी। उन्हें एक साथ देखना प्रशंसकों के लिए सबसे प्रतीक्षित चीजों में से एक रहा है। यह फिल्म 10 जनवरी को रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है। इसकी ओपनिंग अपने आप में धमाकेदार रही और यह राम चरण की संक्रांति पर सबसे बड़ी ओपनिंग थी। सिनेमाघरों में फिल्म का यह पांचवां दिन है और एक हफ्ते के भीतर ही इसने दर्शकों के दिलों में जादू कर दिया है। हां, एक हफ्ते के भीतर ही फिल्म ने कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। सैकनिल्क के शुरुआती अनुमान के मुताबिक, गेम चेंजर ने अपने पहले मंगलवार को 10 करोड़ रुपये कमाए। इसके साथ ही इसने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। हालांकि, सटीक आंकड़े अभी आने बाकी हैं। 5वें दिन के बाद कुल कलेक्शन 106.15 करोड़ रुपये है।

***गेम चेंजर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन***

पहले दिन 51 करोड़ रुपये

दूसरे दिन 21.6 करोड़ रुपये

तीसरे दिन 15.9 करोड़ रुपये

पांचवें दिन 10 करोड़ रुपये (शुरुआती अनुमान)

गेम चेंजर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन (कुल) 106.15 करोड़ रुपये (शुरुआती अनुमान)

कल मकर संक्रांति और पोंगल के अवसर पर राम चरण ने अपनी फिल्म को प्यार देने के लिए अपने प्रशंसकों का आभार जताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया, जिसमें लिखा था, इस संक्रांति पर, गेम चेंजर में हमने जो कड़ी मेहनत की है, उसे सार्थक बनाने के लिए मेरा दिल अपार कृतज्ञता से भर गया है। इस यात्रा को संभव बनाने वाले पूरे कलाकारों, क्रुरू और पर्दे के पीछे के सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद। आपका अटूट प्यार और समर्थन मेरे लिए दुनिया से बढ़कर है। आपकी सकारात्मक समीक्षाओं के लिए मीडिया का विशेष धन्यवाद, जिसने इस मील के पत्थर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जैसे-जैसे हम 2025 में कदम रख रहे हैं, मैं वादा करता हूं कि मैं ऐसे प्रदर्शन करता रहूंगा, जिन पर आपको गर्व होगा। गेम चेंजर हमेशा मेरे दिल में एक खास जगह रखेगा। आपके बिना शर्त प्यार के लिए धन्यवाद। आपको और आपके प्रियजनों को एक आनंदमय संक्रांति और आने वाले शानदार वर्ष की शुभकामनाएं! गेम चेंजर में एसजे सूर्या, नासर, ब्रह्मानंदम, वेनेला किशोर और मुरली शर्मा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# डेब्यू फिल्म के बाद झेलनी पड़ी थी पिता की नाराजगी, अब बॉलीवुड में धमाल मचा रहे नील नितिन मुकेश



बॉलीवुड के प्रतिभाशाली अभिनेता नील नितिन मुकेश आज अपना 43 वां जन्मदिन मना रहे हैं। सिंगर नितिन मुकेश के घर नील नितिन का जन्म 15 जनवरी 1982 को मुंबई में घर हुआ। इसके अलावा वे दिवंगत गायक मुकेश के पोते हैं। बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय नील नितिन मुकेश ने अपने पिता और दादा का नाम अपने नाम में उपनाम के रूप में लगाया। उन्होंने न्यूयॉर्क, 7 खून माफ, वजीर, 3जी, प्लेयर्स, डेविड, गोलमाल अगेन, प्रेम रतन धन पायो जैसी तमाम बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। जब नितिन की डेब्यू फिल्म आई तो उन्हें अपने पिता की खूब नाराजगी झेलनी पड़ी। ग्रीनलान हाईस्कूल मुंबई से नील नितिन मुकेश ने अपनी शुरुआती पढ़ाई पूरी की है। वह कॉमर्स से ग्रेजुएट हैं। उनका पूरा परिवार संगीत से ताल्लुक रखता है। हालांकि, उसके बाद भी उन्होंने एक्टिंग में अपना करियर चुना। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि संगीत मेरा शौक है, लेकिन एक्टिंग मेरा पैशन है। एक अच्छा अभिनेता बनने के लिए नील ने नमित कपूर के एक्टिंग स्कूल से अभिनय में चार महीने प्रशिक्षण भी प्राप्त किया हैं। नील नितिन मुकेश ने बॉलीवुड के मंझे हुए अभिनेता अनुपम खेर से भी एक्टिंग के गुर सीखे हैं।


उन्होंने अपने फ़िल्मी सफर की शुरुआत वर्ष 2007 बतौर अभिनेता श्री राम राघवन की फिल्म एक्शन-थ्रिलर फिल्म जॉनी गद्दार से की थी। इस फिल्म में उनके अभिनय को आलोचकों द्वारा काफी सराहा गया था। साथ ही उन्हें इस फिल्म के फिल्मफेयर अवार्ड्स के लिए सर्वश्रेष्ठ नवोदित कलाकार के लिए नामांकित भी हुए थे। साल 2009 में वह फिल्म आ देखे जरा में नजर आये। बिपाशा बासु ने इस फिल्म में उनके अपोजिट नजर आयीं थी। फिल्म ने बॉक्स-ऑफिस पर औसत व्यापार किया था।

जॉनी गद्दार फिल्म के लिए नील को आलोचकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। इस फिल्म के बाद वह निर्देशक कबीर खान की फिल्म न्यूयॉर्क में नजर आये। इस फिल्म में उनके अलावा कैटरीना कैफ और जॉन अब्राहम भी दिखाई दिए थे। इस फिल्म की पृष्ठकथा आतंकवादी गतिविधियों पर आधारित थी। इस फिल्म में नील सहायक अभिनेता के तौर पर नजर आये थे, जिसे दर्शकों और आलोचकों द्वारा बेहद सराहा गया था। इस फिल्म के लिए नील को उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के तौर फिल्मफेयर अवार्ड्स में नामांकन मिला था।

इसी साल मधुर भंडारकर निर्देशित फिल्म जेल में नील नजर आये। इस फिल्म में वह न्यूड नजर आये थे। जो काफी विवादित भी रहा था। हालांकि यह फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर बुरी तरह असफल साबित हुई थी, लेकिन नील को आलोचकों द्वारा उनकी बेहतरीन भूमिका के लिए काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। साल 2010 में वह फिल्म लफंगे परिंदे और तेरा क्या होगा जॉनी में नजर आये थे। दोनों ही फ़िल्में बॉक्स-ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

नील नितिन ने जॉनी गद्दार में नेगेटिव रोल अदा किया था। यह बात जब नील के पिता को पता चली कि उनके बेटे ने पहली ही फिल्म में निगेटिव रोल किया है तो वह काफी नाराज हुए। खबरों के अनुसार, नितिन मुकेश इस कदर नाराज रहे कि उन्होंने नील से छह महीने तक बात नहीं की थी। उनका मानना था कि उनके परिवार का इतना नाम है और ऐसे किरदार करके उनका बेटा ये नाम खराब कर रहा है। नील के नाम की कहानी भी काफी दिलचस्प है। बता दें कि नील का नाम दिवंगत गायिका लता मंगेशकर ने रखा था। खबरों की मानें तो लता ने उनका नाम मशहूर अमेरिकन एस्ट्रनॉट नील आर्मस्ट्रॉन्ग के नाम से नील रखा था। एक्टिंग से अलग नील स्टेट लेवल खिलाड़ी रह चुके हैं। वह बचपन से ही बास्केटबॉल, टेनिस और वॉलीबॉल खेल रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नील जब 16 वर्ष के थे तभी उन्होंने जिम जॉइन कर लिया था। पर्सनल लाइफ की बात करें तो नील नितिन मुकेश ने 2017 में रुक्मिणी सहाय से शादी की। कपल के एक बेटी है।

# मां का खत पढ़कर रो पड़े करणवीर मेहरा, फैन्स ने कहा तुम पर गर्व है



बिग बॉस 18 को सोशल मीडिया पर दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। शो के ग्रैंड फिनाले में बस चार दिन बचे हैं। जी हां, 19 जनवरी को विनर का ऐलान किया जाएगा। यह सीजन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। हालांकि शो की टीआरपी उतनी अच्छी नहीं रही, लेकिन सोशल मीडिया पर शो को लेकर काफी चर्चा देखने को मिली। लोगों ने घर में कंटेस्टेंट और उनके व्यवहार पर अपनी राय शेयर की।


फिलहाल घर में करणवीर मेहरा, विवियन डीसेना, ईशा सिंह, अविनाश मिश्रा, रजत दलाल, चुम दरंग और शिल्पा शिरोडकर हैं। हाल ही में चाहत पांडे घर से बेघर हुई हैं। दो और कंटेस्टेंट घर से बेघर होंगे और फिर शो के टॉप पांच फाइनलिस्ट सामने आएंगे। फिनाले से पहले टॉप 7 कंटेस्टेंट को मेकर्स की तरफ से खास तोहफा मिला।

हमने हाल ही में प्रोमो देखा, जिसमें बिग बॉस 18 के घर के डिजाइनर ओमंग कुमार प्रतियोगियों को प्रेरित करने आए थे। वह इन फाइनलिस्ट के लिए कुछ खास उपहार लेकर आए। उन्होंने उन्हें उनके परिवार के सदस्यों के पत्र दिए। हमने देखा कि ईशा को अपनी मां से एक पत्र मिला और उसे पढ़ते ही वह रो पड़े।

करण वीर मेहरा को भी अपनी मां से एक पत्र मिला। उनकी मां ने उनसे कहा कि उन्हें उनके खेल खेलने के तरीके पर गर्व है और उन्होंने प्यार से उन्हें अपना टुड्ढ कहा। यह पत्र पढ़कर करण रो पड़े और उनके साथ प्रशंसक भी भावुक हो रहे हैं।

# किस सीट पर किनके बीच मुकाबला, सभी 70 सीटों पर आप-भाजपा और कांग्रेस ने किसे उतारा?

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनावों की तारीखों का ऐलान मंगलवार को हो गया। 5 फरवरी को दिल्ली में वोट डाले जाएंगे साथ ही 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। तारीखों के एलान से पहले ही सभी प्रमुख पार्टियों ने चुनाव प्रचार और जोर पकड़ेगा। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी चुनाव तारीखों के ऐलान से पहले ही राजधानी की सभी 70 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। 15 जनवरी को आप ने दो सीटों नरेला और हरि नगर से अपने उम्मीदवार बदल दिए। नरेला से शरद चौहान और हरिनगर से सुरिंदर सेतिया को उम्मीदवार बनाया गया। पहले नरेला से दिनेश भारद्वाज और हरि नगर से राज कुमारी ढिल्लन आप उम्मीदवार थीं। इसी तरह भाजपा अब तक 59 और कांग्रेस 48 उम्मीदवारों का एलान कर चुकी है। इस बार कई ऐसी सीटें है जिसमें मुकाबला




काफी दिलचस्प होने वाला है। चलिए जानते है किस सीट पर किनके बीच मुकाबला है....आप के लिए इस चुनाव में प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा खुद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ही हैं। 2013, 2015 और 2020 में आप की जीत के बाद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। इस चुनाव से पहले उन्हें शराब घोटाले में जेल जाना पड़ा। जेल से वापस आने के बाद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद आप ने नए मुख्यमंत्री के तौर पर पार्टी की प्रमुख नेता आतिशी को शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री आतिशी भी इस चुनाव प्रचार में पार्टी के लिए बड़ा चेहरा बनेंगी। इसके साथ ही मनीष सिसोदिया, संजय सिंह जैसे चेहरे भी पार्टी के स्टार प्रचारक होंगे। दिल्ली चुनाव में भाजपा के प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे। पीएम मोदी दिल्ली में कई रैलियां करते भी नजर आएंगे। गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ स्थानीय नेताओं में प्रवेश वर्मा, रमेश बिधुड़ी से लेकर बांसुरी स्वराज तक अपने-अपने इलाके में पार्टी की जीत के लिए जोर लगाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा इस चुनाव में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली सीट से मैदान में हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ पार्टी ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को कालकाजी सीट से उतारा है। बिधूड़ी हाल ही में आतिशी को लेकर एक विवादास्पद टिप्पणी करके चर्चा में आए हैं।

कभी दिल्ली की सत्ता पर अकेले राज करने वाली कांग्रेस आज दिल्ली में अपनी जमीन तलाशने के लिए काफी संघर्ष कर रही है। इस चुनाव में पार्टी के प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ही होंगे। हालांकि, अब तक दोनों ही प्रचार से दूर रहे हैं। स्थानीय चेहरों में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, अलका लांबा, संदीप दीक्षित जैसे चेहरे अपने-अपने इलाके में पार्टी को जीत दिलाने के लिए जोर लगाएंगे।

# केरल में नवविवाहिता ने की आत्महत्या, परिवार ने पति और ससुरालवालों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**मल्लपुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले में मंगलवार की दोपहर एक 19 वर्षीय नवविवाहिता ने कथित तौर पर आत्महत्या की। परिवार का आरोप है कि पति और ससुरालवालों ने उसके रंग को लेकर और अंग्रेजी न बोल पाने की वजह से उसका मानसिक उत्पीड़न किया, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोंडोट्टी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि युवती के शव को आज सुबह दफनाया गया, क्योंकि मंगलवार की शाम पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने %अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। इस बीच, युवती के परिजनों ने आरोप लगाया कि उसने पति और ससुरालवालों के मानसिक उत्पीड़न के कारण यह आत्महत्या





जैसा कदम उठाया। युवती के परिवार ने बताया कि उसकी शादी को महज 20 दिन ही हुए थे। उसके कॉलेज के प्रोफेसरों ने परिवार को बताया था कि वह कक्षा में गुमसुम रहती थी और पढ़ाई में रुचि नहीं दिखा रही थी। जब परिवारवालों ने उससे बात की तो उसने बताया कि पति और ससुरालवाले उसके रंग और अंग्रेजी न बोल पाने को लेकर ताने देते थे। वह ठीक से खाना भी नहीं खा पा रही थी और सो भी नहीं पा रही थी। परिवार के एक सदस्य ने दावा किया कि काउंसलिंग के बाद युवती थोड़ी बेहतर हो रही थी। लेकिन जब उन्होंने ससुरालवालों से बात की, तो उसकी सास ने कहा, शादी को सिर्फ बीस दिन ही हुए हैं। फिर वह इस रिश्ते को क्यों निभाना चाहती है? इस टिप्पणी के बाद युवती बेहद आहत हुई और अगले ही दिन उसने आत्महत्या कर ली।

कोंडोट्टी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से पूछताछ की जाएगी।

# राहुल ने उजागर किया कांग्रेस का सच

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास उन सभी ताकतों को बढ़ावा देने का रहा है, जो एक कमजोर भारत चाहते हैं। सत्ता के लिए उनके लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों को धोखा देना था। लेकिन भारत के लोग समझदार हैं। उन्होंने तय कर लिया है कि वे राहुल गांधी की विचारधारा को खारिज कर देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लड़ाई भाजपा ही नहीं हर भारतीय राज्य से वाले बयान को लेकर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा ने राहुल गांधी पर पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि उसने देश को कमजोर करने वाली ताकतों को बढ़ावा दिया है।जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस का घिनौनी सच किसी से छिपा नहीं है।

# फॉर्मूला ई रेस मामले में केटीआर को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने एफआईआर के खिलाफ याचिका की खारिज




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने फॉर्मूला ई रेस से जुड़े मामले दर्ज मुकदमे को रद्द की मांग वाली केटीआर की याचिका खारिज कर दी है। पीठ ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है। इसके बाद केटी रामा राव के वकील ने मामले को वापस ले लिया। फॉर्मूला ई रेस से जुड़े मामले में आरोपी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने फॉर्मूला ई रेस से जुड़े मामले दर्ज मुकदमे को रद्द की मांग वाली केटीआर की याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद केटी रामा राव के वकील ने मामले को वापस ले लिया। इससे पहले सात जनवरी को तेलंगाना हाईकोर्ट ने केटी रामा राव की याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर लगाई रोक भी हटा दी थी। 31 दिसंबर को हाईकोर्ट ने केटीआर की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि आरोपों से पता चलता है कि राव ने राज्य मंत्रिमंडल या वित्त विभाग से किसी भी मंजूरी लिए बिना हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) को एक विदेशी कंपनी को भारी रकम का भुगतान करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा था कि क्या याचिकाकर्ता ने खुद को या तीसरे पक्ष को लाभ पहुंचाने के लिए बेईमानी से उक्त भुगतान का निर्देश दिया था, इसकी जांच की जानी चाहिए। प्रथम दृष्ट्या एचएमडीए के धन के दुरुपयोग और गलत काम का मामला बनता है। इसलिए जांच एजेंसी को जांच करने और सबूत इकट्ठा करने का उचित अवसर मिलना चाहिए, और अदालत जांच में बाधा नहीं डाल सकती।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने लोकायुक्त को जांच जारी रखने का आदेश दिया; सीबीआई जांच की मांग पर सुनवाई टली

**बंगलूरू।** कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति एम नागाप्रसन्ना ने लोकायुक्त को 27 जनवरी तक जांच रिपोर्ट अदालत में सौंपने का निर्देश दिया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने बुधवार को लोकायुक्त को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से जुड़ी मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) साइट आवंटन अनियमितताओं की जांच जारी रखने की अनुमति दे दी। अदालत ने निर्देश दिया कि जांच की निगरानी पुलिस महानिरीक्षक, लोकायुक्त द्वारा की जाए। इसके साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी को अब तक की अपनी जांच के विस्तृत रिकॉर्ड दाखिल करने का निर्देश दिया। यह निर्देश मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किया गया था। याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने उच्च पदस्थ अधिकारियों और राजनेताओं की संलिप्तता को देखते हुए लोकायुक्त जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठाया। जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने पारदर्शिता




की आवश्यकता पर जोर दिया। अदालत ने कहा, ÷लोकायुक्त को अब तक की जांच के सभी विवरण रिकॉर्ड में रखने होंगे। जांच की निगरानी पुलिस महानिरीक्षक लोकायुक्त करेंगे। रिपोर्ट अगली सुनवाई से एक दिन पहले प्रस्तुत की जानी चाहिए। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा, ÷सीएम सिद्धारमैया की पत्नी ने विवादित भूमि स्थलों को सरेंडर करने की पेशकश की थी। यदि कोई सामान्य नागरिक जमीन मांगता है, तो प्रक्रिया कड़ी है। हालांकि, इस सरेंडर की प्रक्रिया तेजी से की गई।÷ मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील रवि वर्मा कुमार और अभिषेक मनु सिंघवी ने इन दलीलों को बेतुका बताते हुए खारिज कर दिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को मुडा मामले की जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की याचिका पर सुनवाई 27 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति एम नागाप्रसन्ना ने लोकायुक्त को 27 जनवरी तक जांच रिपोर्ट अदालत में सौंपने का निर्देश दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता रविवर्मा कुमार, अभिषेक मनु सिंघवी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की ओर से पेश हुए। जबकि मनिंदर सिंह ने याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व किया। बहस के दौरान याचिकाकर्ता के वकील सिंह ने आरोप लगाया कि मूल फाइलें मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से गायब हैं। कोर्ट ने कहा कि हम हर चीज से निपटेंगे, लेकिन पहले लोकायुक्त को रिकॉर्ड पर अब तक की सभी चीजों का ब्योरा देना होगा।

# रूस का यूक्रेन पर मिसाइल हमला

**कीव।** यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हलुश्चेंको ने लोगों से सुरक्षित पनाहगाहों में जाने की अपील की और सरकार की तरफ से दिए जाने पर वाले अपडेट पर नजर रखने को कहा। रूस ने यूक्रेन पर बड़ा मिसाइल हमला किया है। इसके चलते यूक्रेन ने बचाव के लिए अपने कई शहरों में बिजली की आपूर्ति बंद कर दी है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने फेसबुक पर लिखा कि दुश्मन देश यूक्रेन के लोगों को डराने में लगा है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हलुश्चेंको ने लोगों से सुरक्षित पनाहगाहों में जाने की अपील की और सरकार की तरफ से दिए जाने पर वाले अपडेट पर नजर रखने को कहा। यूक्रेन की सरकारी बिजली कंपनी यूक्रेनगो ने बताया कि कई शहरों में बिजली आपूर्ति रोक दी गई है। जिन इलाकों में बिजली आपूर्ति रोकी गई है, उनमें खारकीव, सूमी, पाल्टोवा, जापोराजिया आदि क्षेत्र शामिल हैं। रूस ने बुधवार सुबह को मिसाइलों से हमला किया। इन हमलों में यूक्रेन के पश्चिमी लीव क्षेत्र में ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया गया। लीव शहर के मेयर ने यह जानकारी दी। हालांकि इस हमले में किसी तरह से बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

यूक्रेन की वायुसेना ने भी रूस की तरफ से कई मिसाइलें दागे जाने का दावा किया है। हालांकि अभी तक किसी बड़े नुकसान का कोई दावा नहीं किया गया है। रूस द्वारा लगातार यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमले किए जा रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध को अगले महीने तीन साल का समय पूरा हो जाएगा।

इस युद्ध का असर न सिर्फ रूस और यूक्रेन, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ा है। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बाधित किया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। युद्ध के चलते भारत समेत दुनिया के कई देशों को रूस से होने वाली एलएनजी की आपूर्ति प्रभावित हुई, जिससे ऊर्जा का संकट पैदा हुआ।

# विदाई से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन का फैसला

**वॉशिंगटन** राष्ट्रपति जो बाइडन ने क्यूबा से आतंकवाद प्रायोजित देश का दर्जा हटाने का फैसला किया है। व्हाइट हाउस ने संसद से कहा है कि यह फैसला द्वीप पर बंद राजनीतिक कैदियों की रिहाई को लेकर कैथोलिक चर्च द्वारा किए गए समझौते का एक हिस्सा है। इसके अलावा बाइडन प्रशासन ने क्यूबा पर आर्थिक दबाव कम करने का भी फैसला किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अपनी विदाई से पहले बड़े फैसले ले रहे हैं। उन्होंने अब क्यूबा देश से आतंकवाद प्रायोजित देश का दर्जा हटाने का फैसला किया है। व्हाइट हाउस ने संसद से कहा है कि यह फैसला द्वीप पर बंद राजनीतिक कैदियों की रिहाई को लेकर कैथोलिक चर्च द्वारा किए गए समझौते का एक हिस्सा है। इसके अलावा बाइडन प्रशासन ने क्यूबा पर आर्थिक दबाव कम करने का भी फैसला किया है।

# भारत के दुश्मनों पर नरमी बरत रहा बांग्लादेश उल्फा उग्रवादी की उम्रकैद की सजा घटाकर 14 साल की



**ढाका।** बीते माह ही परेश बरुआ की मौत की सजा को घटाकर उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया था। वहीं अब और दरियादिली दिखाते हुए उम्रकैद की सजा को भी घटाकर 14 साल कर दिया गया है। बांग्लादेश की उच्च न्यायालय ने उल्फा उग्रवादी परेश बरुआ की उम्रकैद की सजा भी घटाकर 14 साल कर दी है। परेश बरुआ को साल 2014 में भारत के पूर्वोत्तर इलाके में हथियारों की तस्करी का दोषी पाए जाने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। बीते माह ही परेश बरुआ की मौत की सजा को घटाकर उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया था। वहीं अब और दरियादिली दिखाते हुए उम्रकैद की सजा को भी घटाकर 14 साल कर दिया गया है।

बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने पूर्व की बीएनपी सरकार में मंत्री रहे लुत्फोज्जमां बाबर को भी रिहा कर दिया है। बाबर को पूर्वोत्तर भारत में अलगाववादी संगठन को हथियारों की तस्करी करने के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। माना जाता है कि उल्फा उग्रवादी परेश बरुआ फिलहाल चीन में रह रहा है तथा उसे साल 2014 में उसकी अनुपस्थिति में बांग्लादेश की अदालत ने मृत्युदंड सुनाया था। उसका नाम भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की %सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में भी शामिल है। अप्रैल 2004 में बांग्लादेश के चटगांव में हथियार लदे दस ट्रक जब्त किए थे। जब्त किए गए हथियारों में 27,000 से अधिक ग्रेनेड, 150 रॉकेट लांचर, 11 लाख से अधिक गोला-बारूद, 1,100 सब मशीन गन और एक करोड़ से ज्यादा गोलियां शामिल थीं। इन ट्रकों को सरकार के प्रभावशाली वर्ग से संरक्षण मिलने का भी खुलासा हुआ था। कोर्ट ने बरुआ सहित पांच और दोषियों की भी जेल की सजा कम कर दी। बाबर की रिहाई के आदेश जारी होने के बाद उसके केरानीगंज जेल से रिहा होने का रास्ता साफ हो गया है। इससे पहले 30 जनवरी, 2014 को चटगांव के एक विशेष न्यायाधिकरण ने हथियार बरामदगी मामले में पिछली बीएनपी सरकार के दो पूर्व मंत्रियों, दो पूर्व सेना जनरलों और एक शीर्ष उल्फा नेता सहित 14 लोगों को मौत की सजा सुनाई थी।

# भारत की तर्ज पर अमेरिका में बैन होगा टिकटॉक

**अमेरिका।** टिकटॉक पर अमेरिका में क्यों संकट आ गया? अमेरिका की तरफ से की जा रही कार्रवाई का भारत में लगे प्रतिबंध से क्या संबंध है? इसे लेकर क्या कानून लाया गया है? अमेरिका की न्यायालयों में टिकटॉक को लेकर क्या हुआ है? इस एप को लेकर अमेरिकी सरकारों का क्या रुख रहा है? और टिकटॉक को प्रतिबंध से बचाने का क्या चारा है? आइये जानते हैं...अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगना लगभग तय माना जा रहा है। अगर ऐसा होता है तो भारत के बाद एक और लोकतांत्रिक देश में यह वीडियो प्लेटफॉर्म बैन हो जाएगा। गौरतलब है कि भारत में जून 2020 से ही टिकटॉक को प्रतिबंधित कर दिया गया था। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर टिकटॉक पर अमेरिका में क्यों संकट में आ गया? अमेरिका की तरफ से की जा रही कार्रवाई का भारत में लगे प्रतिबंध से क्या संबंध है? इसे लेकर क्या कानून लाया गया है? अमेरिका की न्यायालयों में टिकटॉक को लेकर क्या फैसला हुआ है? इस एप को लेकर अमेरिकी सरकारों का क्या रुख रहा है? और टिकटॉक को प्रतिबंध से बचाने का क्या चारा है? आइये जानते हैं...भारत की तरफ से इस कार्रवाई के ठीक बाद अमेरिका में भी चीन के खतरे को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं। दरअसल, यह वह दौर था जब दुनियाभर में कोरोनावायरस के मामले तेजी से फैल रहे थे, जिसकी उत्पत्ति चीन के ही वुहान में होने से जुड़ी बातें सामने आ रही थीं। इससे दुनियाभर में चीन के खिलाफ माहौल भी तेजी से बनने लगा। दूसरी तरफ अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुरुआत से ही चीन को लेकर हमलावर रहे थे। ऐसे में टिकटॉक से राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरे की भारत की चिंताओं के बीच ट्रंप ने भी इसका मुद्दा उठाया। इसी कड़ी में ट्रंप ने टिकटॉक के मालिकाना हक वाली कंपनी- बाइडांस पर दबाव बनाया कि वह अमेरिका में अपना कारोबार बेच दे।

# भ्रष्टाचार मामले में बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया बरी

**ढाका।** पूर्व पीएम खालिदा जिया को 2018 में जिया चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में हाईकोर्ट ने दोषी ठहराया था और 10 साल की सजा सुनाई थी। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने खालिदा जिया को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बदले की भावना से प्रेरित था।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार के मामले में बरी कर दिया। पूर्व पीएम खालिदा जिया को 2018 में जिया चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में हाईकोर्ट ने दोषी ठहराया था और 10 साल की सजा सुनाई थी। बांग्लादेशी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. सैयद रेफात अहमद की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने जिया खालिदा, बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान और अन्य सभी संदिग्धों को जिया अनाथालय ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में उनकी अपील में बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बदले की भावना से प्रेरित था। साल 2011 में



भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) ने पूर्व प्रधानमंत्री और जिया चैरिटेबल ट्रस्ट की खालिदा और तीन अन्य खालिदा के राजनीतिक सचिव के खिलाफ तेजगांव पुलिस थाने में शक्तियों का दुरुपयोग करके ट्रस्ट के लिए अज्ञात स्रोतों से धन इकट्ठा करने का मामला दर्ज किया था इस मामले में 8 फरवरी 2018 को ढाका की विशेष अदालत ने जिया को पांच साल की जेल की सजा सुनाई थी। इसी फैसले में जिया के बेटे तारिक और पूर्व मुख्य सचिव कमालुद्दीन सिद्दीकी समेत पांच अन्य आरोपियों को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। आरोपियों पर 2.1 करोड़ टका का जुर्माना भी लगाया गया था। आरोपियों में तारिक, सिद्दीकी और जियाउर्रहमान का भतीजा मोमिनुर रहमान अभी भी फरार हैं।

इसके बाद पूर्व पीएम खालिदा जिया ने ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। 30 अक्तूबर 2018 को जस्टिस एम इनायतुर रहीम और जस्टिस एमडी मुस्तफिजुर रहमान की पीठ ने सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया। इसके बाद जिया ने सजा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील याचिका दायर की। कानूनी प्रक्रिया और वकीलों की ओर से पहल न होने के चलते सालों तक अपील लटकी रही। 11 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने जिया की अपील को स्वीकार कर ली।

# ट्विटर खरीदने से पहले ही मस्क ने खरीद लिए थे उसके शेयर



**वॉशिंगटन।** शिकायत में कहा गया है कि मस्क ने 4 अप्रैल तक इसका खुलासा नहीं किया था, जो नियमों का उल्लंघन है। मस्क ने अक्तूबर 2022 में ट्विटर का अधिग्रहण किया और बाद में उसका नाम बदलकर एक्स कर दिया था। दिग्गज अरबपति एलन मस्क ने साल 2022 में सोशल मीडिया कंपनी एक्स (पूर्व में ट्विटर) का अधिग्रहण किया था। हालांकि अब उस डील को लेकर मस्क मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। दरअसल अमेरिका के बाजार के नियामक आयोग सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर कराया है। एसईसी का आरोप है कि मस्क ने एक्स खरीदने से पहले ही उसके शेयर खरीदे हुए थे, लेकिन मस्क ने एसईसी को इस बात की जानकारी नहीं दी थी। नियमों के उल्लंघन के चलते एसईसी ने मस्क के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एलन मस्क ने साल 2022 की शुरुआत से ही ट्विटर के शेयर खरीदने शुरू कर दिए थे और मार्च 2022 तक मस्क के पास ट्विटर के 5 प्रतिशत से ज्यादा शेयर थे। शिकायत में कहा गया है कि मस्क ने 4 अप्रैल तक इसका खुलासा नहीं किया था, जो नियमों का उल्लंघन है। मस्क ने अक्तूबर 2022 में ट्विटर का अधिग्रहण किया और बाद में उसका नाम बदलकर एक्स कर दिया था।

एसईसी द्वारा मुकदमा दायर कराने को लेकर अभी तक मस्क या एक्स की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अप्रैल 2022 में मस्क ने ट्विटर का अधिग्रहण करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद, सौदे से पीछे हटने की कोशिश की थी, जिसके कारण कंपनी ने उन पर अधिग्रहण के लिए दबाव डालने के लिए मुकदमा दायर किया। एसईसी ने कहा कि अप्रैल 2022 से उन्होंने इस बात की जांच की कि क्या मस्क ने ट्विटर के अधिग्रहण के दौरान कंपनी से संबंधित और एसईसी फाइलिंग के संबंध में किसी भी प्रतिभूति कानून का उल्लंघन तो नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि एसईसी के वर्तमान अध्यक्ष गैरी जेन्सलर 20 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण वाले दिन ही अपने पद से हटने की योजना बना रहे हैं। ऐसे में यह साफ नहीं है कि नया प्रशासन मस्क के खिलाफ मुकदमा जारी रखेगा या नहीं।

# अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र का बड़ा कदम, स्पेसएक्स ने चंद्रमा पर भेजे अमेरिका और जापान के दो निजी यान

स्पेसएक्स ने बुधवार को जापान और अमेरिका की कंपनियों द्वारा बनाए गए दो लूनर लैंडर्स की जोड़ी को लॉन्च किया। दोनों लैंडर रॉकेट नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना किए गए। ये लैंडर्स चांद पर जाने वाले निजी अंतरिक्ष यान हैं। दोनों यान अलग-अलग रास्तों से चंद्रमा पर पहुंचेंगे। अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों ने बड़ा कदम रखा है। स्पेसएक्स ने बुधवार को जापान और अमेरिका की कंपनियों द्वारा बनाए गए दो लूनर लैंडर्स की जोड़ी को लॉन्च किया। दोनों लैंडर रॉकेट नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना किए गए। ये लैंडर्स चांद पर जाने वाले निजी अंतरिक्ष यान हैं। यह अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की बढ़ती भूमिका को दिखाता है। दोनों यान अलग-अलग रास्तों से चंद्रमा पर पहुंचेंगे। चंद्रमा पर पहली बार यान भेजने वाली कंपनी फायर फ्लाई एयरोस्पेस नासा के लिए 10 प्रयोग कर रहा है। इन दो यानों में चंद्रमा की धूल इकट्ठा करने के लिए वैक्यूम, सतह का तापमान मापने के लिए ड्रिल और भविष्य में चंद्रमा पर जाने वाले यात्रियों के लिए अपने स्पेससूट और उपकरणों को तीखे कणों से बचाने वाला उपकरण शामिल है। चंद्रमा पर अमेरिकी कंपनी फायर फ्लाई के यान नाम ब्लू घोस्ट है। जबकि जापानी कंपनी के यान का नाम आईस्पेस है। अमेरिकी कंपनी फायरफ्लाई का ब्लू घोस्ट मार्च की शुरुआत में चंद्रमा पर पहुंचेगा। इसका नाम अमेरिका के दक्षिण पूर्वी फायरफ्लाइज की एक प्रजाति के नाम पर रखा गया है। छह फुट छह इंच (2 मीटर) लंबा यह लैंडर मार्च की शुरुआत में चंद्रमा के उत्तरी अक्षांश में स्थित ज्वालामुखीय मैदान मैरे क्रिसियम में उतरेगा। जापान की कंपनी द्वारा तैयार किया गया लैंडर आईस्पेस चंद्रमा की मिट्टी को इकट्ठा करेगा। इसके लिए लैंडर में स्कूप के साथ एक रोवर है। साथ ही यह भविष्य के खोजकर्ताओं के लिए संभावित भोजन और पानी के स्रोतों का परीक्षण भी करेगा। आईस्पेस लैंडर का नाम रेजिलिएंस भी है। इसे चांद पर पहुंचने में चार से पांच महीने लगेंगे। लक्ष्य के मुताबिक यह लैंडर मई के अंत या जून के आरम्भ में चंद्रमा के निकटवर्ती भाग उत्तर में मैरे फ्रिगोरिस पर उतरेगा। चांद की सतह पर उतरने के बाद, आईस्पेस का 11 पाउंड का रोवर लैंडर के पास रहेगा।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. द्वारा किया गया सम्मान समारोह

**जनपद के वरिष्ठ चिकित्सकों का ब्राह्मण संगठन ने किया सम्मान**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** नगर के कार्यालय कैंप शुक्ला मैरिज लॉन हरबसपुर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के नेतृत्व में जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक व सम्मानित जन का सम्मान समारोह का कार्यक्रम मंगलवार के दिन संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीपति उपाध्याय द्वारा की गई तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र श्री उमा महेश्वर संस्कृत महाविद्यालय कोल ढेमा रहे। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम के चित्र पर वाराणसी मंडल अध्यक्ष जयेंनद्र कुमार शुक्ला एवं पं. अवध नारायण तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी द्वारा आयोजित लखनऊ में ब्राह्मण महाकुंभ सम्मेलन के सफलोपरांत जनपद में महिला प्रकोष्ठ का उत्साहवर्धन एवं सम्मानित जनों का सम्मान के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।वहीं कार्यक्रम के दौरान पहुंचे जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक अरुण कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि हमें सबसे पहले अपने आप को सुधारना होगा अगर हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा। जिससे समाज में एकता कायम रहे जहां सभी को एक दूसरे का सहयोग करते हुए सभी की सहायता करनी है। जिससे समाज में भाईचारा बना रहे। वही सभी आगंतुकों ने अपने-अपने विचार रखें तथा डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र द्वारा सभी आगंतुकों को अंग वस्त्र भेंट किया गया। कार्यक्रम की देखरेख जयेनद्र कुमार शुक्ला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति त्रिपाठी पं. अवध नारायण तिवारी, संजीव पाठक व अरुण पाठक के द्वारा संपन्न कराया गया कार्यक्रम का संचालन अजय त्रिपाठी प्रधानाचार्य द्वारा किया गया इस मौके पर डॉ. बीएस उपाध्याय डॉ. विनय कुमार तिवारी, पं. अवध नारायण तिवारी, रामदयाल द्विवेदी, राम जी तिवारी, रामेश्वर त्रिपाठी, शेषमणि पांडे, कृष्ण चंद्र तिवारी, पी. पी. दुबे,रविंद्र मिश्रा, संजीव पाठक, अरुण कुमार पाठक, गौरी शंकर मिश्रा अधिवक्ता, पं. राजेंद्र तिवारी, कृष्णकांत त्रिपाठी, रामकृष्ण त्रिपाठी जिला अध्यक्ष परशुराम सेना, प्रखर जी, विपुल पाठक, कृष्णानंद उपाध्याय, गिरजा शंकर पाठक, धर्म दत्त दादा,रविंद्र मिश्रा, माताफेर मिश्र तथा सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## शाही स्नान के बाद आया हार्ट अटैक, एनसीपी शरद पवार गुट के नेता की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में लगे महाकुंभ से आज दुःखद घटना सामने आई है। मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को महाकुंभ में स्नान करने आए एनसीपी शरद पवार गुट के नेता महेश विष्णुपंत कोठे की हृदयगति रूकने से मौत हो गई। महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता शरद पवार गुट के नेता महेश विष्णुपंत कोठे की महाकुंभ में शाही स्नान के बाद मंगलवार (14 जनवरी) को हार्ट अटैक आया और उनका निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे। महेश कोठे सोलापुर नगर पालिका के पूर्व मेयर थे। उन्हें शरद पवार ने सोलमापुर सिटी उत्तर से टिकट दिया था लेकिन वह विधानसभा का चुनाव हार गए पूर्व मेयर महेश कोठे के रिश्तेदारों ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ महाकुंभ गए हुए थे। रिश्तेदार ने बताया कि गंगा घाट पर नहाने के बाद उन्हें हार्ट अटैक आया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महाराष्ट्र सरकार के जरिए उत्तर प्रदेश सरकार से संपर्क किया है कि एयरलिफ्ट कर उनका शव सोलापुर लाया जाए। वरिष्ठ नेता महेश कोठे के निधन पर शरद पवार ने ट्वीट किया है कि सोलापुर के सबसे कम उम्र के मेयर और मेरे पुराने सहयोगी महेश कोठे का प्रयागराज में निधन हो गया।

# किसानों को अधिक से अधिक लोन दिया जाए: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर कृषि विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी किसानों को दी गई। जिलाधिकारी ने जनपद में खाद की उपलब्धता के संबंध जानकारी ली जिस पर जिला कृषि अधिकारी और किसानों ने बताया कि खाद से सम्बन्धित कोई समस्या नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा खराब नलकूपों की सूची बनाते हुए उन्हें अगले सोमवार तक ठीक कराने के निर्देश एक्सईएन को दिए गए। उन्होने एलडीएम को निर्देशित किया कि किसानों को अधिक से अधिक लोन दिया जाए जिससे किसानों को कृषि कार्य में सहायता मिलें और साथ ही जनपद का सीडी रेशियो भी बढाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी किसानों से संवाद स्थापित करें, उनकी आवश्यकता तथा समस्या को सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होने कहा कि किसान दिवस आयोजन करने का उद्देश्य है कि किसानों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाए और उनसे जुडी समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित की जाए। उन्होंने किसानों से कहा कि सम्मान निधि की अगली किस्त के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दिया गया है, 31 जनवरी से पहले सभी किसान अपने नजदीकी सीएससी पर जाकर अपनी आईडी बनवा ले, जिससे उन्हें अगली किस्त का लाभ प्राप्त हो सके। डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक ने बताया कि गेहूं क्रय केंद्र 1 मार्च से संचालित हो जाएंगे। इस वर्ष गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में गत वर्ष से 150 रुपए प्रति कुंतल की वृद्धि हुई है। प्रति कुंतल गेहूं की एमएसपी 2425 रुपए है। गेहूं विक्रय के लिए किसान बंधु किसी भी जन सेवा केंद्र पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं। किसान बंधु अपने मोबाइल में किसान मित्र ऐप डाउनलोड करके भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। इसके अलावा अपने नजदीकी किसी भी धान क्रय केंद्र पर जाकर निःशुल्क अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस दौरान डिप्टी पीडी आत्मा डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि जनपद में एग्री स्टेक का कार्य तेजी से चल रहा है, जिन किसानों ने अभी तक फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं कराया है वे अनिवार्य रूप से करा ले। उन्होंने ई-खसरा पड़ताल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एक्सईएन सिंचाई ने बताया कि सभी नहरों में टेल तक पानी पहुंचाया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने सत्यापन कराते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने किसान नेता राजनाथ, नीता पाल, सहित कुल 05 किसानों को डायरी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी भू राजस्व अजय अम्बष्ट, उप निदेशक कृषि हिमान्शु पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक डा. आरके सिंह, डा. सुरेंद्र सोनकर सहित अन्य अधिकारीगण और किसान उपस्थित रहे।

## डीएसए क्लब 'बी' और एमआईसी को मिली जीत

**प्रयागराज।** डीएसए क्लब 'बी' और एमआईसी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर श्री सहायक लाल गुप्ता स्मृति अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में डीएसए 'बी' के मोहम्मद हमजा खान (51 रन 37 गेंद 8 चौके), एमआईसी के शिवांश गुप्ता (39 नाबाद एवं दो विकेट) और आदित्य कुमार (5-0-13-3) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। डॉ. केएन काटजू इंटर कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए पहले मैच में डीएसए क्लब 'बी' ने 22 ओवर में सात विकेट पर 177 रन (मोहम्मद हमजा खान 51, आरव 29, त्रिजल सिंह 20 नाबाद, दीपांश सिंह 2/25, शिष्ट सिंह 2/33) बनाए। जवाब में फाफामऊ क्लब की टीम 19.3 और में 102 रन (शिष्ट सिंह 24, मोहित 2/04) पर सिमट गई। मोहम्मद हमजा खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में श्री सहायक क्लब ने 22 ओवर में 81 रन (देवांश मिश्रा 26, यशार्थ गुप्ता 14 नाबाद, आदित्य कुमार 3/13, शिवांश गुप्ता 2/27) बनाए। जवाब में एमआईसी ने 12.2 ओवर में दो विकेट पर 85 रन (शिवांश गुप्ता 39 नाबाद, देवांश मिश्रा व अथर्व एक-एक विकेट) बना लिए। शिवांश गुप्ता को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# बार एवं बेंच एक सिक्के के दो पहलू: एसडीएम डॉ. योगिता



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (बदलापुर)** बार एसोसिएशन तहसील बदलापुर एवं नवागत उप जिलाधिकारी डॉ. योगिता सिंह के बीच बुद्धवार को तहसील सभागार में संक्षिप्त परिचय का आदान-प्रदान आयोजित किया गया। परिचय के दौरान एसडीएम ने कहा कि हमारा देश अनेकता में एकता वाला देश है, जहां सभी मिलजुल कर रहते हैं। बार और बेंच एक सिक्के के दो पहलू हैं। हमारे और आपके बीच आयी किसी भी समस्या का निस्तारण आपसी सामंजस्य से ही सम्भव है। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों एवं न्यायिक प्रक्रिया में वैधानिक बिन्दुओं पर सदैव आप सब के साथ कन्धा से कन्धा मिला कर चलूंगी। एसडीम डॉक्टर योगिता सिंह ने कहा कि आप सब नियमित न्यायालयों के संचालन में अपना सहयोग दें ताकि शासन की मंशा के मुताबिक वादकारियों का हित संभव हो सके। बार अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता वादकारियों के हित के लिए समर्पित भाव से नियमित न्यायालयों में उपस्थित रह कर काम करना चाहता है। किन्तु अधिकारियों की लापरवाहीं कोर्ट चलानें बाधक बनता है। उन्होंने नवागत एसडीएम डॉ योगिता सिंह से कहा कि पूर्व की पत्रावलियों को सुन कर उसको निस्तारित करनें में सहयोग करें। ताकि बार बेंच की गरिमा बनी रहे। इस दौरान तहसीलदार राकेश कुमार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी,विनोद सिंह, हरी लाल पाल, उदधि प्रसाद पाठक,विवेक पाण्डेय, पवन पाण्डेय, खेताल चन्द यादव, उपेन्द्र मणि त्रिपाठी, विनय पाल, लालता प्रसाद, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने विकास भवन स्थित समस्त कार्यालय का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब, एक दिन का वेतन रोकने का दिया निर्देश**



**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त विवेक ने शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने हेतु बुधवार को विकास भवन में स्थापित समस्त कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय विभिन्न कार्यालयों में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। मण्डलायुक्त ने अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया तथा मुख्य विकास अधिकारी के साथ अपरान्ह में अपने कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। उक्त के क्रम में निरीक्षण के समय अनुपस्थित रहे अधिकांश अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मण्डलायुक्त के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा, जिस पर उन्होंने उन अधिकारियों एवं को इस आशय की चेतावनी निर्गत किए जाने का निर्देश दिया कि यदि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। स्पष्ट निर्देश के बावजूद भी कतिपय अधिकारी एवं कर्मचारी अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित नहीं हुए, जिसमें डूडा कार्यालय के सीएमएम गोपाल राम, सीओ अमरीश यादव व सीएलटीएल अंकित कुमार पटेल, डीआरडीए कार्यालय के लेखाकार शिवमोहन सिंह, वरिष्ठ सहायक मनीष कुमार राय एवं कनिष्ठ सहायक अखिलेश कुमार गोस्वामी, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के वरिष्ठ सहायक रमेश चन्द, कनिष्ठ सहायक आशीष रंजन व पूजा राव सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त सहकारिता विभाग के ग्रा. से.(कृषि) विनय यादव, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय विकास दल अधिकारी सुल्तान सिंह व उनके कार्यालय के कनिष्ठ सहायक रणधीर सिंह, ग्राम्य विकास विभाग (स्वतः रोजगार) के डीईओ विजय प्रकाश, लघु सिंचाई विभाग वरिष्ठ सहायक राजेश कुमार श्रीवास्तव व अशोक कुमार राय तथा पंचायतीराज विभाग के डीसी (आईईसी) पीति सिंह व लेखाकार मनोज कुमार यादव भी अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित नहीं हुए। मण्डलायुक्त ने इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों का निरीक्षण तिथि का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त कतिपय कार्यालयों में अनुपस्थित पाये गये वाहन चालक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से भी उन्होंने स्पष्टीकरण तलब किया है। मण्डलायुक्त विवेक ने अपने निरीक्षण से पूर्व विकास भवन के मुख्य द्वार को बन्द कराया तथा क्रमवार समस्त कार्यालयों में उपस्थिति का जायजा लिया। बाल विकास एवं पुष्टाहार कार्यालय के निरीक्षण में प्रधान सहायक उपेन्द्र राय द्वारा कर्मचारियों के सम्बद्धीकरण के सम्बन्ध में बार-बार गलत जानकारी दिये जाने उन्होंने सख्त नाराजगी व्यक्त किया तथा अपनी ओर से उक्त कर्मचारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, संयुक्त विकास आयुक्त धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# खरगीपुर गोधना में राज्यमंत्री ने वितरित किए कंबल

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर(खेतासराय)** ठंड से राहत देने के उद्देश्य से बुधवार को ग्राम पंचायत खरगीपुर गोधना, लेदरही में निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव ने सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश का कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि निःशुल्क कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने में मददगार होते हैं और समाज के सक्षम वर्ग को भी ऐसे कार्यों में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, एडीओ आइएसबी संजय श्रीवास्तव, मनीष कुमार गुप्ता, अनीता राजभर, भीमचंद्र राजभर, सचिन, विपिन यादव, हरिश्चंद्र, सुजीत यादव, आशीष गुप्ता, मोहनलाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गभीरन मंडल अध्यक्ष अजय यादव ने किया।


# कार्यालय जलकल विभाग नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक : 596/जलकल/ई-निविदा सूचना/2024-25 दिनांक : 15/01/2025

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगर निगम फिरोजाबाद के जलकल विभाग द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्रेमपुर रैपुरा स्थित सौ-सैया रैन बसेरा का संचालन कार्य कराने हेतु पंजीकृत्त/अपंजीकृत (सशर्त) अनुभवी फर्मों से ई-निविदा की अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल के माध्यम से डबल बिड (तकनीकी एवं वित्तीय) में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदायें दिनांक 16.01.2025 से डाउनलोड किये जा सकेगी तथा दिनांक 25.01.2025 की अपरान्ह 4:00 बजे तक निविदायें उपरक्त बेवसाइड पर अपलोड की जायेगी। तत्पश्चात् प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 25.01.2025 की सांय 5:00 बजे महाप्रबन्धक कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र.सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 16-01-2025 02:00 PM |
| 2. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 16-01-2025 02:00 PM |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 25-01-2025 04:00 PM |
| 4. | तकनीकी निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 25-01-2025 05:00 PM |

**नोट-** शेष नियम व शर्ते ई-निविदा अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

**अधिशासी अभियन्ता (जल)**
**नगर निगम फिरोजाबाद**


## यंगस्टर्स वेटरन क्लब 4-3 से जीता



**प्रयागराज।** यंगस्टर्स क्लब के डॉयमंड जुबली वर्ष समारोह के तहत यंगस्टर्स वेटरन क्लब एवं मास्टर फुटबाल वेटरन क्लब मध्य प्रदर्शनी मुकाबला अग्रसेन इंटर कालेज मैदान पर खेला गया। इसमें यंगस्टर्स वेटरन क्लब ने 4-3 से से जीत दर्ज की। विजेता टीम के लिए संजीव सिंह ने दो गोल गोल किया जबकि सचिन व मोइनुद्दीन ने एक-एक गोल मारा। पराजित टीम से की तरफ से मिराज अली, राम आसरे तथा संतोष ने एक-एक गोल किया। मैच में यंगस्टर्स फुटबाल क्लब एवं इलाहाबाद जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष नारायणजी गोपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन 18 को

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा 18 जनवरी को राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज, रेरा रोड, जसरा, प्रयागराज परिसर में प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। उक्त मेलों में निजी क्षेत्र की डस्की स्टेलियन प्रा0लि0, संजीवनी ग्रुप ऑफ कम्पनी, न्यू एरा कान्स्ट्रक्शन एण्ड डिज़ाइन, जोमैटो, वी5 ग्लोबल, एडिको एवं किल्टन जियो इंजीनियरिंग प्रा0लि0 आदि कम्पनियों द्वारा लगभग 1500 विभिन्न रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेलों में हाईस्कूल, इण्टर,लस्नातक, आई0टी0 आई, डिप्लोमा, बीटेक उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीयन करके अपने समस्त अंक-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण रोजगार संगम पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

# आरके ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टिट्यूशन की स्थापना दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** जनपद के सठियांव आर के ग्रुप मेडिकल कॉलेज आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज के सभागार में आरके ग्रुप आफ इंट्रोड्यूस की स्थापना दिवस एवं ग्रुप के संस्थापक डॉ प्रेम प्रकाश यादव का जन्म दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस का प्रारंभ संस्थापक डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव एवं पूर्व सांसद आनंद किशोर यादव तथा महान शिक्षा विद्युत दिवाकर तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद नंदकिशोर यादव ने कहा कि आर ग्रुप की स्थापना की स्थापना ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के एक महान इस ग्रुप में परंपरागत शिक्षा से लेकर से लेकर तकनीकी शिक्षा तक शिक्षण कार्य से संचालित है इसका सारा श्रेय जन्मदिवस की मना रहे हैं। संस्थापक डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव ने कहा कि आज हमारा वह सौभाग्य है कि इस क्षेत्र का ही नहीं पूरे जनपद का जनपद का सहयोग हमको मिला और मिलता रहेगा यह उपलब्धि व्यक्तिगत नहीं बल्कि पूरी जनता की जनता की है हमारा उद्देश्य शिक्षा का विश्वास एवं सेवा की भावना है औतरण दिवस के उपलक्ष में ग्रुप के द्वारा क्षेत्र के निधन व्यक्ति को लगभग 400 कमल का वितरण किया गया।


# कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद- सिद्धार्थनगर

पत्रांक 896(i)/न0पं0कपि0सि0नगर/2024-25 दिनांक 13.01.2025

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या - 557/2024/नौ-5-2024/001-Com.No.-1882074 नगर विकास अनुभाग-5 दिनांक 28 दिसम्बर, 2024 के क्रम में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर में पेयजल हेतु व्यवस्था योजना/राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य से संबंधित निविदा दिनांक 15.01.2025 से दिनांक 30.01.2025 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर पूर्वान्ह 11:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा व अन्य के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त निविदा दिनांक 30.01.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद खोली जायेगी, जिसे संबंधित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता हैं। जिसका विवरण निम्नवत है-

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 15.01.2025 अपरान्ह 01:00 बजे |
| (B) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि/समय | 15.01.2025 अपरान्ह 01:00 बजे से |
| (C) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा/बिड अपलोड की तिथि/समय | 15.01.2025 अपरान्ह 02:00 बजे से |
| (D) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा/बिड अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 30.01.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| (E) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय | 30.01.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**



# कार्यालय : नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक :- 832/ज0क0वि0न0नि0अयो0/अल्पकालीन निविदा/2024-25 दिनांकः- 15/01/2025

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

नगर निगम अयोध्या में नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के उपरान्त नगर निगम अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत पेयजल व्यवस्था के दृष्टिगत जोन- अयोध्या धाम के विभिन्न स्थानों पर स्थापित वाटर कियोस्क एवं टी0टी0एस0पी0 पर पेयजल व्यवस्था दर्शाने एवं प्रतिनिधित्व करने हेतु ग्लो साइनिंग बोर्ड (लाइटिंग बोर्ड टाईप) की आपूर्ति कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा निविदा बाक्स के माध्यम से आमंत्रित की जानी है, तत्क्रम में दिनांक 22/01/2025 तक महाप्रबन्धक (जल) के कक्ष मे रखी सीलबन्द निविदा पेटिका मे निविदायें पूर्वाहन 10.00 बजे से 3.00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की जायेगी, तथा उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष 04.00 बजें खोली जायेगी। इच्छुक फर्म/ठेकेदार निविदा प्रपत्र दिनांक 16/01/2025 से 22/01/2025 तक कार्यालय नगर निगम अयोध्या के जलकल विभाग से प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। अति अल्पकालीन निविदा के नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र मे संलग्न है। अति अल्पकालीन निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त लेखाधिकारी के नाम एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/डी0डी0 के रूप में सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही होगा। नगर आयुक्त महोदय को बिना कोई कारण बताये अति अल्पकालीन निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। कार्य का विवरण निम्नवत् हैः-


| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित धनराशि (रूपयों मे) (G.S.T. रहित) | जमानत धनराशि रूपया | निविदा मूल्य +18% G.S.T | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत जोन- अयोध्या धाम में ग्लो साइनिंग बोर्ड (लाइटिंग बोर्ड टाईप) की आपूर्ति कार्य हेतु। | 2,88,416.70 | 28,900.00 | 1770,00 | 15 दिवस |

**महाप्रबन्धक (जल)**
**नगर निगम अयोध्या**

**अपर नगर आयुक्त**
**नगर निगम अयोध्या**

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एसरी इंडिया ने कुंभ वेबऐप पेश किया

**नई दिल्ली।** महाकुंभ मेले में स्थान खोजने में श्रद्धालुओं की मदद और उन्हें समृद्धशाली अनुभव प्रदान करने के लिए एसरी इंडिया ने kumbhlocator.esri.in नाम से



एक वेबऐप लांच किया है। यह वेबऐप हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। जीआईएस आधारित यह वेबऐप मेला में ठहरने, स्नान घाटों, पार्किंग, सड़कों (लाइव ट्रैफिक के साथ), मौसम अपडेट, प्रवेश और निकासी बिंदुओं, खोया पाया केंद्रों, ई रिक्शा स्टैंड, पुलिस थानों, अग्निशमन केंद्रों, अस्पतालों आदि के बारे में सूचना उपलब्ध कराता है। महाकुंभ मेला उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। नदी के किनारे 4,000 हेक्टेयर विशाल क्षेत्र में फैले इस मेले में दुनियाभर से 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने का अनुमान है। महाकुंभ मेले के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के दिन गंगा और संगम में डुबकी लगाने के लिए 1.65 करोड़ से अधिक लोग इस मेले में आए।

यूज़र्स इस ऐप के जरिए आयोजनों, कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों के स्थान को चिह्नित कर सकते हैं। यह महत्वपूर्ण मंदिरों और प्रयागराज के अन्य पर्यटक स्थलों को दिखाने के लिए आर्कजीआईएस स्टोरी मैप्स भी प्रदर्शित करता है।

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्र कुमार ने कहा, कुंभ मेला में लाखों श्रद्धालुओं का अनुभव बढ़ाने के इरादे से हमने एक वेबऐप लांच किया है। इस वेबऐप के जरिए हमारा लक्ष्य एक ही जगह सभी उपयोगी सूचना को उपलब्ध कराना है। यह हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है और इसके लिए किसी तरह के लॉगइन या डाउनलोड की जरूरत नहीं है। इसका उद्देश्य मेला के रास्तों का पता लगाने, महत्वपूर्ण स्थलों तक पहुंचने और सुविधाओं के बारे में अपडेट रहने को लेकर श्रद्धालुओं को सशक्त करना है जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और उनकी पूरी यात्रा सुखद रहे।

जीआईएस टेक्नोलॉजी बेहतर नैविगेशन, सुरक्षा और संगठन के लिए टूल्स की पेशकश कर एक तीर्थस्थल पर श्रद्धालुओं का अनुभव काफी हद तक बढ़ा सकती है। यह श्रद्धालुओं को इंटरऐक्टिव और रीयल टाइम मैप्स के साथ बड़े और भीड़भाड़ वाले स्थानों को आसानी से नैविगेट करने की सहूलियत देता है जिससे उन्हें घाटों, खोया पाया केंद्रों, पुलिस थानों, फायर स्टेशनों, विश्रामालयों आदि जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर पहुंचने में मार्गदर्शन मिलता है।

## रिलायंस ज्वेल्स ड्रीम डायमंड सेल फिर से लौटी

**कानपुर।** भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, रिलायंस ज्वेल्स, अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक ड्रीम डायमंड सेल के साथ वापस आ गया है। यह खास ऑफर ग्राहकों को हीरों की कालातीत चमक का जश्न मनाने का मौका दे रहा है। यह सेल 16 फरवरी 2025 तक चलेगी, जिसमें ग्राहकों को डायमंड वैल्यू और मेकिंग चार्जेस पर 30% तक की छूट मिलेगी। यह अपने ज्वेलरी कलेक्शन में चमचमाते हीरे जोड़ने का एक बेहतरीन अवसर है।

इस साल की ड्रीम डायमंड सेल में हीरे के गहनों की एक विस्तृत रेंज उपलब्ध है, जो हर मौके के लिए उपयुक्त है। चाहे आप अपनी रोजमर्रा की शैली को निखारना चाहते हों या जीवन के अनमोल पलों को यादगार बनाना चाहते हों। स्टेटमेंट ब्राइडल सेट्स, आकर्षक रिंग्स, नाजुक इयररिंग्स, बहुमुखी कंगन और भव्य नेकलेस तक, रिलायंस ज्वेल्स के पास हर शैली और मौके के लिए कुछ खास है। ड्रीम डायमंड सेल के बारे में बात करते हुए, रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ सुनील नायक ने कहा, ÷रिलायंस ज्वेल्स में, हम हीरों के शाश्वत आकर्षण और उनसे जुड़े



भावनात्मक मूल्यों को समझते हैं। ड्रीम डायमंड सेल को इस तरह से तैयार किया गया है कि ये कीमती रत्न अधिक सुलभ बनें, ताकि ग्राहक अपने प्रिय पलों का जश्न मना सकें या रोजमर्रा की शान को स्थायित्व प्रदान कर सकें। हमारे बेजोड़ ऑफर्स और डायमंड्स के विशाल संग्रह के साथ, हम इस सीजन में खुशी और चमक फैलाने को लेकर उत्साहित हैं। ड्रीम डायमंड सेल कैंपेन महिलाओं और हीरों के बीच गहरे, कालातीत संबंध को मनाता है, इन रत्नों से जुड़े गहरे भावनात्मक पहलुओं पर जोर देता है। कैंपेन लिंक: https://www.youtube.com/watch?v=ZgJUMSLwhuE हीरे सार्वभौमिक रूप से प्रेम और सराहना का प्रतीक माने जाते हैं। ड्रीम डायमंड सेल एक दिल से भरा हुआ निमंत्रण है।

## होमटेल लखनऊ में 'रंग दे बसंती' पंजाबी फूड फेस्टिवलः परंपरा और स्वाद का शानदार मेल



**लखनऊ।** अगर आप पंजाबी व्यंजनों के असली स्वाद का आनंद लेना चाहते हैं, तो होमटेल बाय सरोवर, शालीमार गेटवे मॉल, आलमबाग में आयोजित हो रहे 'रंग दे बसंती - ए फ़ीस्ट ऑफ ट्रेडिशन एंड टेस्ट' में शामिल होना न भूलें। यह विशेष पंजाबी फूड फेस्टिवल 15 जनवरी से 24 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। हर दिन शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक मेहमानों को लाजवाब पंजाबी व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर मिलेगा।

इस फेस्टिवल में पारंपरिक पंजाबी भोजन के शौकीनों के लिए खासतौर पर तैयार की गईं डिशेज़ में अमृतसरी फिश, भुट्टे दा मुर्ग, मख्खन फिश, सरसों का साग और मक्के दी रोटी, बटर चिकन, मटन रोगन जोश, पनीर मखनी, जीरा आलू, और सोया चाप शामिल हैं। मिठाई के शौकीनों के लिए गाजर का हलवा, फिरनी और बंसल के लड्डू का लाजवाब स्वाद भी उपलब्ध होगा।

होमटेल होटल के जनरल मैनेजर राहुल रोहित ने कहा कि यह फूड फेस्टिवल न केवल पंजाबी खानपान का अनुभव कराएगा बल्कि पारंपरिक सजावट और माहौल से आपको पंजाब का अहसास भी कराएगा। इसके साथ ही यहां इवेंट के दौरान ढ्ढ्रस्नरु पर हैप्पी आवर्स का भी आनंद लिया जा सकता है।

यह फेस्टिवल एक ऐसा अवसर है जहां आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ पंजाबी परंपरा और स्वाद का जश्न मना सकते हैं। तो आइए, इस अनोखे पंजाबी फूड फेस्टिवल का हिस्सा बनें और लज़ीज़ व्यंजनों का आनंद उठाएँ।


## ट्राइडेंट ग्रुप ने 3,000 कुशल व्यक्तियों को नियुक्ति के लिए राष्ट्रव्यापी कर्मयोगी भर्ती अभियान किया शुरू



**लखनऊ।** वैश्विक बिज़नेस समूह ट्राइडेंट ग्रुप ने अपने कर्मयोगी भर्ती अभियान की शुरुआत की घोषणा की है। भर्ती अभियान का लक्ष्य भारत भर में 3,000 कुशल व्यक्तियों को नियुक्ति करना है। यह पहल एक समावेशी, सशक्त समुदाय के निर्माण और राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए ट्राइडेंट ग्रुप की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।कर्मयोगी भर्ती अभियान विशेष रूप से पंजाब में धौला, संघेरा और मध्य प्रदेश में बुधनी क्षेत्र पर केंद्रित होगा, जहां ट्राइडेंट समूह की विनिर्माण सुविधाएं स्थित हैं । कर्मयोगी भर्ती अभियान में महिला आवेदकों और खेल पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की नियुक्ति पर विशेष जोर दिया जाएगा। 3,000 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करके, ट्राइडेंट ग्रुप न केवल 15,000 से अधिक पारिवारिक सदस्यों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हुए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेगा और साथ ही राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में योगदान देने में भी मदद करेगा। यह पहल स्कील डेवलपमेंट को भी बढ़ावा देगी, महिलाओं को सशक्त बनाएगी और मूल्यवान कर राजस्व उत्पन्न करेगी। कर्मयोगी भर्ती अभियान के बारे में बात करते हुए, सुश्री पूजा लूथरा, सीएचआरओ ट्राइडेंट ग्रुप ने कहा कि, यह अभियान हजारों लोगों के लिए सार्थक काम करने के अवसर पैदा करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है, साथ ही हम जिन समुदायों की सेवा में कार्यरत हैं उन पर यह एक सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

## सोशल ने भारत के पहले को-वर्किंग स्पेस को आगे बढ़ाया

**लखनऊ।** भारत के पसंदीदा नेबरहुड कैफ़े सोशल ने अपने को-वर्किंग मॉडल सोशल वर्क्स को 10 शहरों में 50 से ज़्यादा स्थानों पर विस्तारित करने की घोषणा की है। 10 साल पहले देश के पहले को-वर्किंग स्पेस के रूप में पेश किए गए सोशल वर्क्स को पारंपरिक दफ़्तरों के विकल्प की तलाश कर रहे फ्रीलांसरों और पेशेवरों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। अब सोशल वर्क्स के साथ सोशल अपनी पहुँच नए इलाकों और पिनकोड तक बढ़ा रहा है, जहाँ मुंबई, दिल्ली एनसीआर, बैंगलोर, पुणे, हैदराबाद, इंदौर, लखनऊ, चंडीगढ़, देहरादून और कोलकाता जैसे शहरों में पेशेवर लोग सहयोग कर सकते हैं, कुछ बना सकते हैं और कामयाब हो सकते हैं। सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध सोशल वर्क्स, सोशल के सिग्नेचर वाइब के साथ कार्यक्षमता को सहजता से जोड़ता है। मिलेनियल्स और जेन-जेड के साथ



तालमेल बिठाने के लिए डिज़ाइन किया गया, यह एक ऐसा वातावरण बनाता है जो उत्पादकता, रचनात्मकता और समुदाय को बढ़ावा देता है।

**आधुनिक कार्यस्थलों के लिए एक विजन**

पिछले कुछ वर्षों में, सोशल वर्क्स एक संपन्न केंद्र बन गया है जहाँ कनेक्शन बनते हैं, विचार आकार लेते हैं और सफलता की कहानियाँ सामने आती रहती हैं। फ्रीलांसरों से लेकर नवोदित उद्यमियों तक, इस स्थान ने सभी स्तरों के उपक्रमों को

## मीशो ने ज्यादा निष्पक्षता के लिए अपनी सप्लाई चेन प्रक्रियाओं को मजबूत किया

**नई दिल्ली।** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स बाजार, मीशो ने अपने दावे की प्रक्रियाओं में परिवर्तन किया है, जिससे विक्रेताओं को सशक्त बनाने और पारदर्शिता लाने के की इसकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। इन परिवर्तनों द्वारा तेजी से शिकायत निवारण, विकसित जाँच, और सक्रिय उपाय संभव हो सकेंगे, जिससे विक्रेता समुदाय में विश्वास स्थापित होगा। मीशो ने मई, 2024 से अपनी क्लेम अनुमोदन प्रक्रिया में काफी सुधार किया है जिससे ज्यादातर मामलों में शिकायत निवारण में लगने वाला समय 70 प्रतिशत कम हो गया है। इस सुधार से विक्रेताओं को ज्यादा तेजी से समाधान मिले हैं और 3.4 मिलियन वास्तविक दावों को मंजूरी मिल गई है। इससे सभी हितधारकों के लिए एक ज्यादा प्रभावशाली एवं सहयोगपूर्ण प्लेटफॉर्म का निर्माण करने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। नकली रिटर्न को कम करने व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मीशो ने अपनी सप्लाई चेन में वैरिफिकेशन की एक मजबूत प्रक्रिया शुरू की है। जेनरेटिव एआई के साथ इमेज प्रोसेसिंगः मीशो द्वारा सप्लाई चेन ऑपरेशंस में सुधार लाने के लिए जेनरेटिव एआई का उपयोग किया जा रहा है जिससे यह प्रक्रिया ज्यादा स्मार्ट व प्रभावशाली बनती है। इस प्रक्रिया में एआई टूल्स विभिन्न चरणों में कैप्चर की गई इमेजेस का विश्लेषण करके जोखिमों की पहचान करते हैं, और त्रुटिपूर्ण एवं दोषपूर्ण शिपमेंट्स का पता लगाते हैं। इससे विक्रेताओं और ग्राहकों, दोनों को ही बहुत सुगम अनुभव प्राप्त होता है।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक महाकुंभ मेला 2025 में करोड़ों लोगों के लिए डिजिटल भुगतान को आसान बना रहा है

**नई दिल्ली।** महाकुंभ मेले में भाग लेने के लिए करोड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं, ऐसे में एयरटेल पेमेंट्स बैंक श्रद्धालुओं और व्यापारियों दोनों को सरल और सुरक्षित डिजिटल भुगतान और बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए काम कर रहा है।एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने विशाल मेला ग्राउंड में 10 महत्वपूर्ण स्थानों पर अपने कियोस्क लगाए हैं। इन कियोस्क द्वारा आवश्यक बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यहाँ पर श्रृद्धालु अपने बैंक खातों से पैसे निकाल सकते हैं और किसी भी बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। किसी भी बैंक में आधार-लिंक्ड बैंक खातों वाले ग्राहक भी इस सेवा का लाभ ले सकते हैं। ये कियोस्क नकद पैसे को संभालकर रखने की समस्या का हल प्रदान कर रहे हैं, ताकि श्रृद्धालु मेले के दौरान जरूरत पड़ने पर कभी भी पैसे प्राप्त कर सकें या भेज सकें।साथ ही एयरटेल पेमेंट्स बैंक मेला ग्राउंड के अंदर और आसपास व्यापारियों को

Payments Bank

डिजिटल भुगतान प्राप्त करने में भी मदद कर रहा है। बैंक व्यापारियों को डिजिटल पेमेंट नेटवर्क से जोड़कर त्तक्र कोड द्वारा भुगतान प्राप्त करने में समर्थ बना रहा है।

इससे उनका हर लेन-देन तेज, सुरक्षित और आसान हो जाता है। साथ ही व्यापारियों को साउंड बॉक्स भी प्रदान किया जा रहा है, ताकि भुगतान प्राप्त करने पर उन्हें तुरंत स्थानीय भाषा में ऑडियो द्वारा सूचना मिल जाए। इससे उनका काम और ज्यादा आसान हो गया है।नकद पर निर्भरता को कम करके यह बैंक सभी के लिए एक सुरक्षित और ज्यादा व्यवस्थित वातावरण निर्मित कर रहा है। अब श्रृद्धालु वित्तीय लेनदेन की चिंता किए बगैर आध्यात्मिक वातावरण का आनंद ले सकते हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मिजोरम में अपना 67वां टोयोटा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम [टी-टीईपी] और स्टार छात्रवृत्ति पहल शुरू की

**आईजोल।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपने 67वें टोयोटा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम (टी-टीईपी) और इसके तहत स्कॉलरशिप प्रोग्राम फॉर टेक्निकल एजुकेशन एंड रेकगनिशन (स्टार) पहल की घोषणा की। देश के स्किल इंडिया और मेक इन इंडिया मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए टीकेएम ने मिजोरम के आईजोल में यह शुरुआत की है जो गवर्नमेंट इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई) में है। इस तरह, टीकेएम ने इस पूरे क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ावा देने और रोजगार के मौकों के विस्तार के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुनर्पुष्टि की है। यह पहल टीकेएम, मिजोरम सरकार और डीलरशिप पार्टनर ज़ोटे टोयोटा के बीच एक सहयोग है, जो युवाओं की रोजगार क्षमता को बेहतर बनाने और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मिजोरम के राज्य मंत्री - श्रम, रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता विभाग, श्रलालनघिंग्लोवा हमार थे। आज जिन पहल का शुभारम्भ हुआ उनका प्राथमिक उद्देश्य छात्रों, विशेष रूप से ग्रामीण छात्रों के कौशल में सुधार करना और कंपनी के अनूठे कार्यक्रम के माध्यम से उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। यह टी-टीईपी सुविधा सामान्य तकनीशियन श्रेणी पर केंद्रित है।

## ऑयलर मोटर्स ने उत्तर प्रदेश में की अपनी उपस्थिति को मजबूत

**लखनऊ।** इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी ऑयलर मोटर्स ने इकोएज एंटरप्राइज़ेज़ प्राइवेट लिमिटेडके साथ पार्टनरशिप में लखनऊ में अपनी पहली डीलरशिप खोली है। पारा रिंग रोड पर स्थित यह नया शोरूम कंपनी की देशभर में 23वीं डीलरशिप है, जो भारत के कमर्शियल व्हीकल सेक्टर में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को आगे बढ़ाने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह विस्तार ऑयलर मोटर्स की चल रही रिटेल ग्रोथ स्ट्रेटेजी का हिस्सा है, जो उत्तर भारत के मुख्य बाजारों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करता है और कमर्शियल ईवी सॉल्युशन को बिजनेस के करीब लाता है। नया शोरूम ऑयलर मोटर्स के प्रमुख



तीन-पहिया कमर्शियल वाहन, हाईलोड ईवी के साथ पहला चार-पहिया वाहन, स्टॉर्म ईवी, प्रदर्शित करेगा। हाईलोड ईवी में 688 किलोग्राम और स्टॉर्म ईवी में 1250 किलोग्राम की बेहतरीन लोड क्षमता है, जो अपनी श्रेणी में सबसे ज्यादा है। ये वाहन भारी सामान ले जाने के बावजूद रेंज और दक्षता पर समझौता नहीं करते, जिससे ये ढ्ढष्टश्व वाहनों की तुलना में बेहतर साबित होते हैं। हाईलोड ईवी को तेज चार्जिंग के लिए डिज़ाइन किया गया है, जबकि स्टॉर्म ईवी, जो शहर के अंदर और शहर के बाहर दोनों के लिए उपयोगी है, ऑयलर मोटर्स के फाउंडर और सीईओ सौरव कुमार ने कहा, हम लखनऊ में अपनी पहली डीलरशिप खोलकर उत्साहित हैं, जो ग्राहकों को कमर्शियल सेक्टर के लिए इनोवेटिव ईवी सॉल्यूशन प्रदान करेगी।

## महाकुंभ मेले का आनंद उठाएँ फोनपे के साथ

**नई दिल्ली।** 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले के लिए फोनपे ने एक खास कैंपेन की शुरुआत की है। कैंपेन में कई मजेदार चीजों के साथ शामिल है- महाकुंभ का महाशगुन ऑफर, जिसमें प्रयागराज शहर में पहली बार फोनपे उपयोग करने वाले यूजर अपने पहले लेनदेन पर 144 रुपए के फ्लैट कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। यह ऑफर पूरे मेले में 26 फरवरी, 2025 तक और न्यूनतम 1 रुपये के लेनदेन पर वैध है।इस कैंपेन के प्रति ग्राहकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए, कंपनी महाकुंभ थीम पर आधारित QR कोड, बैनर, पोस्टर और अन्य ब्रांडिंग टूल्स का उपयोग प्रमुख स्थानों पर कर रही है। इसके अलावा, इस पवित्र आयोजन को और अधिक विशेष बनाने के लिए, फोनपे ने अपने स्मार्ट स्पीकर पर एक स्पेशल मैसेज लॉन्च किया है, जो श्रद्धालुओं को यह शुभकामना देता है- महाकुंभ की शुभकामनाएं, महा शगुन के साथ।

## रियल एस्टेट इंण्डस्ट्री से जुड़े अंकुश को शार्क ऑफ रियल एस्टेट का खिताब

**लखनऊ।** भारत के तेज़ी से बदलते और विकासशील रियल एस्टेट बाजार में नवाचार और ग्राहक की संतुष्टि सबसे ज्यादा मायने रखती है। इस क्षेत्र में, रियल एस्टेट के विशेषज्ञ अंकुश सयाल ने अपनी दूरदृष्टि और नए विचारों से खास पहचान बनाई है। एक प्रमुख इंडस्ट्री इवेंट में उन्हें शार्क ऑफ रियल एस्टेट का खिताब दिया गया। यह सम्मादन उन्हीं उनके उत्कृष्ट कार्य, अडिग समर्पण और बड़ी-बड़ी डील्स में सफलता पाने की क्षमता के कारण मिला। अंकुश की डील्स में हमेशा लक्जरी, उपयोगिता और उच्चतम मानक की आकांक्षाएं शामिल होती हैं, जो उन्हें रियल एस्टेट क्षेत्र में एक अद्वितीय स्थान प्रदान करती हैं। जैसा कि सोनी लिव के मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया में दिखाया गया है, अंकुश सयाल की कहानी उनके काम के प्रति अडिग प्रतिबद्धता का बेहतरीन उदाहरण है। बनिजय एशिया द्वारा निर्मित और एनबीसी यूनिवर्सल फॉर्मेट्स से लाइसेंस प्राप्त इस शो के भारतीय संस्करण ने हमें लक्जरी रियल एस्टेट की बड़ी डील्सी और नाटकीय दुनिया में प्रवेश कराया है। यह शो, जो कि यूनिवर्सल



इंटरनेशनल स्टूडियोज के डिविजन द्वारा लाइसेंस किया गया है (जो यूनिवर्सल स्टूडियो ग्रुप का हिस्सा है), रियल एस्टेट के खेल को एक नए अंदाज में पेश करता है। इस शो में अंकुश का सफर न केवल उनके जुनून और दृढ़ता को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि वे अपने ग्राहकों के सपनों को कितनी गहराई से समझते हैं। इस सीरीज को दो बार एम्मी अवार्ड्स के लिए नामांकित किया जा चुका है, और अंकुश का यह सफर रियल एस्टेट के क्षेत्र में उनके अद्वितीय दृष्टिकोण और सफलता को दर्शाता है। शो में अंकुश सयाल के लिए सबसे यादगार पलों में से एक था हाल ही का एपिसोड, जिसमें उन्होंने एक उभरते क्राफ्ट बीयर ब्रांड कटी पतंग के फाउंडर के साथ 40 करोड़ रुपये से ज्यादा की डील के लिए कुशलता से मोल-भाव और बातचीत की। यह दृश्य अंकुश की ग्राहकों की आकांक्षाओं को बाजार के मौकों से जोडने की अनोखी क्षमता और उनके प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता को बखूबी दर्शाता है। उनका यह दृष्टिकोण न केवल उनके पेशेवर कौशल को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि वह किस तरह से ग्राहकों की ज़रूरतों को समझते हुए उन्हें सर्वोत्तम मौके उपलब्ध कराते हैं। इस उपलब्धि पर अपनी बात रखते हुए, अंकुश सयाल ने कहा मेरे लिए रियल एस्टेट एक %जुनून का धंधा% है। रियल एस्टेट के माहौल में पला-बढ़ा होने के कारण, मैंने भारत के बाजार की शानदार तरक्की देखी है, जो हमें हमेशा रचनात्मक रूप से सोचने और नए अवसरों को पकडने की चुनौती देती है।

## विश्व समुद्र ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक बने शिवदत्त दास वाईस चेयरपर्सन की जिम्मेदारी लक्ष्मी प्रियदर्शिनी को

VISHWA SAMUDRA CHALLENGE IT. CHANGE IT.

**लखनऊ।** विश्व समुद्र ग्रुप ने अपने प्रमोटर चेयरमैन चिंता शशिधर के नेतृत्व में शिवदत्त दास को मैनेजिंग डायरेक्टर (प्रबंध निदेशक) और सुश्री लक्ष्मी प्रियदर्शिनी चिंता को अपनी होल्डिंग कंपनी के वाईस चेयरपर्सन (उपाध्यक्ष) के रूप में घोषित किया है, जो समूह के संचालन की देखरेख करेंगे। होल्डिंग कंपनी वर्तमान में इंजीनियरिंग, मरीन, एवियेशन, विनिर्माण और निवेश में रुचि रखती है। इसकी इंजीनियरिंग शाखा विश्व समुद्र इंजीनियरिंग पिछले 2 वर्षों में भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कई प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए अभूतपूर्व विकास का प्रदर्शन करने वाली उद्योग की अग्रणी कंपनी रही है। वाराणसी में शहरी रोपवे के निर्माण में अग्रणी इस कंपनी को एबीपी इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव में सबसे नवीन इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी का पुरस्कार भी मिला है। शिवदत्त पिछले कुछ सालों से ग्रुप के कार्यकारी निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं। यह उन्हें अपने साथियों के समूह की तुलना में सबसे युवा पेशेवरों में से एक बनाता है। फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य होने के उपरांत उन्होंने इससे पहले यूनाइटेड स्पिरिट्स, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस, टाटा एआईए, रिलायंस कैपिटल और डी वाई पाटिल हेल्थकेयर जैसे संगठनों के साथ और अर्ली इन्वेस्टर के रुप में अपने खुद के स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में भी काम किया है। वे स्विगी कैप टेबल प्री-आईपीओ के निवेशकों में से एक थे। परोपकार में गहरी रुचि रखने वाले यह योग्यता प्राप्त अर्थशास्त्र विद्वान ने हाल ही में एक खूबसूरत कॉफी टेबल बुक दुग्गा दुग्गा लिखी है, जिसमें दुर्गा पूजा की कहानी और सभी भौगोलिक क्षेत्रों में भारत के साथ इसके संबंध को शामिल किया गया है। इस घोषणा के दौरान ग्रुप के चेयरमैन चिंता शशिधर ने कहा ग्रुप को इस नेतृत्व की अब जरूरत है, जब हम एक बड़ी छलांग लगाने और अपने काम के माध्यम से एक विरासत बनाने के लिए तैयार हैं। हम एक वैश्विक उद्यम का निर्माण कर रहे हैं और शिवदत्त इस भूमिका को निभाने के लिए सबसे उपयुक्त आंतरिक प्रतिभा हैं।

## महाकुंभ मेला भक्तों के लिए एनएफटी टिकट और विशेष पुरस्कार सक्षम करने के लिए ओकटो और चेनकोड पार्टनर



**प्रयागराज।** दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन, महाकुंभ मेला, इस साल 450 मिलियन से अधिक तीर्थयात्रियों को प्रयागराज लाने के लिए तैयार है। हर 144 साल में एक बार होने वाली यह ऐतिहासिक घटना गहरा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है। इस वर्ष यह एनएफटी-आधारित टिकट लाने के लिए ओकटो वॉलेट और चेनकोड पार्टनर के रूप में एक महत्वपूर्ण तकनीकी सफलता का भी प्रतीक है, जो नवाचार के साथ परंपरा का सहज मिश्रण है। अपनी तरह की यह पहली पहल लाखों भारतीय रेलवे यात्रियों को टेंट सिटी बुकिंग और ट्रेन यात्रा के लिए अपने टिकटों के वैयक्तिकृत एनएफटी संस्करण प्राप्त करने में सक्षम बनाती है, जो ओक्टो वॉलेट में सुरक्षित रूप से संग्रहीत होते हैं। ये एनएफटी न केवल यात्रा के अद्वितीय डिजिटल स्मृति चिन्ह के रूप में काम करते हैं, बल्कि कुंभ मेले में विशेष छूट भी प्रदान करते हैं, जिसमें टेंट आवास पर बचत और अन्य वफादारी लाभ शामिल हैं। प्रयागराज में एक समय में 20 लाख से अधिक भक्तों के इकट्ठा होने की उम्मीद है, तीर्थयात्रियों को ठहराने के लिए बुनियादी से लेकर शानदार तक एक लाख से अधिक टेंट की व्यवस्था की गई है। कॉइनडीसीएक्स और ओक्टो में डेफी इनिशिएटिव्स के प्रमुख रोहित जैन ने टिप्पणी की÷ हर भारतीय अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार कुंभ मेले में जाने का सपना देखता है - यह विश्वास और अविस्मरणीय यादों की यात्रा है। वेब3, अपने मूल में, रोजमर्रा के उपयोगकर्ताओं के लिए है, और इसे इस पैमाने पर पेश करने के लिए महाकुंभ से बेहतर मंच क्या हो सकता है? हमारा लक्ष्य इस पवित्र अनुभव को और भी खास और यादगार बनाना है। भारत में जन्मी एक अग्रणी वैश्विक वेब3 कंपनी के रूप में, हमें लाखों भारतीयों तक इस अत्याधुनिक तकनीक को लाने पर गर्व है। 450 मिलियन तीर्थयात्रियों की उम्मीद के साथ, यह वेब3 की शक्ति प्रदर्शित करने का सही अवसर है। बड़े पैमाने पर उपयोगकर्ताओं को शामिल करने और उनकी सेवा करने की ओकटो वॉलेट की सिद्ध क्षमता हमें इस परिमाण को संभालने और वेब3 को मुख्यधारा में लाने के लिए विशिष्ट स्थिति में रखती है।

चेनकोड के संस्थापक और सीईओ आलोक गुप्ता ने साझा किया, हम भारतीय रेलवे, पॉलीगॉन और ओकटो के साथ यात्रा अनुभवों के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं। ब्लॉकचेन बेजोड़ विश्वास, पारदर्शिता और सुरक्षा प्रदान करके विभिन्न उद्योगों में क्रांति ला रहा है। ब्लॉकचेन तकनीक और एनएफटी को एकीकृत करके, जिसका उद्देश्य यह परिभाषित करना है कि यात्री अपनी यात्राओं के साथ कैसे बातचीत करते हैं और सार्थक, स्थायी यादें बनाते हैं। हम इसे ब्लॉकचेन-संचालित समाधानों की एक लहर की शुरुआत के रूप में देखते हैं जो प्रक्रियाओं को सरल बनाएगी और वैश्विक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में विश्वास पैदा करेगी।

चुनिंदा भारतीय रेलवे सेवाओं और कुंभ मेला टेंट सिटी बुकिंग के लिए टिकट बुक करने वाले यात्रियों को उनके टिकट का एनएफटी संस्करण प्राप्त होगा। इन एनएफटी को उनके ओक्टो वॉलेट में सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाएगा, जो एक अद्वितीय, वैयक्तिकृत डिजिटल उपहार प्रदान करेगा।

## वायु (WAAYU) महाकुंभ 2025 के लिए 1.5 करोड़ से अधिक महाप्रसाद ऑर्डर की डिलीवरी

**प्रयागराज।** भारत का पहला ज़ीरो-कमीशन फूड डिलीवरी ऐप, वायु, ने ओएनडीसी ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत महाकुंभ 2025 के दौरान 1.5 करोड़ से अधिक महाप्रसाद ऑर्डर देशभर में डिलीवर किए जाएंगे। यह ऐतिहासिक पहल पवित्र महोत्सव के दौरान देशभर के भक्तों को प्रसाद उपलब्ध कराएगी, जिसमें 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 के बीच 45-50 करोड़ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

वायु प्रयागराज, अयोध्या, और वाराणसी के पवित्र शहरों से महाकुंभ 2025 का महाप्रसाद भक्तों को उनकी ऑर्डर करने के सात दिनों के भीतर पूरे भारत में डिलीवर करेगा। साथ ही, प्रयागराज रेलवे स्टेशन से गुजरने वाले यात्री भी यात्रा के दौरान महाप्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। प्रयागराज और अयोध्या से प्रसाद की पेशकशें पहले ही वायु और ओएनडीसी खरीदार ऐप्स पर



लाइव हैं, और वाराणसी जल्द ही इसमें शामिल होने वाला है।

वायु के मैनेजिंग डायरेक्टर और को-फाउंडर, अनिरुद्ध कोटगीरे ने कहा, महाकुंभ 2025 के महाप्रसाद की डिलीवरी करना हमारे लिएलिए गर्व की बात है। यह पहल वायु की परंपरा, स्थिरता और तकनीकी सहायता के साथ भक्तों तक पहुंचने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

आयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए 30,000+ प्रसाद आदेशों को सफलतापूर्वक वितरित करने की अपनी सफलता पर आधारित, वायु को महाप्रसाद की सुचारू और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने की यह अनूठी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अवधनामा



# फलाहारी बाबा हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



अभियुक्तों को मीडिया के समक्ष पेश करते एसपी संतोष मिश्रा

**कुशीनगर।** बरवा पट्टी थाना क्षेत्र के अमवाखास टोला कपरधिक्का में सोमवार की रात एक मंदिर के पुजारी फलाहारी बाबा उर्फ त्यागी बाबा की हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या में शामिल उक्त गांव के ही दो अभियुक्तों को पुलिस ने आला कत्ल के साथ बुधवार को बरवा पट्टी से दबोच लिया।

**सोमवार की रात सोते वक्त पुजारी की गला रेतकर कर दी गई थी हत्या**

बुधवार को घटना का खुलासा करते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि तीन दिन पूर्व 13 जनवरी की रात बरवा पट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम अमवाखास राम जानकी मन्दिर के पुजारी फलहारी बाबा पुत्र रामशरण दास उम्र लगभग 65 वर्ष की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दिया गया था। इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए साइबर सेल, स्वाट टीम व सर्विलांस टीम के अलावा स्थानीय पुलिस लगी थी। पुलिस के विवेचना में जो नाम आए है उसमें राज करन महतो पुत्र गोपाल महतो निवासी अमवाखास टोला कपरधिक्का व मनोज शर्मा पुत्र गुल्ली शर्मा निवासी भुईधरवा थाना भितहा जनपद पश्चिमी चम्पारण (बिहार) को थाना बरवा पट्टी व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक नाजायज चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम प्र.नि. राजेश कुमार थाना बरवा पट्टी, संजय कुमार सिंह, आलोक यादव प्रभारी स्वाट, मोहन यादव, सुशील कुमार गौतम, राम किशुन यादव, रमेश यादव शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा इस सराहनीय कार्य के लिए गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25,000 रुपए से पुरस्कृत किया।

**बेटे का बदला लेने के लिए पुजारी की कर दी हत्या**

पूछताछ में अभियुक्त राज करन द्वारा बताया गया कि उसका सबसे छोटा पुत्र नन्दलाल था जिसको अमवाखास टोला कपरधिक्का स्थित राम जानकी मंदिर के पूजारी फलहारी बाबा ने नन्दलाल को करीब 09 वर्ष के उम्र में ही अपने पास रख लिया था तथा उसकी देखरेख करने लगे थे और नन्दलाल उसी मंदिर पर रहकर पूजा पाठ करने लगा था। किन्तु करीब 3-4 वर्ष पूर्व किसी बात को लेकर फलहारी बाबा ने नन्दलाल को मार पीट कर मन्दिर से भगा दिया था जिससे नन्दलाल क्षुब्द होकर नारायणी नदी में कूदकर जान दे दी थी। उसी का बदला लेने के लिए राज करन ने अपने साथी मनोज शर्मा के साथ मिलकर सोमवार की रात चाकू से वारकर मन्दिर के पूजारी फलहारी बाबा की हत्या कर दी थी।

# टेंडर होने के डेढ़ माह बाद भी नहीं शुरू हुआ कार्य

अवधनामा संवाददाता



टेंडर निकलने से पहले मथौली चौकी का हुआ रंगाई पुताई व टायलीकरण

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** नगर पंचायत में सीसी रोड निर्माण, भूमिगत नाली, स्नान घर, मंदिरों का निर्माण व कायाकल्प, पुलिस चौकी का कायाकल्प सहित 13 परियोजनाओं पर नगर पंचायत द्वारा 27 नवंबर 2024 को टेंडर खोला गया था। टेंडर खुलने के करीब डेढ़ माह हो गए अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इसके अलावा कई टेंडरों पर निर्माण कार्य शुरू है जो निर्धारित समय में पूर्ण नहीं हो पाया है जैसे वार्ड नंबर 7 में टेंडर खुलने के आठ माह बाद सीसी रोड व नाली कार्य शुरू हुआ लेकिन विवाद में फंसा हुआ है।

**27 नवंबर 2024 को 13 परियोजनाओं पर खोला गया था टेंडर**

27 नवंबर 2024 को नगर पंचायत मथौली द्वारा राज्य वित्त व नगर निकाय के तहत 13 परियोजनाओं पर निर्माण हेतु टेंडर कोटेशन नमूना के तहत निकाला गया तथा उसी दिन फर्मों द्वारा टेंडर खोला भी गया। चर्चा है कि नगर के जिम्मेदार अपने चहेतों को टेंडर रेवड़ी की तरह बांट रहे है। उक्त तिथि में जो टेंडर निकला है उसमें वार्ड नंबर 12 में मथौली पुलिस चौकी का रंगाई पुताई व टायलीकरण, वार्ड नंबर 12 में ही स्नान घर, वार्ड नंबर 6 में सीसी रोड व भूमिगत नाली, वार्ड नंबर 6 में आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड नंबर 10 में ब्रह्म मंदिर का मरम्मत कार्य, वार्ड नंबर 6 में अंत्येष्टि स्थल, वार्ड नंबर 16 में काली मंदिर का मरम्मत कार्य, वार्ड नंबर 7 में काली मंदिर का मरम्मत कार्य, वार्ड नंबर 3 में हिरमती मंदिर का मरम्मत कार्य, वार्ड नंबर 15 में शिव मंदिर का मरम्मत कार्य, वार्ड नंबर 8 में मंदिर का मरम्मत कार्य, वार्ड नंबर 12 में शिव मंदिर का मरम्मत कार्य व वार्ड नंबर 5 में मंदिर का मरम्मत कार्य आदि शामिल है। इस पर नगर पंचायत से करोड़ों रुपए खर्च होंगे लेकिन टेंडर होने के डेढ़ माह बाद भी कार्य शुरू नहीं हुआ। इसके अलावा तमाम टेंडर खुल चुके है लेकिन कई जगह निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है जबकि एक माह से तीन माह के अंदर ही निर्माण कार्य पूर्ण करना है। चर्चा खूब है कि नगर के जिम्मेदार अपने चहेतों को रेवड़ी की तरह टेंडर बांट रहे है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी सर्वेश कुमार श्रीवास्तव से पूछने की कोशिश की गई तो उनके फोन का घंटी बज रहा था लेकिन फोन हर बार की तरह इस बार भी नहीं उठाए।

**काम पहले हो गया, टेंडर बाद में**

नगर पंचायत में ऐसी चर्चा है कि काम पहले हो जा रहा है और टेंडर बाद में....जैसे वार्ड नंबर 12 में पुलिस चौकी का रंगाई पुताई व फर्श पर टायल लगाकर मरम्मत करा दिया गया लेकिन इसका टेंडर 27 नवम्बर को हुआ। इसी प्रकार वार्ड नंबर 12 में ही स्नान घर का निर्माण पहले करा दिया गया और टेंडर बाद में हुआ। इसी तरह कई निर्माण कार्य हो गए है लेकिन टेंडर बाद में हुआ है, हालांकि नगर पंचायतों में नियम है कि निर्माण कार्यों की पहले प्रस्ताव बनती है उसके बाद संबंधित जेई धन आकलन करते है। इसके बाद टेंडर निकालकर कार्य शुरु कराया जाता है। टेंडर निकलने से पहले कितन खर्च हुआ होगा और टेंडर में कितना दिखाया जा रहा है संदेह के घेरे में है। कुल मिलाकर नगर पंचायत मथौली इन दिनों खूब सुर्खियों में है।

# अन्न उत्पादक अब बनेंगे ऊर्जा उत्पादक : सीडीओ

## किसान दिवस की बैठक में बोली सीडीओ, समस्याओं का किया निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो



कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस को संबोधित करती सीडीओ गुंजन द्विवेदी

**कुशीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस अवसर पर यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी गोविंद तिवारी ने किसानों के विद्युत चलित सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा चलित पंपों में बदलने की पीएम कुसुम सी-1 सोलर पम्प योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। योजना के अंतर्गत मुसहर, वनटांगिया एवं अनुसूचित जाति के कृषकों को 100 प्रतिशत एवं अन्य कृषक बन्धुओं को 90 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है।

किसान बंधु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करके अपने पंप से संबंधित दस्तावेज अपने लेखपाल व विद्युत विभाग के अवर अभियन्ता से सत्यापित कराकर अपलोड करके कृषक अंश जमा करते हुए योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। पिछले किसान दिवस में प्राप्त प्रकरणों की निस्तारण आख्या उप कृषि निदेशक आशीष कुमार द्वारा पटल के सामने रखी गई।

कृषक राम अधार कुशवाहा द्वारा बनरोज से फसलों के नुकसान की समस्या से समाधान हेतु अनुरोध किया गया। कृषक आनन्द तिवारी द्वारा तहसीलों के अभिलेखों में लिपिकीय त्रुटि के कारण किसानों को हो रही समस्या से अवगत कराया गया। राजेश कुशवाहा द्वारा प्रेसमड न मिलने एवं गन्ना पर्ची की समस्या बताई गई जिसके क्रम में जिला गन्ना अधिकारी दिलीप कुमार सैनी द्वारा 30 जनवरी तक समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त किया गया।

## 79421 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी जारी

**अमेठी।** सर्द मौसम में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई डी जारी करने का अभियान जारी है। उप कृषि निदेशक डॉ सत्येन्द्र कुमार ने सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री आई डी जारी कराने की अपील की है। जो किसान फार्मर रजिस्ट्री आई डी नहीं जारी करायेंगे उन्हें किसान पेंशन की अगली पेंशन नहीं मिलेगी। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद के समस्त राजस्व ग्रामों में कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा कैंप मोड में अभियान चला कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार किए जाने हेतु 25त्न का माइलस्टोन निर्धारित किया गया था जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कृषि एवं राजस्व विभाग के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जनपद में प्राप्त 318855 लक्ष्य के सापेक्ष 79421 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार करते हुए 24.91 प्रतिशत किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार की गई है।

# खरमास खत्म, आज से बजेगी शहनाई की धुन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** खरमास अब खत्म हो गया है। साल 2025 में इस बार खूब



शहनाई की धुन बजेगी। विवाह के लिए इस साल 65 शुभ मुहूर्त बताए जा रहे हैं। 16 जनवरी से शहनाई बजना शुरू हो जाएगी।

वहीं, सात मार्च से होलाष्टक लगने और एक महीने का खरमास के बाद 13 अप्रैल तक विवाह का कोई मुहूर्त नहीं हैं। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा और 29 जनवरी को माघ अमावस्या पड़ रही है। आचार्य पंडित मदन मोहन मिश्र ने बताया कि 16 से 27 जनवरी के बीच विवाह के नौ शुभ मुहूर्त हैं। फरवरी में तीन से 26, फरवरी के बीच 13 मुहूर्त और मार्च में एक से छह मार्च के बीच चार मुहूर्त विवाह के लिए शुभ हैं।

वहीं, अप्रैल माह में 10, मई में 12, जून में सात शुभ मुहूर्त हैं। 12 जून से गुरु अस्त हो जाएंगे। फिर चार माह का चातुर्मास होगा। इस दौरान विवाह मुहूर्त नहीं होते हैं।

**वर्ष भर में 12 पूर्णिमा और 12 अमावस्या**

वर्ष भर में 12 पूर्णिमा और 12 अमावस्या होती है। कार्तिक पूर्णिमा, माघ पूर्णिमा, शरद पूर्णिमा, गुरु पूर्णिमा और बुद्ध पूर्णिमा मुख्य मानी गई हैं। इसी तरह भौमवती अमावस्या, मौनी अमावस्या, शनि अमावस्या, हरियाली अमावस्या, दिवाली अमावस्या, सोमवती अमावस्या और सर्व पित् अमावस्या मुख्य मानी गई हैं।

**पूर्णिमा की तिथियां**

13 जनवरी, 12 फरवरी, 13 मार्च, 12 अप्रैल, 12 मई, 10 जून, 10 जुलाई, नौ अगस्त, सात सितंबर, सात अक्तूबर, पांच नवंबर और चार दिसंबर। वहीं, 14 मार्च और 11 जून को भी पूर्णिमा का योग बन रहा है।

**अमावस्या की तिथियां**

29 जनवरी, 27 फरवरी, 29 मार्च, 27 अप्रैल, 26 मई, 25 जून, 24 जुलाई, 22 अगस्त, 21 सितंबर, 21 अक्तूबर, 19 नवंबर और 19 दिसंबर। वहीं, 27 मई, 23 अगस्त और 20 नवंबर को भी अमावस्या का योग बन रहा है।

## सदर सांसद ने महिलाओं की सुनी समस्याएं

**देवरिया।** महिला सशक्तिकरण को लेकर सदर सांसद शशांक मणि काफी सक्रिय दिखते हैं, इसकी एक बानगी बुधवार को पुरवा स्थित उनके कार्यालय पर देखने को मिली जब उन्होंने सिर्फ महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए मातृ शक्ति को समर्पित जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के महिलाओं की व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह नारी शक्ति को समर्पित जनसुनवाई का पहला प्रयास था, अब आगे हर महीने में एक दिन महिलाओं के लिए विशेष रूप से जनसुनवाई होगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारे लिए पूजनीय हैं और इनका सम्मान हमेशा होना चाहिए। इस दौरान जिला मंत्री निर्मला गौतम, भारती शर्मा, सरिता पांडे, निशा तिवारी, सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## रोजगार सेवकों की मानदेय बढ़ोत्तरी के लिए मांग



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उप्र ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के देवरिया के जिलाध्यक्ष कृष्ण मोहन उपाध्याय, महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रेमलता सिंह,जिला प्रभारी प्रकाश निराला, जिला प्रवक्ता राहुल आर्य ने प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम को ज्ञापन सौंपकर रोजगार सेवकों का मानदेय बढ़ाने की मांग की है।ज्ञापन में कहा गया है कि विभिन्न समाचार पत्रों व न्यूज़ चैनलों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि प्रदेश सरकार आउटसोर्सिंग और संविदा पर कार्यरत 8 लाख कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोतरी करने जा रही है। अतः इस सूची में प्रदेश के रोजगार सेवकों को भी शामिल किया जाना चाहिए।ज्ञापन में कहा गया है कि मनरेगा के अंतर्गत प्रदेश में कल 37000 रोजगार सेवक पिछले 17 वर्षों से लगातार कार्य करते हुए शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। लेकिन उन्हें केवल 7788 रुपए प्रति माह मानदेय भुगतान किया जा रहा है, जो महंगाई के हिसाब से अत्यंत कम है।अतः अन्य कर्मचारियों की तरह रोजगार सेवकों के मानदेय भी बढ़ाया जाना चाहिए।

## ए.एच.इंटर कालेज में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**अमेठी/जगदीशपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत बुधवार को ए एच इंटर कालेज जगदीशपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई और आम जनता से सुरक्षित आवागमन की अपील की गई। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज एएच इण्टर कालेज जगदीशपुर में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अपील की गई कि वे अपने अभिभावकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। उपजिलाधिकारी गौरीगंज की अध्यक्षता में 20 विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यो के साथ विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में संपन्न हुई।

# कपड़े की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



चोरी के समान के साथ तीनों चोर

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र में एक कपड़े की दुकान में हुई चोरी का पुलिस 36 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया। चोरी की घटना में शामिल तीन शातिर चोरों को सामना के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के जगदीशपुर बरडीहा चौराहे पर बीते रविवार की रात कपड़े की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने 36 घंटे के भीतर पर्दाफाश करते हुए चोरी के सामान के साथ तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार दिनेश कुमार ने बताया कि अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने बुधवार को स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुकदमा के आधार पर चोरी में शामिल अभियुक्त जमालुद्दीन पुत्र इरशाद अली निवासी बेंदुआर, समसुद्दीन अली उर्फ छोटे पुत्र नसरुद्दीन अली निवासी बेंदुआर, अब्दुल रहीम उर्फ जग्गू पुत्र इरशाद अली निवासी बेंदुआर माफी टोला थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को बेंदुआर टोला माफी मोड़ के समीप से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 13020 रूपये नगदी व तीन बैग में 27 शर्ट, 6 टी-शर्ट, 8 जींस, एक लोअर, तीन गमछा, चार जोड़ी मोजा, एक पॉन्ड्स फेसवॉश, एक व्हाइट टोन फेस क्रीम तथा घटना में प्रयुक्त वाहन पल्सर बरामदगी की गई है।

गिरफ्तार करने वाली टीम का में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, उपनिरीक्षक जुगेश कुमार, आनन्द, कांस्टेबल अनिल यादव, अमित कुमार, गुड्डु राजभर शामिल रहे।

# स्कूल के कमरे में फंदे से लटका मिला छात्र, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा ब्यूरो



मृतक छात्र की फाइल फोटो

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर के एक कमरे में 16 वर्षीय छात्र का लाश फंदे से लटकता मिला। घटना मंगलवार रात की है, जब उसके परिजन पैतृक गांव अहिरौली गए हुए थे। बताया जा रहा है कि मृतक छात्र के पिता इसी विद्यालय के प्रधानाचार्य भी है। इसकी सूचना मिलते ही वह मौके से पहुंचे और पुलिस को सूचना दिए। महराजगंज जनपद के घुघली थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव का रहने वाला छात्र शिवम प्रताप सिंह उर्फ गगन उम्र 16 वर्ष जो महर्षि अरविंद विद्या मंदिर में 10वीं का छात्र था। इसके पिता रामजी सिंह सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के प्रधानाचार्य है। मकर संक्रान्ति पर स्कूल में छुट्टी था। इसके पिता अपने पैतृक गांव अहिरौली गए हुए थे। मंगलवार की रात कमरे में शिवम् का लाश फंदे से लटकते देख किसी ने परिजन को सूचना दिया। मौके से पहुंचे विद्यालय के प्रधानाचार्य व छात्र के पिता रामजी ने पुलिस को सूचना दिया। मौके से पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। आसपास के लोगों का कहना है कि छात्र का स्वभाव काफी अच्छा और मिलनसार था। वह आरएसएस संघ में दीक्षा भी ग्रहण करता था। इसके अलावा वह अपने पिता की अनुपस्थिति में स्कूल प्रशासन के कामों को संभालता था। ऐसी चर्चा है कि घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें कुछ लोगों द्वारा उसके पिता व मृतक छात्र को प्रताड़ित करते थे जिससे वह अजीज आकर आत्म हत्या कर लिया होगा। घटना स्थल से जो पत्र मिला था गायब कर दिया गया और जिस कमरे में छात्र की लाश मिली उसका दरवाजा खुला हुआ था। अगर सही से जांच हो जाए तो छात्र के मौत की तमाम रहस्य मिल जाएंगे। इस संबंध में परिजन किसी के खिलाफ थाने में तहरीर नहीं दिए है साथ ही पोस्टमार्टम कराने से भी मना कर दिए। हाइवे चौकी प्रभारी स्वतंत्र सिंह के अनुसार, परिजनों की इच्छा पर शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया। पुलिस केवल पंचनामा भरकर अपना आवश्यक कार्य करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

**कसया थाना क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का मामला**

## बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन समारोह में सम्मानित किए गए पुराने बसपा कार्यकर्ता



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बसपा सुप्रीमो मायावती के 69वें जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पांच कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नन्हे सिंह चौहान, मंडल प्रभारी सर्वेंद्र अम्बेडकर और प्रमुख वक्ता छोटे लाल मौर्य ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। हेमराज -70,रामदुलार मौर्य -71,कल्लू राम बौद्ध -69,के पी सविता -68और आशा देवी -52को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर बसपा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार, बामसेफ की जिला संयोजक किसमता भारती, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुइनुद्दीन खां गामा, रागिनी तिवारी, जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, विजय गौतम, दिनेश गौतम आदि मौजूद रहे।

## खिचड़ी भोज के साथ मना डिम्पल यादव का जन्मदिन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति और



विधायक महराजी प्रजापति के जनसंपर्क कार्यालय पर बुधवार को डिम्पल यादव का जन्म दिन मनाया गया। खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। असाध्य रोगों से ग्रसित दस लोगों के इलाज के लिए विधायक महाराजी प्रजापति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। विधायक महाराजी प्रजापति के साथ प्रोफेसर डॉ रुदल यादव, अरुण प्रजापति, महावीर कश्यप,राजा सिंह, धर्मराज पाल, श्री प्रकाश दुबे, संदीप श्रीवास्तव, अशोक यादव, हरी लाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## ठंड के चलते डीएम ने बदला स्कूलों का समय



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जूनियर हाईस्कूल स्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी निशा अनंत और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और संगठन की समस्याओं से सम्बंधित मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। मांग पत्र में वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में हुए तीन करोड़ के घोटाले की जांच के लिए गठित जांच समिति से वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार को हटाकर किसी अन्य अधिकारी को शामिल करने की मांग की गई है। शिक्षक संगठनों ने कड़ाके की ठंड में स्कूलों का समय परिवर्तित करने की मांग की थी। जिला अधिकारी निशा अनंत ने मांग को स्वीकार कर लिया है। गुरुवार से स्कूलों का संचालन सुबह दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक होगा। बुधवार को दोपहर बाद इस सम्बन्ध में डी एम का आदेश जारी हुआ है। बुधवार को जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने डी एम और सीडीओ को गुलदस्ते के साथ अशोक की लाट का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयराम कनौजिया, महामंत्री रमाकांत मौर्य आदि मौजूद रहे।

## बीबीएयू में अजब गजब करनामा - छात्र पढ़ाई करें अमेठी में, छात्रवृत्ति फॉर्म जमा करने जाये लखनऊ

**भादर/अमेठी।** टीकरमाफ़ी स्थित बीबीएयू के अमेठी सैटेलाइट कैंपस में अजीबो गरीब मामला आया है। अमेठी में पढ़ने वाले छात्रों को लखनऊ स्थित मुख्य कैंपस में छात्रवृत्ति आवेदन जमा करने जाना पड़ रहा है।छात्रों ने कुलपति प्रो.एस.के. द्विवेदी से छात्रवृत्ति फॉर्म अमेठी कैंपस में जमा करने की माँग की है।बुधवार को दर्जनों छात्रों ने भीषण ठण्ड में बीबीएयू लखनऊ पहुंचे और घंटों फॉर्म जमा करने के लिए इधर-उधर भटकते रहे। बीबीएयू लखनऊ के सेटेलाइट कैंपस अमेठी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के सैकड़ों छात्रों ने विवि के लापरवाही के चलते छात्रवृत्ति फॉर्म लखनऊ जनपद से भरें है। छात्रों ने किसी तरह अपना छात्रवृत्ति आवेदन फॉर्म पूर्ण किया।अब ज़ब आवेदन पूर्ण हो गया है तो अमेठी कैंपस विभिन्न विभागों द्वारा उसे लखनऊ के मुख्य कैंपस में आवेदन फॉर्म जमा करने के लिए छात्रों को कहा गया है। छात्रों ने कहा है कि विवि के अमेठी कैंपस में ग्रामीण,वंचित और पिछड़े वर्ग के छात्र अध्ययनरत है। ऐसे में उन्हें भीषण ठण्ड में अमेठी से लखनऊ मुख्य कैंपस बुलाना उन 500 से 1000 रूपये का अतिरिक्त भार देना होगा। साथ ही छात्रों के भविष्य और स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना होगा। किसी भी छात्र के साथ कोई भी घटना घट सकती है। विवि के जिम्मेदार अधिकारियो से वार्तालाप करके एक दिवसीय कैंप अमेठी सैटेलाइट कैंपस में लगवाकर आवेदन फॉर्म जमा की बात कही है।

## त्यौहार नई पीढ़ी के लिए सनातन संस्कृति का स्मरण का श्रोत : डा नीरज श्रीवास्तव





अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** सेवा भारती रायबरेली इकाई के तत्वावधान में मकर संक्रांति उत्सव खिचड़ी भोज का आयोजन अलंकृता उत्सव लान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम कि शुभारंभ एम्स रायबरेली के चिकित्सा अधीक्षक नीरज श्रीवास्तव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रान्त संघचालक प्रभू नारायण श्रीवास्तव ने भारत माता कि अर्चना से प्रारम्भ हुआ मुख्य अतिथि डॉ नीरज श्रीवास्तव ने कहा हिंदू त्यौहार हमारी सनातन परंपराओं को नई पीढ़ियां सनातन संस्कृति सीखने का कार्य करती है उन्होंने आवाहन किया अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें ताकि उनकी मानसिक स्थिति स्वस्थ रहे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत संचालक प्रभु नारायण ने कहा भगवत गीता हिंदू समाज को जीवन जीने का सर्वोत्तम ज्ञान कोष है जिसमें कुशल राजा से लेकर जीवन की सभी ज्ञान को दर्शाया गया है सेवा भारती के प्रांत अध्यक्ष ने कहा सेवा भारती शोषित वंचित उपेक्षित समाज के उत्थान के लिए कार्यरत हैं उन्होंने आवाहन किया हम सब भी एक-एक परिवार के सहयोग का व्रत लें सेवा भारती के खिचड़ी भोज में मोटे अनाज का उपयोग कर मिले मिलेट खिचड़ी द्वारा मोटे अनाज को बढ़ावा का सदेश दिया। लगभग 350 लोगों ने खिचड़ी भोज में भाग लिया इस अवसर पर प्रांत सेवा प्रमुख देवेंद्र अस्थाना विभाग सेवा प्रमुख गया प्रसाद शुक्ला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राहुल जिला संघचालक जागेश्वर दयाल द्विवेदी सेवा भारती के अध्यक्ष नीरज गुप्ता, महासचिव शेखर शुक्ला, गौरव रस्तोगी, विनोद बाजपेई, विजय रस्तोगी, सुशील गुप्ता, राजा राकेश प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग सम्मिलित हुए।

## चार लाभार्थियों को मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में चयन

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ रवीन्द्र प्रसाद ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नन्द बाबा दुग्ध मिशन अन्तर्गत गोवंशीय पशुओं के नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हेतु मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना अन्तर्गत जनपद कुशीनगर में 04 इकाईयों के स्थापना का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना का कुल लागत 23.60 लाख है, जिसमें 15 प्रतिशत लाभार्थी अंश (रु0-3,54, 000 -00), एवं बैंक ऋण 35 प्रतिशत (रू0-8,26,000-00) कुल लागत का 50 प्रतिशत (रु0-11.80 लाख) अनुदान के रूप में देय है तथा प्रति इकाई स्थापना हेतु 0.20 एकड़ भूमि (8712 वर्ग फूट) एवं चारा हेतु भूमि 0.80 एकड़ (34848 वर्ग फूट) की आवश्यकता है। शासनादेश के बिन्दु संख्या-07 में दिए गए निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय समिति द्वारा ई-लाटरी के माध्यम से दिनांक 13-01-2025 को मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना अन्तर्गत कुल 33 प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष 17 पात्र आवेदन पत्रों में से 04 लाभार्थियों का चयन किया गया है तथा शेष 13 लाभार्थियों को प्रतीक्षारत सूची में रखा गया है। चयनित लाभार्थियों में श्रीमती श्वेता यादव ग्राम मठिया उर्फ अकटहां, मोतीचक, श्रीमती रंजना ग्राम सिंहपुर पिपरईचा, मोतीचक, श्रीमती उषा देवी नगर पंचायत मथौली, मोतीचक, रहस्य प्रताप राय ग्राम अशोगवा खुर्द, फाजिलनगर का चयन किया गया है।

# जिलाधिकारी को 21 अप्रैल को मिलेगा प्रधानमंत्री पुरस्कार

- वर्ष 2023 में पीएम पुरस्कार के लिए प्रदेश का अकेला जनपद है बहराइच
- सिविल सर्विस डे पर डीएम बहराइच को सम्मानित करेंगे प्रधानमंत्री

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं से असंतृप्त व्यक्तियों को संतृप्तिकरण, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समुदाय की सहभागिता के साथ अभिनव पहल के तौर पर जिले में संचालित किये गये 'सेवा से संतृप्तिकरण अभियान' के उत्कृष्ट कार्यान्वयन, विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा आकांक्षी जनपद बहराइच के चर्तुमुखी विकास के लिए निर्धारित सूचकांकों में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने के लिए कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी को 'जिले का सम्पूर्ण विकास' की श्रेणी हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि रचनात्मक प्रतिस्पर्धा, नवाचार, प्रतिकृति और सर्वोत्तम प्रथाओं के संस्थागतकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देश भर में सिविल सेवकों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को मान्यता देने तथा पुरस्कृत करने के लिए भारत सरकार द्वारा लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार की स्थापना की गई है। अवार्ड की विशेषता यह है कि देश के 700 से अधिक जनपदों में से ''जिले का सम्पूर्ण विकास'' की श्रेणी के लिए 10 जनपद चयनित किये गये हैं। प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयनित किये गये देश के 10 जनपदों में प्रदेश का अकेला जनपद बहराइच है जिसे वर्ष 2023 हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चुना गया है। प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयन की बात की जाए तो यह सोने से कुंदन बनाने जैसी 04 जटिल प्रक्रियाओं स्क्रीनिंग कमेटी, एक्सपर्ट कमेटी, सिटीज़न फीडबैक, एम्वाईड कमेटी की पारखी नज़रों से गुज़रने के उपरान्त एक उच्च स्तरीय समिति के द्वारा सम्बन्धित जनपद का भ्रमण कर ज़मीनी हकीकत को परखा जाता है, फिर उसके बाद देश के मा. प्रधानमंत्री जी के अनुमोदनोपरान्त चयनित जिलों की सूची को अन्तिम रूप दिया जाता है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद में 'सेवा से संतृप्तिकरण अभियान' की सफलता के लिए जिले के जनप्रतिनिधिगण द्वारा प्रदान किये गये मार्गदर्शन, अधीनस्थ अधिकारियों के भागीरथ प्रयासों, जनपदवासियों के सहयोग तथा मीडिया प्रतिनिधियों के उत्साहवर्धन के लिए सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए 'प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023' आकांक्षी जनपदवासियों को समर्पित किया है।

## ग्राम साहूमई गौ ग्राम यात्रा का हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारम्भ



**फिरोजाबाद।** ग्राम साहूमई गौ ग्राम यात्रा कन्हैया विद्यालय से ग्राम साहूमई तक निकाली गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रेहना और झंडी दिखाकर यात्रा प्रारंभ की एवं गौ पूजन किया एवं अपनी संस्कृति के बारे में जागरूक किया। कान्हा गौशाला नगर पंचायत जसराना फिरोजाबाद में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बहुत ही लापरवाही देखने को मिली। सभी अधिकारियों को बरती गयी लापरवाही को समय से ठीक करने के कड़े निर्देश दिए गए। यात्रा के दौरान कालीचरण चतुर्वेदी, रामवीर सिंह, अशोक शर्मा, अशोक आर्य भी उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कटकर हुई मौत,पुलिस व समाजसेवी अब्दुल हक ने की मदद



**चांदा,सुलतानपुर।** जनपद के कोइरीपुर में धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों की असलियत सामने आई है। एक वैश्य समुदाय के गरीब युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। लेकिन समाज और धर्म की राजनीति करने वालों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय तक ले जाने में कोई मदद नहीं की। चौकी इंचार्ज ने गाड़ी के लिए दो हजार रुपये की मदद की। पोस्टमार्टम के बाद, परिवार को अंतिम संस्कार के लिए कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद, समाजसेवी अब्दुल हक ने मदद की और मजहब की दीवार को तोड़ते हुए देवाढ़ घाट पर शव का अंतिम संस्कार कराया। उन्होंने मुखाग्नि देकर आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

# महिलाएं अपने अधिकार को समझें

अवधनामा संवाददाता



- महिलाओं के आत्म-सम्मान, स्वावलाम्बन हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी कर उनका लाभ लें
- बेटी के जन्म से लेकर विवाह तक सारी जिम्मेदारियां प्रदेश सरकार के कंधों पर, महिलाओं, बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताः रेनू गौड

**मैनपुरी।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड ने ट्रांजिस्ट होस्टल में महिलाओं की समस्याओं को सुनने के उपरांत पीड़ित महिलाओं से कहा कि अपने अधिकारों को समझें, महिलाओं के आत्म-सम्मान, स्वावलाम्बन, आर्थिक रूप से सुदृण बनाने के लिए केन्द्र-प्रदेश सरकार ने तमाम योजनाएं संचालित की हैं, संचालित योजनाओं की जानकारी कर उनका लाभ लें, जन्म से लेकर बेटी के विवाह तक सारी जिम्मेदारियां प्रदेश सरकार ने अपने कंधों पर ली है, महिलाओं, बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि बेटी की शादी से लेकर उच्च शिक्षा तक समय-समय पर धनराशि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी के वयस्क होने पर उसकी शादी शान-ओ-शौकत के साथ सरकारी खर्चे पर जन-प्रतिनिधियों, उच्चधिकारियों की उपस्थिति में कराने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू कीं, बालिकाओं के स्नातक स्तर की शिक्षा के साथ महिला, बालिका की सुरक्षा के बेहतर प्रबंध किए, किसी भी स्तर से पीड़ित महिला अपनी बात पुलिस को निःसंकोच कह सके इसके लिए प्रत्येक थाने में महिला हेल्प-डेस्क की स्थापना कर उस पर महिला पुलिसकर्मियों की ही तैनाती की गई। उन्होंने जन-सुनवाई के दौरान फरियाद लेकर आयीं महिलाओं से कहा कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा किसी महिला का शोषण किया जाये तो महिला संकोच न करे बल्कि तत्काल अपनी शिकायत थाने पर जाकर दर्ज करायें, पीड़ित महिला को तत्काल राहत मिलेगी, महिलाओं का उत्पीड़न करने वाले, महिलाओं के साथ मारपीट करने वाले लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही होगी। उन्होने कहा कि पीडित महिलाओं की समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर महिला जन-सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# कृषक फार्मर रजिस्ट्री पर ही मिलेगा किसान सम्मान निधि योजना का लाभः सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

- सम्बन्धित अधिकारी एक सप्ताह में करें समस्याओं का समाधान



**फिरोजाबाद।** किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन डबरई स्थित विकास भवन सभागार में किया जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी ने की। कार्यक्रम में जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंन्धक सहकारिता प्रतिनिधि, सहायक निदेशक मत्स्य, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक, सचिव मण्डी समिति, जिला सहकारी बैंक, वैज्ञानिक उद्यान के0वी0के0 आदि अधिकारीगण उपस्थिति रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं को सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह के अन्दर समाधान करने के दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के सम्बन्ध वताया गया कि जिन कृषकों के द्वारा फार्मर रजिस्ट्री नही करायी जायेगी, उन कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नही दिया जायेगा। सभी कृषक भाईयों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया गया। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जिन कृषकों का भूमि अकंन नही हुआ वह कृषक मुख्यालय स्तर हैल्पडैस्क पर अपने अभिलेख जमा कर सकते है। जिन कृषकों की ई0के0वाई0सी0 नही हुई है वह कृषक जनसेवा केन्द्र/कृषि विभाग के फील्ड कर्मचारियों के माध्यम से भी ई0के0वाई0सी0 करा सकते है, एवं जिन कृषकों का खाता एनपीसीआई से लिंक नही है, वह अपने खाते को एनपीसीआई/आधार से लिंक कराये अथवा डाकघर में खाता खुलवाये। साथ ही यह भी बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वी किस्त की धनराशि किसानों के बैंक खाते में तभी भेजी जाएगी जब वह फार्मर रजिस्ट्री करा लेंगे। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न तिथियों में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लेखपाल तथा कृषि विभाग, पंचायत विभाग, ग्राम्य विकास आदि के कर्मचारी की दो सदस्यीय टीम द्वारा ग्राम वार कैम्प लगाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जाएगा। जिला कृषि रक्षा अधिकारी राजेश कुमार द्वारा कृषकों को कीटनाशकों की रोकथाम व जैविक खेती को बढावा देने के वारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। वैज्ञानिक उद्यान के0वी0के0 सुभाष चन्द्र शर्मा द्वारा बताया गया कि प्रगतिशील कृषक एवं प्रगतिशील कृषक महिलाओं को आलू, शिमला मिर्च, गेहूँ, सरसों एवं सब्जियों में पोषक तत्व प्रबन्धन एवं आलू में झुलसा रोग नियन्त्रण, पाला एवं शिमला मिर्च जडगलन, तना गलन, पत्ती सिकुडा, लीफकर्ल बीमारी के विषय में तकनीकी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के अन्त में उप कृषि निदेशक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## एसपी ने महिला सुरक्षा टीम को दिखाई हरी झंडी

**सुल्तानपुर।** अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा जनपद में महिलाओं की सुरक्षा के लिए शक्ति मोबाइल टीम का गठन कर वाहन को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ।पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर श्री कुंवर अनुपम सिंह द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी स्वावलंबन, नारी सुरक्षा की भावना को और मजबूती देने के लिए जनपद में नई पहल करते हुए नारी सुरक्षा को समर्पित ÷शक्ति मोबाइल÷ को पुलिस कार्यालय सुलतानपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महोदय द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु शक्ति मोबाइल में लगे पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए विभिन्न तरीके बताये गये कि कैसे हमे जनपद में बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है। शक्ति मोबाईल नारी सुरक्षा हेतु 24 घंटे मुस्तैद रहेगी तथा नारी सुरक्षा से महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं हेल्पलाइन इत्यादि के बारे में स्कूल, कॉलेज बाजार आदि जगहों पर जाकर छात्राओं, महिलाओं को जागरूक करेगी। भ्रमण के दौरान शक्ति मोबाईल स्कूल,कॉलेज, कोचिंग संस्थान खुलने एवं बंद होने के समय तथा अधिकांश उन स्थानों पर भ्रमण करेगी जहां पर महिलाओं का आवागमन रहता है।


# कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद- सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 895(i)/न0पं0कपि0सि0नगर/2024-25 दिनांक 13.01.2025

## अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या- 277/2024/1148/003-E-1877648 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 18 दिसम्बर, 2024 के क्रम में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना/राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य से संबंधित निविदा दिनांक 15.01.2025 से दिनांक 30.01.2025 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर पूर्वान्ह 11:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा व अन्य के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त निविदा दिनांक 30.01.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद खोली जायेगी, जिसे संबंधित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता हैं। जिसका विवरण निम्नवत है-

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 15.01.2025 अपरान्ह 01:00 बजे |
| (B) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि/समय | 15.01.2025 अपरान्ह 01:00 बजे से |
| (C) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा/बिड अपलोड की तिथि/समय | 15.01.2025 अपरान्ह 02:00 बजे से |
| (D) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा/बिड अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 30.01.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| (E) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय | 30.01.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**


## समरसता खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन, गणमान्य, चिकित्सक हुए शामिल



**सुल्तानपुर।** नगर के बाबा बर्फानी धाम मंदिर लक्ष्मणपुर में सेवा भारती के समरसता भोज में सेवा भारती के जिला अध्यक्ष और सुल्तानपुर मेडिकल कालेज के प्राचार्य सलिल श्रीवास्तव द्वारा आयोजित किया गया।

जिसमें जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर ए के सिंह,नवजीवन हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर रमेश ओझा,भाजपा की अनुसूचित मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुमन राव जी,भाजपा की नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल जी, जिला पदाधिकारी उपमा शर्मा जी ,भाजपा के वरिष्ठ नेता सेक्टर संयोजक लालेंद्र प्रताप सिंह,नारायणपुर वार्ड सभासद अखिलेश मिश्र,पूर्व नगर मंत्री डॉक्टर संतोष सिंह,पूर्व सभासद अरुण कुमार,पूर्व बूथ अध्यक्ष बृजेश मिश्रा,वार्ड संयोजक संदीप मिश्र आदि लोग इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। समरसता भोज में सैकड़ों लोग में साथ साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।


# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

पत्रांक :- 73/1 काम-सु0अ0वृ0/2025 दिनाँक :- 08/01/2025

## अल्पकालिक ई-निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण) - स्वीकृति की प्रत्याशा में

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी + जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | सुलतानपुर | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त कटका से मायंग रोड पर कोहरईया से प्र0पा0 सरवन होते हुये मोहधडवा तक सम्पर्क मार्ग के पुनर्निर्माण | 59.08 | 4.95 | Rs.2714.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 2. | सुलतानपुर | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त मुसहर नचना सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 52.58 | 4.63 | Rs.2714.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 3. | सुलतानपुर | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त घाटमपुर बाग से अहरानी गांव से होते हुए बाबूराम वर्मा के स्कूल तक सम्पर्क मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य। | 66.10 | 5.31 | Rs.2714.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 4. | सुलतानपुर | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त इनायतपुर घोपा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के कि0मी0-9 में पुनर्निर्माण का कार्य। | 48.87 | 4.44 | Rs.2714.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 5. | सुलतानपुर | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त सवई सम्पर्क मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य। | 75.69 | 5.78 | Rs.2714.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 6. | सुलतानपुर | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त मुइली चांदपुर सम्पर्क मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य। | 81.70 | 6.08 | Rs.2714.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 7. | सुलतानपुर | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त कूरेभार फुलौना रोड से पक्की सड़क कपिल तिवारी के मकान से होते हुये अन्नूतिवारी का पुरवा वाया बक्सी का पुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 38.75 | 3.88 | Rs.2714.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |

➢बिल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 17.01.2025 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनाँक 25.01.2025 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनाँक 25.01.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 25.01.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,**
**सुलतानपुर**

UPID-226150 Dated-13-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**अधीक्षण अभियन्ता,**
**सुलतानपुर-अमेठी वृत्त**
**लो.नि.वि., सुलतानपुर**



# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा

पत्रांक : 1164/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा/निर्माण/2024-25 दिनांक : 07.01.2025

## ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी, सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1- स्वीकृति एवं धन प्राप्त होने की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा खुलने के उपरान्त धनराशि प्राप्त न होने की दशा में एक या समस्त निविदायें निरस्त की जा सकती है। इसका पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

2- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू. में (जी.एस.टी. छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की (अवधि वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | वित्तीय वर्ष 2024-25 पूर्वान्चल विकास निधि (जिलांश) योजनान्तर्गत, विधान सभा क्षेत्र, मनकापुर । | | | | |
| 1 | गोण्डा | ग्राम सभा दयालपुर में नन्हेलाल के घर से श्री राम सूरत कोरी के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 9.11 | 0.18 | 300+500+ GST | चार माह |
| 2 | गोण्डा | ग्राम सभा दयालपुर में पंकल पाण्डेय के घर से दलित बस्ती पिच रोड तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 8.23 | 0.16 | 300+500+ GST | चार माह |
| 3 | गोण्डा | ग्राम सभा दयालपुर में अनवर के घर से श्री राम गरीब कोरी के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 7.88 | 0.16 | 300+500+ GST | चार माह |
| 4 | गोण्डा | दयालपुर पिच रोड से श्री परमेश्वर कोरी के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 5.14 | 0.10 | 300+500+ GST | चार माह |
| 5 | गोण्डा | नवाबगंज शिवपुरम कालोनी में मेन रोड से श्री उमाशंकर पाण्डेय के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 3.02 | 0.06 | 300+500+ GST | चार माह |
| 6 | गोण्डा | ग्राम ठटिया में नगर पालिका सरहद से पी0डब्लू0डी0 रोड तक सी0सी0 रोड तथा जल निकासी हेतु ड्रेन का निर्माण कार्य। | 24.43 | 0.49 | 300+500+ GST | चार माह |
| 7 | गोण्डा | ग्राम इस्माइलपुर में श्री पप्पू सिंह पूर्व प्रधान के खेत से श्री सलहन्त सिंह जी के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 4.31 | 0.09 | 300+500+ GST | चार माह |
| 8 | गोण्डा | ग्राम उमरिया में पंडितपुरवा पिच रोड से काली मन्दिर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 4.93 | 0.10 | 300+500+ GST | चार माह |
| 9 | गोण्डा | ग्राम दलपतपुर पिच रोड प्रा0वि0 से श्री काली माता मन्दिर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 13.78 | 0.28 | 300+500+ GST | चार माह |
| 10 | गोण्डा | ग्राम पंचायत परमापुर में श्री उजागर वर्मा के घर से श्री विश्वनाथ यादव के मड़हा होते हुए पक्की सड़क तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 11.89 | 0.24 | 300+500+ GST | चार माह |
| 11 | गोण्डा | ग्राम चौखट में प्रधानमंत्री सड़क से श्री प्रांशू सिंह के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 5.17 | 0.10 | 300+500+ GST | चार माह |
| 12 | गोण्डा | ग्राम दुर्जनपुर पचूमी में मेन रोड से मो0 शरीफ के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 18.13 | 0.36 | 300+500+ GST | चार माह |

3. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 17.01.2025 से 16.02.2025 तक।
4. ई-निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय-16.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय-16.02.2025 को अपरान्हन् 12.30 बजे।
6. निविदा आमत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लास के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
7. उक्त निर्माण कार्यो का ठेकेदारों द्वारा अनुबन्ध गठन के पूर्व स्थल पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
8. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिंन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

**(इ. जे.बी. सिंह)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग**
**प्रखण्ड-गोण्डा**

UPID-226108 Dated-13-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश, राज्य महिला आयोग की सदस्या पूनम द्विवेदी के द्वारा जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लगाये जाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने एवं प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा महिला के कल्याणार्थ चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के साथ ही महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दिलाये जाने हेतु समय-समय पर जिले में महिला जनसुनवाई, विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई कर विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से उत्पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई ज्यादातर शिकायतें विभिन्न थानों से संबंधित रही। इन सभी समस्याओं को राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्राथमिकता के साथ निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी जरूरतमंद /पात्र महिलाएं जिन्हें सरकार द्वारा उनके कल्याण एवं उत्थान हेतु संचालित की जा रही योजनाओं के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी नहीं है उनको विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में आच्छादित करने हेतु तथा उनको योजनाओं के बारे में जानकारी दिए जाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों एवं महिलाओं के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है, महिलाओं को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित भी किया जा रहा है। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि जिन्होंने अभी तक मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में आवेदन नहीं किया है उनका अनिवार्य रूप से आवेदन लेकर पात्र लोगों को इससे लाभान्वित किया जाए। कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाए ताकि वे निशुल्क चिकित्सा का लाभ ले सके। उन्होने उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक थाना में महिला हेल्प डेस्क एवं आगन्तुक कक्ष की स्थापना कर वहाँ महिला आरक्षीगण की ड्यूटी लगायी गयी है। जहां पर कोई भी महिला/बालिका अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। जिनकी शिकायत सुनकर तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को आदेशित किया गया है। यदि उनकी कोई समस्या है, तो उन्हें बताकर उसका त्वरित निस्तारण कराया जा सकता है। सदस्या ने 1090 (वूमेन पॉवर लाइन), 181 (महिला हेल्प लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपतकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम व सीओ सदर ,जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के पश्चात सदस्य ने जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां पर स्थित महिला बैरिक/महिला बंदी गृह को देखा तथा वहां दी जा रही सुविधाओं के बारे में महिला कैदियों से फीडबैक लिया तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाएं देखी तथा उसके संबंध में संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम भी मनाया गया।

- पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्याएं



## अखिलेश यादव पर मारपीट और दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** पंचायत चुनाव आगामी वर्ष में होना है लेकिन पंचायत चुनावों की सुगबुगाहट अभी से शुरू हो गई है जिसके चलते जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने को लेकर शुरू हुई रंजिश में अखिलेश यादव पर घर में घुसकर मारपीट करने सहित दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। बिंवार थाना क्षेत्र के मुटनी गांव निवासी दीपक वर्मा ने क्षेत्राधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह थाना क्षेत्र केसुद्रवती गांव पारा अपनी ननिहाल आया था तभी करीब साढे नौ बजे पारा निवासी अखिलेश यादव पुत्र चुन्नी लाल ने उसे फोन किया और अपने घर आने की बात कही।पीड़ित ने बताया कि जब उसने घर में जाने से मना कर दिया तो उक्त अखिलेश यादव उसके ननिहाल में अंदर आकर गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि बहुत जिला पंचायत का चुनाव लड़ने की हसरत कर रहे हो और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करने लगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीएल की झिंगुरदा, अमलोरी एवं कृष्णशिला परियोजना ने सीएसआर के तहत ज़रूरतमंदों में बांटे कंबल



**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की झिंगुरदा, अमलोरी एवं कृष्णशिला परियोजनाओं ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल वितरण किया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान सभी परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारी, सीएसआर टीम व अन्य उपस्थित रहे। एनसीएल परियोजनाओं द्वारा यह कार्य सिंगरौली परिक्षेत्र में बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए राहत प्रदान करने हेतु किया गया। एनसीएल झिंगुरदा परियोजना द्वारा ग्राम चकरिया, अमलोरी परियोजना द्वारा ग्राम धतूरा एवं कृष्णशिला परियोजना द्वारा ग्राम कोहरौलिया में कंबल वितरण किया गया। इस दौरान कुल 690 लोग लाभान्वित हुए। गौरतलब है कि एनसीएल के सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों द्वारा स्थानीय परिक्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को सर्दी के प्रकोप से बचाने हेतु विभिन्न स्थानों पर कंबल बांटे जा रहे हैं।

### एनसीएल जयंत ने हाउसवाइव्स टैलेंट शो 'स्पंदन' का किया आयोजन



**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को एनसीएल की जयंत परियोजना द्वारा कोल इंडिया के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हाउसवाइव्स टैलेंट शो 'स्पंदन' का आयोजन किया गया। ऑफिसर्स क्लब, जयंत में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन गृहणियों की छिपी हुई प्रतिभा को पहचानने एवं प्रदर्शित करने हेतु एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान समर्पिता महिला समिति की अध्यक्षा पूनम कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने उपस्थित महिलाओं को 'स्पंदन' जैसे कार्यक्रमों में निरंतर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को सुंदर प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी। 'स्पंदन' कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों जैसे ड्रूफूड कंपीटीशन, क्राफ्ट डिस्प्ले, नृत्य, गायन और कविता इत्यादि का आयोजन किया गया जिसमें महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष गृहणियों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने, आत्मविश्वास को बढ़ाने और अनूठी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से ऐसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

### हाईवे पर ट्रक खराब होने से वाहनों का लगा लम्बा जाम



**मौदहा हमीरपुर।** नेशनल हाईवे-34 पर ट्रक खराब होने से आधे घंटे तक जाम की स्थितिबनी रही। जेसीबी की मदद से ट्रक को हाईवे से किनारे कर जाम खुलवाया जा सका। परंतु पुलिस नहीं पहुंची सकी। क्षेत्र के मकरांव स्थित बरहेला मोड़ के पास एक ट्रक के अचानक खराब होने से नेशनल हाईवे-34 पर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई और आधे घंटे बीत जाने के बाद ट्रक मालिक ने जेसीबी की मदद से ट्रक को हाईवे से हटवाया जिसके बाद जाम खुलवाया जा सका। ट्रक के खराब होने से हाईवे में वाहनों की लंबी कतार लग गई और आने जाने वाले राहगीरों को खासी दिक्कतो का सामना करना पड़ा, लेकिन खास बात ये रही की जाम खुलवाने के लिए मौके पर पुलिस नहीं पहुंच सकी।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा दुष्कर्म का आरोपी



**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के एक होटल में दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर वीडियो बनाने वाले युवक को पुलिस ने जेल भेजा है। 4 दिन पूर्व कस्बे की एक युवती ने आरोपी सहित अन्य परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी शुभम सिंह को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

### कम्पनी वर्कर के साथ तमंचे की नोक पर दुष्कर्म

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या आठ में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की वर्कर के साथ युवक ने कमरे में घुसकर तमंचे की नोक पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर अश्लील वीडियो एवं फोटोग्राफ बना लिए। घटना 8 जनवरी रात की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कम्पनी वर्कर का डाक्टरी परीक्षण कराया है। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी फरार हो गया है। थाना क्षेत्र की एक युवती कस्बे के वार्ड संख्या आठ में रहकर उद्योग नगरी की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में वर्कर है। 8 जनवरी की रात 9 बजे थाना क्षेत्र के पचखुरा बुजुर्ग का निवासी सत्यम सिंह कमरे में घुस आया और तमंचे की नोक पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर वीडियो और फोटोग्राफ बनाकर वायरल करने की धमकी देकर चला गया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म, दलित उत्पीड़न एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर युवती को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी भूमिगत हो गया है।

# मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम में जुटा जिला प्रशासन



- विधायक खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों को करेंगे सम्मानित
- जिले के कई विकास कार्यों के लोकार्पण शिलान्यास का है कार्यक्रम
- डायट परिसर में होगा सभा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरुवार संभावित आगमन कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाने में जुटा जिला प्रशासन।

बता दे की विधायक खेल महाकुंभ के सेमीफाइनल पर खिलाड़ियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम एवं जिले में विकास कार्यों के लोकार्पण शिलान्यास के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा को लेकर संभावित मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लगा है वहीं भाजपा मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के रूपरेखा की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन वह भाजपा के सदर विधायक जिला अध्यक्ष के साथ बैठक करते हुए तैयारी में जुटा जिला प्रशासन वही बता दें कि पूर्व में ही मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना जिले के जिला प्रशासन को लग गई थी हालांकि कुछ ऑथेंटिक रिपोर्ट न मिलने पर प्रशासन अपने गति से कार्य कर रहा था वही विधायक खेल महाकुंभ विगत कई वर्षों से चल रहे जिस पर सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र देकर खेल में आमंत्रित करने का भी कार्य किया गया था जिसको लेकर चर्चाएं चल रही थी इसी दौरान मंगलवार को मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम के आगमन की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन तीव्र गति से सुरक्षा व्यवस्था हुआ अन्य दृष्टि से कार्य में लग गया तैयारी पूर्ण करने को संबंधित अधिकारियों को भी दिशा निर्देशित दिए गए उरमौरा स्थित डायट परिसर में सभा कार्यक्रम का आयोजन को लेकर डीएम एसपी सीडीओ एडीएम आलाधिकारी मौके का जायजा लिए वहीं इसके उपरांत हाइडिल मैदान विधायक खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों को सम्मानित स्थल साथ विकास कार्यों के लोकार्पण शिलान्यास व का कार्यक्रम होगा आयोजित।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने की आत्महत्या

**सुमेरपुर हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में मंगलवार की रात को 28 वर्षीय एक युवक ने गृह कलह के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बिना पुलिस को जानकारी दिए और बगैर पोस्टमार्टम के ही युवक का गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रमेश वर्मा का पुत्र रजत वर्मा रात को एक कमरे में सोया हुआ था, सुबह परिजनों ने देखा तो उनका शव रस्सी से लटक रहा था। यह मंजर देखते ही घर में कोहराम मच गया, रजत की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन अभी तक उसके बच्चे नहीं थे। वही गांव में चर्चा है कि मृतक शराब का लती था और शायद पत्नी से वाद विवाद होने से उसने यह कदम उठा लिया है मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी सहित परिवार के अन्य सदस्यों को रोता-बिलखता छोड़ दिया है। वहीं इस घटना के संबंध में थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक इस घटना की कोई सूचना पुलिस स्टेशन को प्राप्त नहीं हुई है। जबकि जानकारी मिली है कि मृतक का अंतिम संस्कार गांव में बिना पंचायतनामा और पोस्टमार्टम के ही कर दिया गया है।

## दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा अन्नदान का भव्य कार्यक्रम



**अनपरा/सोनभद्र।** दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की अध्यक्षा इन्दू सिंह ने सामाजिक कार्यो के लिए सदैव अग्रणी रही है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत मकर संक्राति के शुभ अवसर पर 14 जनवरी को अन्नदान कार्यक्रम का सफल आयोजन कर 110 संविदा श्रमिकों को अन्नदान व कम्बल वितरण किया गया है। इसके पूर्व दिशिता महिला मंडल रेनूसागर की अध्यक्षा इन्दू सिंह ने सभी लाभार्थियों कों खुशियों के साथ पर्व मनाने की शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर 110 संविदा श्रमिकों को अन्नदान व कम्बल वितरण कर अपने उद्बोधन में कहा कि खुशियाँ बाटने से ही बढ़ती है। किसी भी त्यौहार को मिलकर मनाने की भारतीय परम्परा एंव संस्कृति रही है, इससे उस पर्व का महत्व व आनन्द दोनो ही बढ़ जाता है। कार्यक्रम का संचालन दिशिता महिला मंडल रेनूसागर कि सचिव कविता श्रीमाली व सहसचिव तुलिका श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की वरिष्ट सदस्याऐं रीना जैन, विभा सिंह, लीना आनन्द, रीना पात्रा, सविता चौबे, रंजनी रूंगटा, वैष्णवी कार्तिक व अन्य सदस्याऐं प्रमुख रुप से उपस्थित थी। उपहार पाकर सभी संविदा श्रमिको के चेहरे खुशी से खिल गये और उन्होंने हृदय से दिशिता महिला मंडल रेनूसागर के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विद्यालय में पर्यावरण जागरूकता सभा का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विकास खंड बसरेहर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को पर्यावरण जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह द्वारा बच्चों को पर्यावरण के प्रति बच्चों को जागरूक करते हुए प्लास्टिक की खाली बोतलों और पॉलीथिन के कचरे का प्रयोग करते हुए ईको ब्रिक बनाना सिखाया। राम जनम सिंह ने कहा कि प्लास्टिक की खाली, बेकार बोतलों और सिंगल यूज पॉलिथीन को प्राकृतिक जल स्त्रोत या मिट्टी में जाने से रोकने के लिए जरूरी है कि उनका सही से प्रबंधन हो। हमारे देश में जिस स्तर पर प्लास्टिक रीसायकल होना चाहिए, वैसे नहीं होता है। इसलिए प्लास्टिक की बोतल, पॉलिथीन, चिप्स आदि के पैकेट्स को फिर से इस्तेमाल में लेने का अच्छा उपाय है- इको ब्रिक्स। प्लास्टिक की पुरानी-बेकार बोतलों को फेंकने की बजाय, इनमें प्लास्टिक के रैपर या कवर जैसे- चिप्स आदि के पैकेट्स या पॉलिथीन को भरकर इनका ढक्कन बंद कर हम ईको ब्रिक्स बना सकते हैं। इन बोतलों का इस्तेमाल, ईटों की जगह निर्माण कार्यों के लिए किया जा सकता है। इसलिए इन्हें 'इको-ब्रिक्स'कहते हैं। इससे आपको कम लागत में ईटें भी मिल जाती हैं और पर्यावरण भी प्रदूषित होने से बचता है। बहुत से लोग आज इको-ब्रिक्स बना रहे हैं और छोटे-बड़े निर्माण कार्यों में इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों को अपने घर और विद्यालय में ईको ब्रिक बनाने तथा पॉलीथिन का नियंत्रित इस्तेमाल करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भीषण सर्दी और गलन में भी नहीं जल रहे अलाव

**सुमेरपुर हमीरपुर।** भीषण शीतलहर के बाद मंगलवार को किसी भी सार्वजनिक स्थान पर अलाव नहीं जले। इसके पूर्व जो अलाव जलाए जा रहे थे उनमें गीली लकड़ी होने के कारण जले नहीं बल्कि सुलगते रहे। इससे लोग परेशान रहे। भीषण शीतलहर के बीच मंगलवार को अचानक नगर पंचायत के अलाव ठप हो गए। सोमवार को जिन सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलवाए गए थे। उनमें गीली लकड़ी होने के कारण यह सुलगते रहे इससे लोगों को राहत नहीं मिली। मंगलवार को रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों में अलाव नहीं जले। इससे यात्री परेशान रहे। रेलवे स्टेशन के बाहर ठिठुर रही फूला देवी, आसाराम, दयाराम, सुशील कुमार, विनोद कुमार आदि ने बताया कि गीली लकड़ी सुलग रही है पन्नी आदि डालकर जलाने का प्रयास किया था लेकिन असफल रहे है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य ने बताया कि ठेकेदार ने गीली लकड़ी की आपूर्ति करा दी थी मंगलवार को कुछ मुख्य स्थानों में अलाव जलाए गए थे। बुधवार को सूखी लकड़ी आ गयी है।

# फाइनलः गाजीपुर ने 3 विकेट से की जीत हासिल

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** विधायक खेल महाकुंभ 2024.25 में क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला ओबरा और गाजीपुर के बीच भाजपा सभासद चंद्रप्रकाश दुबे के द्वारा टास करा कर मैच का शुभारंभ किया गया,ओबरा की टीम टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खो कर 131 रन का स्कोर खड़ा किया,ओबरा की तरफ से अनुराग रघुवंशी ने 10 चौके और 2 छक्के की मदद से 37 बाल पे 61 रन तो वहीं प्रदीप ने 3 चौके की मदद से 19 रन बना कर अपनी टीम का स्कोर 131 रन पर पहुंचाया,गाजीपुर की तरफ से मोहम्मद आमिर ने 4 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट चटकाए और सुमित जायसवाल ने 4 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट चटकाए, जवाब में गाजीपुर की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र,10.4 ओवर में 7 विकेट खो कर फाइनल मैच को 3 विकेट से जीत हासिल किया, गाजीपुर की तरफ से संदीप मौर्य 5 चौके और 2 छक्के की मदद से 17 बाल पे 37 रन तो वहीं अरशद अहमद ने 1 छका लगाकर 23 रन बनाकर अपनी टीम को जीत का खिताब दिलाया, ओवरा की तरफ से सनी 4 ओवर में 10 रन देकर 2 विकेट तो वही अनुराग ने 2.4 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट चटकाए। अतः विधायक भूपेश चौबे व नगवां ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह ,जिला मंत्री संतोष शुक्ला के द्वारा आमिर रज्जा को मैन आफ द मैच व विजेता रही गाजीपुर व उपविजेता रही ओबरा की टीम को ट्राफी दिया गया,इस अवसर पर जिला मंत्री संतोष शुक्ला, मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी, नवल वाजपेई, दीपक दुबे, राजेश चौबे, सुनील सिंह,आशुतोष शुक्ला, राजन तिवारी , के द्वारा विजेता व उपविजेता के सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। अतः कल 16.01.2025 दिन गुरुवार सुबह 10 बजे को डायट परिसर में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन होना सुनिश्चित हुआ है।

# जरूरतमंदों को कम्बल वितरण व खिचड़ी भोज कराना पुण्य का कार्यः सरिता

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्री जगत जननी उमा समिति एवं श्री भोले शंकर शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में खिचड़ी भोज एवं कम्बल वितरण का कार्यक्रम भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण मुरारी गुप्ता के आवास सिविल लाइन, ईदगाह पर संपन्न हुआ, जिसमें इटावा सदर की लोकप्रिय विधायक सरिता भदौरिया, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य व पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया ने एक सैकड़ा से अधिक जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किए एवं सैकड़ों लोगों को खिचड़ी भोज कराया। इस अवसर पर सदर विधायक ने कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित ओम प्रकाश गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि बाबूजी पिछले 20 वर्षों से निरंतर गरीब, बेसहारा, विकलांगों, वृद्धों एवं विधवा महिलाओं को कंबल वितरण करने का जो कार्य कर रहे हैं और ऐसे गरीब पात्रों को ढूंढ कर लाते हैं जिन्हें सरकार भी नहीं ढूंढ़ पा रही है इसके लिए उनका बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण मुरारी गुप्ता भी समाज सेवा एवं गरीबों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं, मैं ईश्वर से कामना करती हूं कि भगवान इन्हें हमेशा शक्ति प्रदान करें ताकि यह हर गरीब, बेसहारा व निर्धन गरीब लोगों की मदद में अपनी सहभागिता करते रहें, इन्होंने जो खिचड़ी भोज कराया है यह एक सराहनीय और पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर शहर के प्रमुख व्यवसायी राजीव अग्रवाल, कपिल गुप्ता, डॉक्टर एस.सी.गुप्ता, अनंत अग्रवाल, सीए संजीव अग्रवाल, प्रोफेसर आर.के. अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल एडवोकेट, सर्वेश चौहान, राजेश गुप्ता, राजीव वर्मा, विक्रम अग्रवाल, हैप्पी जैन, विवेक रंजन गुप्ता, पंकज गुप्ता, हरि नारायण बाजपेई व विकास भदोरिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पुलिस को मिली बड़ी सफलता। डिजिटल लॉक तोड़कर कन्टेनर से मोबाइल की चोरी करने वाले गिरोह के 06 सदस्यों को किया गया गिरफ्तार। चोरों के कब्जे से चोरी किये गये 202 मोबाइल, घटना में इस्तेमाल 01 ब्रेजा कार , 10, 50, 000/-रूपये नकद एवं चोरी करने में प्रयोग किए गए अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण किए गए बरामद। एसएसपी संजय कुमार और एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन, सीओ सिटी रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में एसओजी/ सर्विलान्स टीम एवं थाना इकदिल पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही। दिल्ली से कोलकाता जा रहे इकदिल थाना क्षेत्र में नारायण ढाबा पर खड़े कंटेनर से चोरों ने यू ट्यूब की मदद से आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर मोटोरोला कंपनी के 1 करोड़ 75 लाख रुपए कीमत के 800 मोबाइल कर दिए थे पार। गंतव्य पर पहुंचे कंटेनर से गिनती के दौरान मोबाइल चोरी की हुई थी जानकारी। जीपीएस के जरिए नारायण ढाबा पर लंबे समय तक ट्रक रुके होने की हुई थी जानकारी। चोरों ने कंटेनर के डिजिटल लॉक को खोल कर बॉक्स से मोबाइल पार कर बॉक्स को दुबारा टैपिंग कर के दिया था सील।

# मौला अली के जन्मदिन पर शहर में शानो शौकत से निकला जुलूस

- जुलूसे मौला अली का हुआ जोशीला स्वागत

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जूलूसे मौला अली कमेटी शहर इटावा के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हज़रत अली के जन्मदिन पर रामगंज इमामबाड़े से जुलूस मौला अली अदबो एहतराम और शानोशौकत के साथ निकला। जुलूसे में शहर के विभिन्न मोहल्लों से अलम, जुल्फिकार, चौकियां, जरी, झंडे व झांकियां और बैंड सम्मिलित हुए। कमेटी के अध्यक्ष हाजी अजीम वारसी, सेकेटरी नदीम वारसी राजू के नेतृत्व में जुलूस मौला अली रामगंज इमामबाड़े से शुरू हुआ और कबीरगंज, झम्मल लाल करारी, रामगंज चौराहा, नेविल रोड, चिड़ीमार स्कूल, उर्दू मोहल्ला, इस्लामियां कालेज, नोरंगबाद चौराहा, पुल कहारान, तिकोनिया, पक्की सराये, नगर पालिका चौराहा, कोतवाली चौराहा, चौखर कुआं, बलदेव चौराहा, तहसील चौराहा, साबितगंज, नया शहर तिराहा, रामगंज चौराहा होकर अपने मुकाम रामगंज इमामबाड़े पर समाप्त हुआ। जुलूस मौला अली का तिकोनिया पर फरहान शकील और उनकी टीम, पक्की सराये पर शिया समुदाय के लोगों हाजी अरशद मरगूब, राहत अक़ील, नजमुल हसन, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़वी, शारिक सगीर शानू, शब्बर अक़ील, शाद हसन, राहिल सगीर, शम्स हसन, हम्माद, रानू, सोनू नक़वी, सैफ़ू, अदनान, नुसरत हुसैन, मेंहदी, अली रज़ा व साजिद अली अशरफी ने तबर्रुक(प्रसाद)वितरित कर और जुलूस कमेटी के लोगों को मालाएं व दुपट्टे पहनाकर जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके अलावा शहर में विभिन्न स्थानों पर जुलूस का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। जुलूस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। जूलूस में अध्यक्ष हाजी अजीम वारसी, सेकेटरी नदीम वारसी राजू, वाई के शफी, आले मुहम्मद (बिट्टू), मुन्ना वास्सी, जीशान वारसी, शमीम खान, जमील वास्सी शकील वास्सी, वसीम वारसी, निजामुददीन वारसी, कलीम वारसी, गुलाम वारिस वारसी, सलमान मेव, अहमद अली वारसी, सुहेल वारसी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ में आरंभ हुआ ब्रह्मचर्य दीक्षा समारोह



- श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा में शुरू हुआ दीक्षा देने का समारोह
- मकर संक्रांति के अगले दिन शुरू हुआ ब्रह्मचारी बनाने का समारोह, अखाड़े में अध्ययन के बाद समाज में जाकर धर्म का प्रचार करेंगे ब्रह्मचारी
- 33 दिनों तक नॉन स्टॉप अखंड रुद्री पाठ और ब्रह्मज्ञान ध्यान का होगा आयोजन: स्वामी आदित्यनंद
- एशिया बुक ऑफ रिकॉर्डस, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस और इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान बनाने का होगा प्रयास

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** महाकुम्भ प्रयागराज में लगे मेला परिसर में स्थित ब्रह्मचारियों के अखाड़े श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा में बुधवार को दीक्षा समारोह शुरू हो गया। मकर संक्रांति के अगले दिन अखाड़े में ब्रह्मचारियों के दीक्षा की प्रक्रिया शुरू की गई है। आदि गुरु शंकराचार्य की परंपरा से चतुर्नाम के ब्रह्मचारी इस अखाड़े में रहते हैं। प्रकाश, स्वरूप, चैतन्य और आनंद, जो एक-एक शंकराचार्य का प्रतिनिधित्व इस अखाड़े में करते हैं। चारों वेदों का अखाड़े में अध्ययन किया जाता है, जिससे वे समाज में जाएं और धर्म का प्रचार प्रसार करें।

श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा के महामंडलेश्वर संपूर्णानंद महाराज ने बताया कि इस अखाड़े में लाखों ब्रह्मचारी हैं। जो यहां ब्रह्मचारी की दीक्षा लेने के लिए आयेगा, वह पहले अखाड़े की और सनातन धर्म की परंपराओं को समझेगा। जब अखाड़े के पंचों को लगता है कि वह ब्रह्मचारी बनने के लिए परिपक्व है तो उसे ब्रह्मचारी के रूप में दीक्षित किया जाता है।

संपूर्णानंद महाराज के अनुसार ब्रह्मचारी वह है जो धर्म का पालन करता है। जो सनातन धर्म की व्याख्या और प्रचार करेगा, उसे ब्रह्मचारी बनाएंगे। जो गृहस्थ से दूर हैं, वे यहां आते हैं। यहां बहुत सारे ब्रह्मचारी दीक्षित हुए और उन्होंने सामाजिक उपाधियां प्राप्त की। ब्रह्मचारियों को सभापति, महामंत्री, सचिव, श्रीमहंत, महंत, थानापति, कोतवाल, पुजारी पदों पर योग्यता के अनुसार नियुक्त किया जाता है।

वहीं दूसरी ओर मेले क्षेत्र में आज दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) के भव्य और दिव्य शिविर का उद्घाटन हुआ। 9 एकड़ का यह विशाल शिविर सेक्टर-9, गंगेश्वर बजरंगदास चौराहा पर स्थित है। इस उद्घाटन और प्रेस वार्ता समारोह में संस्थान के अध्यक्ष स्वामी आदित्यनंद, सचिव स्वामी नरेंद्रानंद एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ-साथ वीएचपी अध्यक्ष दिनेश चंद्र की भी उपस्थिति रही।

इस उद्घाटन ने 33 दिनों के विभिन्न आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच तैयार किया, जिनमें सनातन परंपराओं को आधुनिकता के साथ मंचित किया जाएगा। हजारों भक्त, आध्यात्मिक साधक और गणमान्य लोग इस भव्य शुभारंभ को देखने के लिए एकत्र हुए। इसकी शुरुआत 100 से अधिक ब्रह्मज्ञानी वेदपाठियों के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई।

स्वामी आदित्यानंद ने बताया कि उनके कुंभ शिविर में भारत और विदेशों से लगभग 15 से 20 लाख आगंतुकों के आने की उम्मीद है। 33 दिनों (15 जनवरी से 16 फरवरी) के दौरान, 150 से अधिक कार्यक्रमों जैसे कथाएँ, युवा उत्सव, कार्यशालाएँ, वैदिक मंत्रोच्चारण, यज्ञादि कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें संस्थान के 20,000 से अधिक स्वयंसेवकों और संन्यासियों की भागीदारी होगी। सभी आयोजन सनातन धर्म के सर्वोपरि विज्ञान ब्रह्मज्ञान को श्रद्धालुओं के समक्ष उजागर करने का प्रयास करेंगे।

साध्वी तपेश्वरी भारती, प्रवक्ता, डीजेजेएस ने बताया कि कार्यक्रमों की अतिथि सूची में आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, रवि किशन, लोकसभा सांसद एवं अभिनेता, अनुराग ठाकुर, सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सौरभ राज जैन, अभिनेता, मशहूर गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी, निष्ठा शर्मा, गायिका, यूट्यूबर, सरेगामापा ओजी 2023 और द वॉयस इंडिया किड्स 2016 की विजेता, संजीव सान्याल, लेखक, एवं ईएसी-पीएमओ सदस्य, साइको शायर- अभि मुंडे, शांतनु गुप्ता, वीएचपी संरक्षक और महाकुंभ मेला प्रशासन टीम के साथ ही मनोरंजन, राजनीति और सोशल मीडिया की कई और हस्तियाँ भी शामिल होंगी।

## अमृत स्नान के बाद सफाई अभियान शुरू

- दो दिन में 5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान के बाद युद्धस्तर पर सफाई अभियान जारी
- घाटों की सफाई पर विशेष ध्यान, पूरे मेला क्षेत्र को किया जा रहा क्लीन
- स्नान के लिए आ रहे श्रद्धालुओं से भी स्वच्छता बनाए रखने की हो रही अपील



**महाकुम्भ नगर।** पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान के बाद महाकुम्भ क्षेत्र को स्वच्छ करने के लिए बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया गया है। घाटों पर गंदगी को तेजी से साफ किया जा रहा है। सफाई कर्मी लगातार घाटों पर तैनात हैं और हर प्रकार की गंदगी को हटाने का कार्य जारी है। वहीं, शौचालयों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने इस बार महाकुम्भ को स्वच्छ महाकुम्भ के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में इस बार स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया है। विगत 2 दिनों में महाकुम्भ में 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जिसके बाद मेला प्रशासन ने स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

मेला क्षेत्र में बचे कचरे को हटाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई सामग्रियों को एकत्र कर उचित स्थान पर निस्तारित किया जा रहा है। एकत्रित कचरे को काले लाइनर बैग में जमा कर निस्तारित किए जाने की योजना पर तेजी से कार्य चल रहा है।

मेले के दौरान उपयोग किए गए शौचालयों की सफाई बड़े स्तर पर हो रहीहै। स्वच्छता कर्मचारियों की अतिरिक्त टीमों को इस कार्य में लगाया गया है। पार्किंग से लेकर घाटों तक स्थापित किए गए शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विगत दो दिनों में बड़ी संख्या में इन शौचालयों का उपयोग किया गया है, जिसके बाद इन्हें फिर से उपयोग में लाए जाने के लिए की आवश्यकता को देखते हुए मेला प्रशासन ने उचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेला क्षेत्र में गंदगी न फैलाएं। उचित स्थानों पर कचरा डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। घाटों पर स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार श्रद्धालुओं से यह अपील की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी प्रशासन की अपील पर सहयोग करते हुए कचरे को घरों पर स्थापित डस्टबिन में ले जाकर डाल रहे हैं।

## छावनी प्रवेश यात्रा में मॉडल को रथ पर बैठाने पर भड़के संत



**प्रयागराज/लखनऊ।** महाकुंभ में छावनी प्रवेश यात्रा के दौरान मॉडल वर्षा रिछारिया को रथ पर बैठाने को लेकर विवाद छिड़ गया है। शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने विरोध जताते हुए कहा है कि यह उचित नहीं है। इससे समाज में गलत संदेश फैलता है। धर्म को प्रदर्शन का हिस्सा बनाना खतरनाक है। साधु-संतों को इससे बचना चाहिए, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।ज्ञात हो कि 4 जनवरी को महाकुंभ के लिए निरंजनी अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा निकली थी। उस वक्त 30 साल की मॉडल हर्षा रिछारिया संतों के साथ रथ पर बैठी नजर आई थीं। यात्रा के दौरान हर्षा रिछारिया से पत्रकारों ने साध्वी बनने पर सवाल किया था। इस पर हर्षा ने बताया था कि मैंने सुकून की तलाश में यह जीवन चुना है। मैंने वह सब छोड़ दिया, जो मुझे आकर्षित करता था। इसके बाद हर्षा सुर्खियों में आ गई। वह ट्रोलर्स के भी निशाने पर हैं। मीडिया चैनल ने उन्हें सुंदर साध्वी का नाम भी दे दिया। इसके बाद हर्षा फिर से मीडिया के सामने आई। उन्होंने कहा कि मैं साध्वी नहीं हूं। मैं केवल दीक्षा ग्रहण कर रही हूं।

### सनातन धर्म की हुई लॉरेन जॉब्स, आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि ने दिया बीजमंत्र



महाकुम्भ मेला क्षेत्र में एप्पल कंपनी के मालिक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन जॉब्स ने बुधवार को पंचायती अखाड़ा निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से दीक्षा ले ली। निरंजनी पीठाधीश्वर ने उन्हें मां काली का बीज मंत्र दिया और आशीर्वाद दिया। मंत्र लेने के साथ ही लॉरेन पॉवेल सनातन धर्म की हो गई हैं। महाकुम्भ मेला में आई एप्पल कंपनी के मालिक की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स पिछले कुछ दिनों से चर्चा में हैं। निरंजनी पीठाधीश्वर के साथ उनके शिविर में आई और यहीं पर ठहरीं हैं। लॉरेन को मकर संक्रांति का स्नान करना था, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वो स्नान नहीं कर सकीं। बुधवार सुबह उन्होंने अपने गुरु स्वामी कैलाशानंद के शिविर में पूजा की। यज्ञ में शामिल हुईं। इसके बाद गुरु ने उनके ऊपर गंगा जल छिड़क कर उन्हें मां काली का बीज मंत्र दिया और दीक्षा दी। लॉरेन को स्वामी कैलाशानंद पूर्व में ही कमला नाम दे चुके हैं। साथ ही अपना गोत्र भी दे चुके हैं। दीक्षा लेने के बाद लॉरेन अब सनातन धर्म के नियमों का पालन करेंगीं। दूसरी बार भारत आई लॉरेन अब जब भी यहां आएंगी कमला नाम से ही जानी जाएंगी।

## मौनी अमावस्या पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना, युद्धस्तर पर करें तैयारी : मुख्यमंत्री

- सीएम ने की महाकुम्भ के तीन दिनों की व्यवस्थाओं की समीक्षा
- रेलवे से समन्वय बनाकर सतत और समयबद्ध कराएं ट्रेनों का संचालन, बेहतर हो मोबाइल नेटवर्क : योगी
- बोले मुख्यमंत्री, हर सेक्टर में 24म7 जारी रहे बिजली और पानी की आपूर्ति, घाटों की हो बेरिकेडिंग
- मुख्यमंत्री का निर्देश, हर जिले से चलाई जाए बसें, प्रयागराज में ई-बसें, शटल बसें लगातार चलती रहें



**लखनऊ/प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाये जाने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीते 03 दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पौषपूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पर 06 करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की आवश्यकता है।

उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुम्भ स्पेशन ट्रेनों का समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित और विशेष ट्रेनों का संचालन लगातार किया जाता रहे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इनकी संख्या को बढ़ाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने मेलाक्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की जरूरत भी बताई, साथ ही बसों, शटल बसों और इलेक्ट्रिक बसों का संचालन लगातार कराए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शौचालयों की नियमित सफाई की जाए, घाटों की बेरिकेटिंग हो और सभी सेक्टरों में 24म7 बिजली और पेयजल आपूर्ति की जानी चाहिए।

बैठक में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सचिव गृह व सूचना, प्रमुख सचिव नगर विकास, चेयरमैन पॉवर कॉर्पोरेशन और निदेशक सूचना सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### 10 देशों का दल महाकुम्भ का करेगा भ्रमण

- दल में शामिल कुल 21 अंतर्राष्ट्रीय मेहमान गुरुवार को संगम में लगाएंगे पवित्र डुबकी
- संगम स्नान के बाद महाकुम्भ क्षेत्र का कराया जाएगा हवाई भ्रमण

**महाकुम्भनगर।** योगी सरकार द्वारा भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन अब पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 10 देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन द्वारा आमंत्रित 10 देशों का 21 सदस्यीय दल बुधवार को पहुंच रहा है। इस दल के आवास की व्यवस्था अरैल क्षेत्र स्थित टेंट सिटी में की गई है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्मित किया गया है।

बुधवार को दल के महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भ्रमण का कार्यक्रम है। शाम 5:00 बजे से 6:30 बजे तक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया है, जिसमें दल के सदस्य प्रयागराज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का अनुभव करेंगे। रात में टेंट सिटी टमें रात्रि भोजन और विश्राम की व्यवस्था की गई है। अंतर्राष्ट्रीय दल गुरुवार, 16 जनवरी को सुबह 8:00 बजे त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। इसके बाद नाश्ते के पश्चात 9:30 बजे दल के सदस्यों को हेलीकॉप्टर से महाकुम्भ क्षेत्र का हवाई अनुभव कराया जाएगा। भ्रमण कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे समाप्त होगा और दल एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा।

# एक बार फिर नये कलेवर में नज़र आएगा हज़रतगंज

- मण्डलायुक्त ने हजरतगंज व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की
- फसाड व साइनेज बोर्ड के रंग और आकार में एकरूपता लाई जाएगी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ का दिल हजरत एक बार फिर नये कलेवर में नजर आएगा। हजरतगंज की इमारतों के रंग-रूप से अवध का अंदाज बयां होगा। इसके लिए सभी इमारतों के फसाड व साइनेज बोर्ड के रंग और आकार में एकरूपता लाई जाएगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को प्राधिकरण के पारिजात सभागार में हजरतगंज व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान व्यापारियों ने हजरतगंज के लिए डिजाइन की गयी फसाड कंट्रोल गाइडलाइन को सहमति प्रदान की। बैठक में प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह सहित अन्य अधिकारी व अभियंतागण उपस्थित थे। बैठक में व्यापारियों के सामने फसाड कंट्रोल गाइडलाइन का प्रस्तुतिकरण दिया गया, जिसमें भवनों व साइनेज बोर्ड के कलर पैलेट आदि पर चर्चा की गयी। मण्डलायुक्त ने बताया कि वर्तमान में इमारतों का जो रंग हैं उसमें मामूली बदलाव किया गया है। फसाड कंट्रोल गाइडलाइन व्यवस्था लागू होने से हजरतगंज मार्केट हेरिटेज लुक में उभर कर सामने आएगा, जो पर्यटकों को आकर्षित करेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कहा कि वर्तमान में कुछ प्रतिष्ठानों में एक से अधिक और अलग-अलग रंग व आकार के साइनेज बोर्ड लगे हैं, जिससे हजरतगंज मार्केट का फसाड प्रभावित होता है। उन्होंने व्यापारियों से अपने स्तर से फसाड कंट्रोल गाइडलाइन का पालन करते हुए साइनेज बोर्ड को व्यवस्थित करने और बेतरतीब ढंग से लगी होर्डिंग्स को हटवाने में प्राधिकरण का सहयोग की अपील की। व्यापारियों ने अपनी सहमति जताते हुए अपने स्तर से काम कराने को कहा। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण हजरतगंज में सौंदर्यीकरण कराएगा। इसमें रेलिंग, बेंच व बोलार्ड की नये सिरे से पेंटिंग के साथ आकर्षक डस्टबिन लगवाए जाएंगे। बैठक में व्यापारियों ने बताया कि मेट्रो निर्माण के वक्त सीवेज व ड्रेनेज की समस्या रह गयी थी। इसके अलावा तारों को अण्डरग्राउण्ड करने व साफ-सफाई की समस्या है, जिसे जनहित में ठीक कराने की जरूरत है। मण्डलायुक्त ने जलकल व लेसा अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर समस्या दूर करने के निर्देश दिये। उन्होंने व्यापारियों को बताया कि इसी महीने से रामको कम्पनी नयी मशीनरी व स्टाफ से साफ-सफाई की व्यवस्था शुरू करेगी, जिससे समस्या दूर हो जाएगी।

# मंदार महोत्सव में नीतू नवगीत ने विवाह गीत गाकर बांधा समां

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** बांका जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित मंदार महोत्सव में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने पारंपरिक गीतों के माध्यम से रंग जमाया। डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने मंगल के दाता रउवा, कहे तोसे सजना, कोहबर गीत, विवाह गीत , गंगा गीत, भिखारी ठाकुर एवं महेन्द्र मिश्र के गीत जैसे पनिया के जहाज़ से, डगरिया जोहत ना हो और डिम डिम डमरू बजावेला हमार जोगिया गाकर उपस्थित श्रोताओं का मन मोहा। महोत्सव में सामयिक परिवेश की ओर से लोकगायक राजेश केशरी ने जय जय भैरवी असुर भयाउनि, मधुबन खुशबू देता है सागर सावन देता है, गौरिया चाँद के अंजोरिया नियन गोर बाड़ू हो, लाले लाले होठवा से जैसे गीत गाकर वाहवाही लूटी। अपर समाहर्ता राजीव कुमार ने डॉ. नीतू नवगीत को सम्मानित किया। मिथुन ने नाल, प्रदीप ने पैड एवं मुकेश ने आर्गन पर साथ दिया।

### अजय राय ने बसपा सुप्रीमो को जन्मदिन की दी बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जन्मदिन पर शुभकामना दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। श्री राय ने मायावती को पुष्पगुच्छ भिजवाया और अपना शुभकामना संदेश भिजवाया। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बुधवार को नई दिल्ली स्थित कांग्रेस के नयी कार्यालय के उद् घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली में हैं। श्री राय के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल ने माल एवेन्यू स्थित पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के आवास पहुंच कर श्री राय की ओर से उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में कार्यालय के सहायक स्थायी मंत्री द्वारिका प्रसाद शुक्ला, राकेश कुमार, रेहान अली और रविचन्द्र शामिल थे।

# एलडीए ने अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ की कार्रवाई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई की। इस दौरान सरोजनीनगर, आशियाना, नीलमथा, सुशांत गोल्फ सिटी और बाजारखाला में अवैध रूप से 7 व्यवसायिक निर्माणों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि अमित अग्रवाल व अन्य की ओर से आशियाना के सेक्टर-एच के पास पकरीखेड़ा में भूखण्ड संख्या 570/09 पर लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल में व्यवसायिक कॉम्पलेक्स, ज्ञानचन्द्र यादव व अन्य की ओर से नीलमथा के विजय नगर में विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे लगभग 600 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यवसायिक निर्माण, अंशुमान व अन्य की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में कैलाश इन्क्लेव के सामने मुख्य फुलवारी रोड पर लगभग 3000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे तीनों अवैध निर्माणों को प्रवर्तन टीम ने सील कराया। प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि बजरंग यादव व अन्य की ओर से सरोजनीनगर के अनौरा में टी.एस. मिश्रा रोड पर लगभग 140 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यवसायिक निर्माण और कान्ती यादव, अजीत यादव व अन्य की ओर से लगभग 225 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भवन तथा नीरज यादव व अन्य की ओर से लगभग 140 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा था। तीनों निर्माणों को प्रवर्तन टीम ने सील कराया। इसी तरह प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि दीपक लकवानी व अन्य की ओर से बाजारखाला में प्रकाश इण्टरप्राइजेज के बगल में लगभग 60 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकान का निर्माण कराया जा रहा था।

### मजलिस आज

**लखनऊ।** स्वर्गीय हुसैन मसीह, स्वर्गीय मेहरआरा बेगम और स्वर्गीय सकीना बेगम के ईसाले सवाब के लिए गुरुवार को मजलिस आयोजित होगी। स्वर्गीय के पुत्र साबिर हुसैन ने बताया कि गुरुवार को शाम 7 बजे हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित रौजए हजरत अली में तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को मौलाना सईदुल हसन नकवी खिताब करेंगे।

### प्लेवे हाई स्कूल की प्रबंध निदेशिका का निधन

**लखनऊ।** प्लेवे हाई स्कूल, लखनऊ की प्रबंध निदेशिका बेगम गुलज़ार हसन का निधन सिटी स्टेशन के पास स्थित सहर नर्सिंग होम, लखनऊ में हो गया। बेगम गुलज़ार हसन मरहूम नवाब रज़ा हसन ख़ान की पत्नी,राजकुमार अमीर नक़ी ख़ान ऑफ़ महमूदाबाद की बहन व प्रोफेसर अली हामिद की भाभी थीं। स्वर्गीया की बड़ी बेटी व प्लेवे स्कूल की प्रिंसिपल नसीमा रज़ा व मरहूमा के दामाद नवाबज़ादा सैयद मासूम रज़ा, एडवोकेट ने बताया कि स्वर्गीया को तालकटोरा करबला स्थित क़ब्रिस्तांस में सपुर्दे ख़ाक किया गया। मरहूमा की नमाज़े जनाज़ा और मजलिस को मौलाना अरशद हुसैन ने अदा की। मरहूमा के इसाले सवाब की मजलिसे पंजुम 16 जनवरी को चौक मंडी, लखनऊ स्तिथ इमामबाड़ा ग़ुफ़रानमाआब में सुबह 10 बजे होगी।

### पर्यटन मंत्री कल से मैनपुरी, फिरोजाबाद के भ्रमण पर

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह 16 जनवरी से 19 जनवरी तक फिरोजाबाद, मैनपुरी के भ्रमण पर रहेंगे। इस अवधि के दौरान वह दोनों जनपदों में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री प्रातः लखनऊ से प्रस्थान कर दोपहर तक श्रीदेवी मेला नुमाइश पंडाल मैनपुरी पहुचेंगे। वहां पर मा0 मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने नया 2025 डियो लॉन्च किया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज डियो का नया वर्जन लॉन्च किया, जो OBD2B मानकों का अनुपालन करता है और कई उन्नत फीचर्स से लैस है। इसे युवाओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। 2025 होंडा डियो की शुरुआती कीमत Rs. 74,930 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) है। नई डियो के लॉन्च के मौके पर, एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ सुतसुमु ओटानी ने कहा, ''डियो हमेशा से जोश और नवाचार का प्रतीक रहा है। 2025 डियो में हमने आधुनिक टेक्नोलॉजी, बेहतर प्रदर्शन और पर्यावरण के अनुकूल फीचर्स को जोड़ा है, जिससे यह स्कूटर का अनुभव नए स्तर पर पहुंचाता है। डियो की मूल मोटो स्कूटर की अवधारणा को बरकरार रखते हुए, हमने इसे और उन्नत बनाया है। हमें पूरा विश्वास है कि नया डियो भारतीय युवाओं की पहली पसंद बना रहेगा। इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर अनुज माथुर ने कहा, हमारा उद्देश्य ऐसा परिवहन समाधान प्रदान करना है जो हमारे ग्राहकों के जीवन को और बेहतर बनाए। 2025 डियो स्टाइल, टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल है। इसका OBD2B मानकों का अनुपालन करने वाला इंजन न केवल नए उत्सर्जन मानकों के अनुकूल है, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन और बेहतर ईंधन क्षमता भी सुनिश्चित करता है। यह मोटो स्कूटर हमारी टैगलाइन 'डियो वान्ना हैव फन' के अनुरूप है, जो राइडिंग का रोमांच और नई पीढ़ी की उम्मीदों को पूरा करता है।



#### नया डियो: हाई-टेक फीचर्स और आकर्षक रंगों का संगम

2025 होंडा डियो में कई उन्नत फीचर्स जोड़े गए हैं, जो राइडिंग अनुभव को और भी बेहतर बनाते हैं। इसका 109.51cc सिंगल-सिलेंडर पीजीएम-एफआई इंजन अब OBD2B मानकों के अनुसार है। यह इंजन 5.85 kW पावर और 9.03 Nm टॉर्क देता है। साथ ही, इसमें ईंधन बचाने के लिए आइडलिंग स्टॉप सिस्टम का फीचर जोड़ा गया है।